VPL

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

वर्ष 10 अंक 281
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, शनिवार
19 जुलाई 2025
मूल्य: 4 रुपये

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 चांदनी चौक इलाके में निर्माण पर रोक के बावजूद एक ईंट भी रखने..
06 बेतवामैया उद्गम पर पुनर्प्रवाहित-अनूठा प्रयास : डॉ.सुरेश गर्ग
11 लॉर्ड्स टेस्ट में अपनी जुझारू पारी के लिए भारत के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी बने जडेजा

निर्माता: कपिला कृषि उद्योग लि.
दूध बहेगा, मुनाफा बढ़ेगा..
मिल्कोमोर पशु आहार
मिल्कोफ़ीड आया भूसे का बाप
Badho
दुकानदार भाई! Badho App से ऑर्डर लगायें और पायें हर ऑर्डर पर आकर्षक स्कीम
Order Now
अभी Badho App डाउनलोड करें Google Play App Store
संपर्क करें
9310500105
विश्वसनीयतम उत्पाद | सबसे ज्यादा पोषण 75% | अच्छा स्वास्थ्य | ज्यादा दूध | लंबी आयु

"जीवन की राहों में मुश्किलें तो आएंगी, पर उनसे सीखकर आगे बढ़ना ही असली जीत है।"
Saurabh Shivhare

# प्रधानमंत्री ने बंगाल में करीब 5400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया

**दुर्गापुर** (पश्चिम बंगाल), (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में 5,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें तेल एवं गैस, बिजली, रेल और सड़क से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, संपर्क और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है।



पश्चिम बंगाल के औद्योगिक शहर दुर्गापुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आज विश्व भारत के 'विकसित राष्ट्र' बनने के संकल्प पर चर्चा कर रहा है और देश के बुनियादी ढांचे में हो रहा परिवर्तन इस दृष्टिकोण का एक प्रमुख आधार है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''आज पूरी दुनिया विकसित भारत के संकल्प पर चर्चा कर रही है। इसके पीछे भारत में दिख रहे बदलाव हैं, जिनपर विकसित भारत की इमारत खड़ी हो रही है। इन बदलावों का एक बड़ा पहलू भारत का बुनियादी ढांचा है।''

मोदी ने अपनी सरकार के 'एक राष्ट्र, एक गैस ग्रिड' के दृष्टिकोण को दोहराते हुए कहा कि 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' परियोजना की परिकल्पना समतापूर्ण ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित करने और पूर्वी भारत में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए की गई थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मंत्र वाली परियोजनाएं बंगाल की अर्थव्यवस्था को और विकसित करने में मदद करेंगी। उन्होंने कहा, 'इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।'

मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित देश के सभी राज्य गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक पक्के मकान, करोड़ों शौचालय, हजारों किलोमीटर नई सड़कें और राजमार्ग, नई रेलवे लाइन, छोटे शहरों में हवाई अड्डे और गांवों में इंटरनेट संपर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, ''बंगाल में रेल संपर्क के लिए काफी काम किया गया है और यह उन राज्यों में से एक है, जहां बड़ी संख्या में वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं और कोलकाता मेट्रो का तेजी से विस्तार हो रहा है।'

मोदी ने कहा कि नई रेलवे लाइन बिछाई जा रही हैं, कई रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और रेलवे ऊपरगामी पुल बनाए जा रहे हैं। 'इन सबसे बंगाल के लोगों का जीवन आसान होगा।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल के हवाई अड्डों को उड़ान योजना से जोड़ा गया है, जिसमें पिछले एक साल में पांच लाख से अधिक यात्री यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने कहा, ''गैस उपलब्धता के क्षेत्र में पिछले 10 से 12 वर्षों में जो काम हुआ है, वह पहले कभी नहीं हुआ। पिछले दशक में एलपीजी कनेक्शन लाखों घरों तक पहुंचा है।''

मोदी ने कहा कि पूर्वी भारत के छह राज्यों में गैस पाइपलाइन बिछाई जा रही है। उन्होंने कहा, ''मुझे खुशी है कि औद्योगिक शहर दुर्गापुर राष्ट्रीय गैस ग्रिड का हिस्सा बन गया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इस गैस आपूर्ति परियोजना से बंगाल में 25 से 30 लाख घरों को सस्ती गैस मिलेगी और इससे दुर्गापुर और रघुनाथपुर के उद्योगों को सहूलियत होगी। उन्होंने कहा, ''ये कारखाने अब विश्व के साथ प्रतिस्पर्धा करने में अधिक कुशल हो गए हैं।''

प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि भारत 2047 तक एक विकसित देश बन जाएगा। उन्होंने कहा, ''हमारा आगे का रास्ता विकास के माध्यम से सशक्तीकरण, रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता और करुणा के माध्यम से सुशासन है। इन आदर्शों के साथ, हम निश्चित रूप से बंगाल को भारत के विकास का इंजन बनाएंगे।''

बंगाल में अपने कार्यक्रमों के तहत प्रधानमंत्री ने बांकुड़ा और पुरुलिया जिलों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की 1,950 करोड़ रुपये की शहरी गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखी।

# पूर्वी भारत के विकास के लिए विकसित बिहार जरूरी: मोदी

**मोतिहारी**, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर करारा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि उसने नौकरियों के झूठे वादे करके गरीबों की जमीन हड़प ली।



मोदी ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले की ओर इशारा करते हुए यह आरोप लगाया। साथ ही, उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत के विकास के लिए विकसित बिहार जरूरी है। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मोतिहारी में प्रधानमंत्री ने नया नारा दिया, "बनाएंगे नया बिहार, फिर एक बार एनडीए सरकार।" उन्होंने कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल(राजद) गठबंधन पर गरीबों और सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के नाम पर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने "अतीत में राज्य की उपेक्षा" के लिए विपक्षी गठबंधन को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने बिहार की धरती से 'ऑपरेशन सिंदूर' का संकल्प लिया था और दुनिया ने इसकी सफलता देखी है।

मोदी ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले की ओर इशारा करते हुए कहा, "राजद युवाओं को रोजगार देने के बारे में सोच भी नहीं सकता, क्योंकि उन्होंने (राजद नेताओं) नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके गरीबों की जमीन हड़प ली।" उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में राजद-कांग्रेस शासन के दौरान विकास कोसों दूर था।

प्रधानमंत्री ने कहा, "उन्होंने कभी गरीबों की भलाई के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने केवल गरीबों और सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के नाम पर राजनीति की।" युवाओं के लिए और अधिक अवसरों का वादा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश भर में नौकरियां और रोजगार के अवसर मुहैया करने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। मोदी ने यह भी कहा कि पूर्वी भारत के समग्र विकास के लिए विकसित बिहार जरूरी है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य के समग्र विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "पिछले 45 दिन में, सरकार ने बिहार में 24,000 स्वयं सहायता समूहों के लिए 1,000 करोड़ रुपये जारी किए हैं। देश में कुल 1.5 करोड़ लखपति दीदियों में से 20 लाख राज्य में हैं।"

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, "चंपारण ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी के आंदोलन को एक नयी दिशा दी और अब हमें मोतिहारी को मुंबई की तरह विकसित करना है।" इससे पहले, प्रधानमंत्री ने पूर्वी चंपारण जिले में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। ये परियोजनाएं रेल, मत्स्य पालन और अन्य क्षेत्रों से संबंधित हैं।

RERA REGISTRATION NO.: RC/REP/HARERA/GGM/831/563/2024/58 DATED 03.06.2024 (WWW.HARYANARERA.GOV.IN)
SIGNATURE GLOBAL
Titanium SPR
SECTOR 71, GURUGRAM
3.5 & 4.5 BHK
UBER LUXURIOUS CONDOMINIUMS
SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121


## न्यूज ब्रीफ

### झारखंड में स्कूल भवन की छत गिरने से एक व्यक्ति की मौत, तीन अन्य घायल

रांची, (भाषा) झारखंड के रांची में लगातार बारिश के बीच एक सरकारी स्कूल की छत का एक हिस्सा ढहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन लोग लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सुबह साढ़े सात बजे यह घटना हुई। एक अधिकारी ने बताया कि पिस्का मोड़ इलाके के तंगरा टोली में स्थित स्कूल के मलबे में फंसे तीन लोगों को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुखदेव नगर थाने के प्रभारी मनोज कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "एक सरकारी स्कूल की इमारत की छत का एक हिस्सा ढहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हमारी एक टीम बचाव अभियान के लिए वहां पर मौजूद है।"

# पश्चिम बंगाल: झाड़ग्राम में एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से तीन हाथियों की जान गई

**झाड़ग्राम**, (भाषा) पश्चिम बंगाल के पश्चिमी मिदनापुर जिले में बांसतला रेलवे स्टेशन के पास एक एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर तीन हाथियों की जान चली गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



पुलिस के मुताबिक यह घटना बृहस्पतिवार की रात को उस समय घटी जब हाथियों का एक झुंड वहां से गुजर रहा था। उसने बताया कि हाथियों का झुंड संभवतः झारखंड के दलमा जंगल से आया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि खड़गपुर-टाटानगर सेक्शन पर तेज गति से आ रही जनशताब्दी एक्सप्रेस ने तीन हाथियों को पटरी पर कुचल दिया। उन्होंने बताया कि उस इलाके से 30 हाथियों का झुंड गुजरने के कारण कुछ समय तक मृत हाथियों के पास तक जाना मुश्किल हो गया था। मुख्य वन संरक्षक एस कुलंदैवे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी और रेलवे को झुंड की आवाजाही से तीन घंटे पहले सूचित करने के बावजूद, इस त्रासदी को टाला नहीं जा सका। उन्होंने कहा, ''झारखंड के दलमा वन क्षेत्र से पश्चिम बंगाल के इस हिस्से में आने वाले हाथियों के झुंडों का यह सामान्य गलियारा है और मानक प्रोटोकॉल के अनुसार, वन और रेलवे अधिकारियों का एक समूह स्थिति पर नजर रखता है ताकि कोई दुर्घटना न हो। प्रभागीय वन अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और हम ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।'' एक अन्य वन अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर हाथियों के अवशेष बिखरे पड़े थे, जिससे पता चलता है कि पहले ट्रेन की चपेट में आने के बाद, तीन हाथियों में से कम से कम एक को उसी पटरी पर या बगल वाली पटरी पर ट्रेन ने टक्कर मारी और उसे घसीटता हुआ चला गया। कुलंदैवे ने कहा कि रेलवे के साथ समन्वय को मजबूत करने के अलावा, वन विभाग स्थानीय लोगों को भी इसमें शामिल कर रहा है, जो इस क्षेत्र में झुंडों की आवाजाही से परिचित हैं और क्षेत्र में वन्यजीवों को बचाने में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।

# ओमन चांडी केवल व्यक्ति नहीं, केरल की राजनीति की अभिव्यक्ति थे : राहुल गांधी

**कोट्टायम (केरल)**, (भाषा) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी के दिग्गज नेता, दिवंगत ओमन चांडी एक व्यक्ति नहीं, बल्कि केरल की राजनीति की अभिव्यक्ति थे।

गांधी ने कहा कि चांडी ने सबसे क्रूर अनुचित राजनीतिक हमलों में से एक का सामना करने के बावजूद राज्य के लोगों के लिए ''अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।''

राहुल ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा कि चांडी का एक सरल लक्ष्य था - ऐसे नेताओं की एक नयी पीढ़ी तैयार करना जो करुणा, विनम्रता और भावना की राजनीति के साथ काम करें। इससे पहले दिन में, पूर्व मुख्यमंत्री चांडी की दूसरी पुण्यतिथि पर आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा के बाद राहुल ने कांग्रेस के दिग्गज नेता पर हुए राजनीतिक हमले को ''आपराधिक'' करार दिया।



लोकसभा में विपक्ष के नेता ने करोड़ों रुपये के सौर ऊर्जा घोटाले का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए कहा, ''उनके (चांडी) बारे में लगातार झूठ बोला गया।'' चांडी के कार्यालय के तीन कर्मचारियों पर एक महिला और उसके पुरुष साथी द्वारा सौर पैनल समाधान का झांसा देकर कई लोगों से करोड़ों रुपये की कथित ठगी में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। महिला ने चांडी और के.सी. वेणुगोपाल सहित कुछ अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं पर उसका यौन शोषण करने का भी आरोप लगाया था। हालांकि, उसके आरोपों की जांच करने वाली सीबीआई ने सभी को क्लीन चिट दे दी थी।

राहुल ने कहा कि जब चांडी इन आरोपों का सामना कर रहे थे, तब उन्होंने उनसे नियमित रूप से बात की थी, लेकिन कांग्रेस के इस दिग्गज नेता ने कभी किसी के बारे में गुस्से से बात नहीं की। उन्होंने कहा, ''वह हमेशा संतुलित, विनम्र और राज्य के लोगों के हितों के लिए काम करने वाले रहे।''

राहुल ने कहा कि उन्होंने चांडी से बहुत कुछ सीखा है और उनकी आकांक्षा है कि कांग्रेस के इस दिग्गज जैसे ज्यादा से ज्यादा लोग आगे आएं, क्योंकि केरल में ऐसे लोगों की 'परंपरा' रही है। रायबरेली (उत्तर प्रदेश) से कांग्रेस सांसद ने कहा, ''चांडी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि केरल की राजनीति की अभिव्यक्ति थे। मैंने उन्हें सचमुच राज्य के लोगों के लिए खुद को खत्म करते देखा है।''

राहुल ने चांडी को 'राजनीतिक समझ का उस्ताद' भी बताया।विपक्ष के नेता ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सच्ची राजनीति ''यह नहीं है कि आप क्या कहते हैं या क्या सोचते हैं, बल्कि यह है कि आप लोगों की भावनाओं को महसूस करने में सक्षम हैं।''

उन्होंने कहा, ''ओमन चांडी जी इसी के प्रतीक थे। उन्होंने खुद को पूरी तरह से केरल के लिए समर्पित कर दिया - बिना किसी क्रोध, लालच या भय के। 'स्मृति संगमम' में, मैंने उनकी अनुपस्थिति को गहराई से महसूस किया, लेकिन साथ ही लोगों के स्नेह और उनके (चांडी) नाम पर घर सौंपने की खुशी में उनकी भावना को भी महसूस किया।'

अपने भाषण के दौरान, राहुल ने चांडी को अपना 'गुरु' भी बताया। उन्होंने कहा कि 'गुरु' वह होता है जो अपने कार्यों से आपको सही दिशा दिखाता है। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यहां पुथुपल्ली स्थित सेंट जॉर्ज चर्च में चांडी की कब्र पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राहुल ने चांडी की कब्र पर फूल चढ़ाए, मोमबत्ती जलाई और प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने गिरजाघर में जाकर प्रार्थना की और वहां से श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे।

SHARDA UNIVERSITY
Beyond Boundaries

Everyone gets a BIG opportunity in life.
90000+ Shardans took that chance to build a dream career at Delhi-NCRs only Pvt. University with 43% Female Students.
They learnt from 1100+ faculty with global experience and through 300+ international tie-ups.
Students from 95+ countries experienced world-class campus life.

Discover More at India's Truly AI Enabled Campus

Experience endless Possibilities@Sharda

ADMISSIONS OPEN FOR 135+ UG/PG/PH.D. PROGRAMMES

• Computer Science & Engg.
• AI & ML • AI & Data Science
• Cloud Computing & IoT
• Networking & Cyber Security
• Robotics & Automation
• Computer Applications
• Information Technology
• Electrical and Electronics Engg.
• Electronics & Comm.Engg.
• Civil Engineering
• Mechanical Engineering
• Biotechnology • Mathematics
• Physics • Chemistry • Zoology
• Data Science & Analytics
• Bio-Chemistry
• Microbiology
• Food Science & Technology
• Management • Economics
• Commerce • Medical • Dental
• Animation, VFX & Gaming
• Interior Design
• Fashion Design
• Communication Design
• Film, TV & OTT Production
• Journalism & Mass Comm.
• Humanities & Social Sciences
• English
• Integrated Law
• Forensic Sciences
• Optometry
• Physiotherapy
• Medical Laboratory Technology
• Radiological Imaging Technology
• Cardiovascular Tech.
• Nutrition & Dietetics
• Clinical Psychology
• Pharmacy
• Nursing

0120-4570000 www.sharda.ac.in Campus: Plot No. 32, 34, Knowledge Park-III, Greater Noida (Delhi-NCR) | Ph. 0120-4060210/11

# दुष्यंत दवे से फिर मैदान में उतरने का आग्रह, डॉ. आदिश अग्रवाल ने लिखा भावनात्मक पत्र

## वरिष्ठ अधिवक्ता से वकालत जारी रखने और 2026 में SCBA चुनाव लड़ने की अपील

नेशनल एक्सप्रेस, ब्यूरो।

**नई दिल्ली,** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (SCBA) के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. आदिश सी. अग्रवाल ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्री दुष्यंत दवे से वकालत से सेवानिवृत्ति के निर्णय पर पुनर्विचार करने की भावुक अपील की है। उन्होंने एक खुला पत्र लिखते हुए आग्रह किया है कि श्री दवे 2026 में फिर से एससीबीए अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ें। डॉ. अग्रवाला ने श्री दवे के निर्णय को न केवल व्यक्तिगत रूप से पीड़ादायक बताया, बल्कि



इसे सुप्रीम कोर्ट में कार्यरत तमाम अधिवक्ताओं के लिए भी एक क्षति बताया। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष की उम्र वकालत छोड़ने की नहीं, बल्कि पेशे में परिपक्वता और चरम अनुभव की अवस्था होती है। उन्होंने पत्र में लिखा, आपके समकालीन वरिष्ठ अधिवक्ता—राजीव धवन, आर. वेणुगोपाल, कपिल सिब्बल, सलमान खुर्शीद और अन्य आज भी सक्रिय रूप से अदालत में अभ्यास कर रहे हैं। हटना हम सबके लिए दुर्भाग्यपूर्ण होगा। 2023 के एससीबीए चुनाव में श्री दवे को हराने वाले डॉ. अग्रवाला ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि दवे उस हार को लेकर इतने संवेदनशील हैं। लेकिन हमें पेशेवर रूप से सकारात्मक रहना चाहिए। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि अगर श्री दवे 2026 में चुनाव लड़ने का निर्णय लेते हैं तो डॉ. अग्रवाला स्वयं मैदान में नहीं उतरेंगे। उन्होंने कहा, यदि आप चुनाव लड़ते हैं, तो मैं नहीं लड़ूंगा, और आप निश्चित रूप से निर्वाचित होंगे।₹डॉ. अग्रवाला ने एससीबीए के नियमों का हवाला देते हुए बताया कि कोई भी सदस्य एक पद पर चार बार तक निर्वाचित हो सकता है, और दवे अब भी एक कार्यकाल के लिए पूरी तरह से पात्र हैं। यदि श्री दवे फिर से अध्यक्ष बनते हैं तो उनकी गूंजती हुई कानूनी प्रैक्टिस पुनः उसी शिखर पर लौट आएगी, जहां वह 2019 में थी।यह पत्र बार और कानूनी जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है और अब सबकी नजरें श्री दुष्यंत दवे के संभावित फैसले पर टिकी हैं।

# कर्नल विनोद ने किया वाराणसी प्रधान डाकघर विरासत भवन के शिलापट्ट का अनावरण



नेशनल एक्सप्रेस, ब्यूरो।

आज डाक विभाग के अंतर्गत स्थापित विरासत भवन (125 years old)के शिलापट्ट का अनावरण कर्नल विनोद कुमार, पोस्टमास्टर जनरल वाराणसी परिक्षेत्र द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारीगण, प्रवर अधीक्षक डाकघर वाराणसी पूर्व मण्डल राजीव कुमार, सहायक निदेशक श्री परमानंद कुमार वाराणसी परिक्षेत्र, प्रवर डाकपाल श्री राजीव श्रीवास्तव, वाराणसी प्रधान डाकघर एवं विभागीय कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में समारोह का आयोजन हुआ। पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी परिक्षेत्र ने अपने संबोधन में कहा कि "विरासत भवन डाक विभाग की गौरवशाली परंपरा और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। यह ब्रिटिशकालीन भवन सन 1920 मे अस्तित्व मे आया और तब से यह डाक विभाग की सेवा, संस्कृति और योगदान को जनमानस तक पहुँचाने का एक महत्त्वपूर्ण प्रयास का माध्यम रहा है।" पोस्टमास्टर जनरल महोदय द्वारा शिलापट्ट के अनावरण के साथ ही भवन के महत्व, डिज़ाइन, उपयोगिता एवं इसके संरक्षण के प्रयासों को साझा किया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को भवन की देखभाल एवं भविष्य में इस धरोहर को और सशक्त बनाने हेतु प्रेरित किया। साथ ही बताया गया कि इस वर्ष डाक विभाग राखी को पूरे देश भर मे भेजने हेतु वाराणसी एवं उनके नजदीके जिलो के समस्त डाकघरो मे सहज रूप राखी के लिफाफे उपलब्ध कराये गए है, जिसका लाभ जनमानस द्वारा सुगमतापूर्व प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर इस रक्षाबंधन को देशभक्ति और भाईचारे का अनूठा संगम देश की वीर सैनिकों गणमान्य व्यक्तियों एवं भाइयो के लिए उनके बहनों की तरफ से राखी का प्यार भरा सौगात डाक विभाग के माध्यम से पहुचाने हेतु एवं साथ ही उनके द्वारा राखी लिफाफा के बारे मे भी जनता को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। य ह आयोजन न केवल भवन के उद्घाटन का प्रतीक रहा, बल्कि विभागीय इतिहास को सहेजने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में यादगार बन गया।

## अमेरिकी संसद ने ट्रंप के नौ अरब डॉलर के कटौती प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी दी

**वॉशिंगटन, (एपी)** अमेरिकी संसद के निचले सदन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सार्वजनिक प्रसारण और विदेशी सहायता मद में करीब नौ अरब अमेरिकी डॉलर की कटौती के प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। यह दशकों में पहली बार है जब किसी राष्ट्रपति द्वारा प्रस्तुत 'निरसन' अनुरोध को संसद ने पारित किया है। सदन में विधेयक 216-213 मतों से पारित हुआ और अब इसे ट्रंप के हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। इस पैकेज के तहत कॉरपोरेशन फॉर पब्लिक ब्रॉडकास्टिंग (सीपीबी) के लिए निर्धारित 1.1 अरब डॉलर तथा कई विदेशी सहायता कार्यक्रमों के लिए लगभग आठ अरब डॉलर की राशि रद्द की गई है।

# एक अगस्त से शुरू होगी तीन माह की आवासीय थिएटर कार्यशाला, जयंत करेंगे निर्देशन

नेशनल एक्सप्रेस, ब्यूरो।

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रंगमंच की दुनिया में एक नई इबारत लिखने जा रही है। 1 अगस्त 2025 से रायपुर में शुरू हो रही है एक तीन महीने की आवासीय थिएटर कार्यशाला, जिसका निर्देशन करेंगे देश के ख्यातिप्राप्त रंग निर्देशक जयंत देशमुख।

यह कार्यशाला थिएटर प्रेमियों, नवोदित कलाकारों और अभिनय में करियर की चाह रखने वाले युवाओं के लिए एक दुर्लभ अवसर साबित हो सकती है।तीन महीनों तक चलने वाली यह कार्यशाला केवल बुनियादी अभिनय प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रतिभागियों को रंगमंच की व्यावहारिक और सैद्धांतिक बारीकियों में दक्ष बनाया जाएगा।

पहले दो महीनों में थियेटर की तकनीक, अभिनय, शारीरिक अभिव्यक्ति, संवाद अदायगी, मंचीय अनुशासन और चरित्र निर्माण जैसी विधाओं पर केंद्रित प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि तीसरे महीने में



प्रतिभागी एक पेशेवर नाट्य-प्रस्तुति में हिस्सा लेंगे, जिसे भविष्य में देशभर में मंचित किए जाने की योजना है।इस कार्यशाला का सबसे बड़ा आकर्षण हैं जयंत देशमुख, जिनका थिएटर और फिल्म दोनों ही क्षेत्रों में चार दशकों का अनुभव है।

वे न सिर्फ एक वरिष्ठ रंग निर्देशक हैं, बल्कि फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री में प्रोडक्शन डिज़ाइनर और आर्ट डायरेक्टर के रूप में भी अपनी सशक्त पहचान बना चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को रंगमंच का समग्र और गहन दृष्टिकोण प्राप्त होगा।इस पहल के पीछे हैं पल्लवी शिल्पी और विक्रांत झा, जो Golden Frame Academy of Film Arts के संस्थापक हैं। यह संस्थान छत्तीसगढ़ में अभिनय, सिनेमा और रंगकर्म के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने के लिए जाना जाता है। संस्था की ओर से बताया गया है कि यह कार्यशाला सिर्फ एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक कलाकार को कर्मयोगी में परिवर्तित करने की रचनात्मक यात्रा है।कार्यशाला में सीटें सीमित हैं और शुल्क भी इस तरह से तय किया गया है कि आर्थिक रूप से साधनहीन लेकिन प्रतिभाशाली युवा भी इससे जुड़ सकें। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी और पंजीयन के लिए 79999 52172 (पल्लवी शिल्पी) पर संपर्क कर सकते हैं।

संस्था की ओर से प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि यह कार्यशाला उन्हें कला की असली चमक और रंगमंच के जीवंत अनुभव से रूबरू कराएगी।

# काशी विश्वनाथ मंदिर मुंबई में महारुद्राभिषेक कार्यक्रम



नेशनल एक्सप्रेस, ब्यूरो।

सनातन धर्म मे वैसे तो हर महीने को महत्वपूर्ण माना गया है, लेकिन श्रावण मास का बिशेष महत्व है । इसी बात को ध्यान में रखते हुए अग्रवाल सेवा समाज, मुंबई और अग्रोहा विकास समिति 1 के द्वारा श्रावण महीने में भगबान शिव की पूजा अर्चना और महारुद्राभिषेक काशी विश्वनाथ मंदिर, दादी सेठ अग्यारी लेन, मुंबई में आयोजित किया गया । अग्रवाल सेवा समाज के के महामंत्री आनन्द प्रकाश गुप्ता ने बताया कि शिवलिंग के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु और ऊपरी भाग में देवो के देव महादेव विराजमान रहते है, अतः शिवलिंग की पूजा से सभी देवों की पूजा हो जाती है । सभी सदस्यों ने भगवान शिव की विधिवत रूप से प्रारंभिक पूजा अर्चना, शिवलिंग पर दूध, शहद, घी, बेलपत्र, धतूरा, गंगाजल और गन्ने का रस, सुपारी और अन्य सामग्री आदि से भगवान शिव का महारुद्राभिषेक और पूजन किया । विद्वान ब्राह्मणों ने रुद्राष्टाध्यायी के सस्वर पाठ के साथ यह अनुष्ठान पूर्ण कराया और इस अनुष्ठान में संस्था ने देश और समाज मे एकता, विकास और समृद्धि की कामना की । अभिषेक के मुख्य जजमान राजाराम पोद्दार और वीणा पोद्दार रहे ।इस अवसर पर किशन बिहारी कागजी, शीतल कुमार अग्रवाल, आनन्द प्रकाश गुप्ता (मित्तल), बृजबिहारी मित्तल, अजय कोकड़ा, गोपाल जैन, देवेन्द्र ओ.अग्रवाल, यशवंत बिहारी कागज़ी, कानबिहारी अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, चंदर प्रकाश सिंघानिया, अशोक अग्रवाल आदि ने अभिषेक में सक्रिय रूप से भाग लिया । कार्यक्रम के शुरुआत से अंत तक सभी सदस्यों ने स्वादिष्ट बिभिन्न प्रकार के व्यंजनों और प्रसाद का आनंद लिया ।

# उ.कोरिया ने नए समुद्र तटीय रिसॉर्ट में विदेशी पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया


**सियोल, (एपी)** उत्तर कोरिया हाल ही में खुले एक विशाल बीच रिसॉर्ट में विदेशी पर्यटकों के प्रवेश को अस्थायी रूप से रोक रहा है। इस कदम से उस परिसर की संभावनाएं धूमिल हो गई हैं जिसे देश के नेता किम जोंग उन ने ₹इस साल की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक बताया था। उत्तर कोरिया के पर्यटन अधिकारियों द्वारा संचालित वेबसाइट 'डीपीआर कोरिया टूर' ने बुधवार को एक नोटिस में कहा कि पूर्वी तटीय वॉनसन-कलमा पर्यटक परिसर ₹विदेशी पर्यटकों को अस्थायी रूप से स्वीकार नहीं कर रहा है।'' इसने इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी कि प्रतिबंध क्यों लगाया गया है या यह कब तक चलेगा।

उत्तर कोरिया का कहना है कि इस परिसर में लगभग 20 हजार मेहमानों के ठहरने की व्यवस्था है। पिछले सप्ताह रूसी पर्यटकों के एक छोटे समूह के आने से पहले यह रिसॉर्ट एक जुलाई को उत्तर कोरिया के पर्यटकों के लिए खोला गया था। पर्यवेक्षकों को उम्मीद थी कि उत्तर कोरिया अन्य अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित करते हुए चीनी पर्यटकों के लिए रिसॉर्ट खोलेगा। रूस के शीर्ष राजनयिक के दौरे के बाद यह प्रतिबंध लगाया गया।

यह घोषणा पिछले सप्ताहांत रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव द्वारा किम और विदेश मंत्री चोई सोन हुई से बातचीत के लिए परिसर में आने के बाद की गई।

उत्तर कोरिया और रूस ने हाल के वर्षों में सैन्य और अन्य सहयोग में तेज़ी से विस्तार किया है। उत्तर कोरिया यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में सहायता के लिए हथियार और सैनिक उपलब्ध करा रहा है। चोई के साथ एक बैठक के दौरान लावरोव ने इस क्षेत्र में रूसी यात्रा का समर्थन करने के लिए कदम उठाने का वादा किया।

## संक्षिप्त खबरें




### अदाणी समूह एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस से बाहर निकली, अपनी बाकी 10.42 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

**नयी दिल्ली, (भाषा)** अदाणी समूह ने शुक्रवार को एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस (जिसे पहले अदाणी विल्मर के नाम से जाना जाता था) में अपनी बाकी 10.42 प्रतिशत हिस्सेदारी 3,732 करोड़ रुपये में बेच दी। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार यह सौदा खुले बाजार में लेनदेन के जरिये हुआ। बीएसई पर थोक सौदों के आंकड़ों के अनुसार अदाणी एंटरप्राइजेज की सहायक कंपनी अदाणी कमोडिटीज एलएलपी (एसीएल) ने शुक्रवार को 11 किस्तों में कुल 13,54,82,400 इक्विटी शेयर बेचे, जो एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में 10.42 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इस लेनदेन का कुल मूल्य लगभग 3,732.54 करोड़ रुपये था और यह सौदा औसतन 275.50 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर हुआ। दुबई स्थित शाजैतन इन्वेस्टमेंट एफजेडसीओ ने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में 11.07 करोड़ से ज्यादा इक्विटी शेयर या 8.52 प्रतिशत हिस्सेदारी 3,049.99 करोड़ रुपये में खरीदी। क्वांट म्यूचुअल फंड (एमएफ), आईडीएफसी एमएफ, बंधन एमएफ, जुपिटर फंड मैनेजमेंट, मॉर्गन स्टेनली एशिया सिंगापुर, अमेरिका स्थित सस्क्वेहन्ना इंटरनेशनल ग्रुप, फ्रैंकलिन टेम्पलटन, वैनगार्ड और सिंगापुर स्थित ड्यूरो कैपिटल ने भी एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस के शेयर खरीदे। बीएसई पर एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस का शेयर 1.31 प्रतिशत गिरकर 274.60 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बंद हुआ। उद्योगपति गौतम अदाणी द्वारा प्रवर्तित अदाणी समूह ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उसने एफएमसीजी व्यवसाय से बाहर निकलने और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में हिस्सेदारी बेची। एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस फॉर्च्यून ब्रांड के तहत खाद्य तेल और अन्य खाद्य उत्पाद बेचती है।

### सुनील मित्तल का पारिश्रमिक 2024-25 में 0.8 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल का पारिश्रमिक वित्त वर्ष 2024-25 में 0.8 प्रतिशत बढ़कर 32.5 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की ताजा वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान उसके वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गोपाल विट्टल का पारिश्रमिक 9.1 प्रतिशत बढ़ा। मित्तल के पारिश्रमिक में 21.57 करोड़ रुपये वेतन और भत्ते, 7.5 करोड़ रुपये प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन, 3.48 करोड़ रुपये का विशेष लाभ शामिल हैं। इस तरह मित्तल का पारिश्रमिक पिछले साल के मुकाबले 0.88 प्रतिशत अधिक था। विट्टल को वित्त वर्ष 2024-25 में 20.24 करोड़ रुपये मिले, जो सालाना आधार पर लगभग नौ प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, "सुनील भारती मित्तल का सकल पारिश्रमिक वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 325,586,133 रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 322,714,541 रुपये था। गोपाल विट्टल का सकल पारिश्रमिक वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 202,468,554 रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 185,508,865 रुपये था।"मित्तल और विट्टल को 2023-24 के लिए प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहन के रूप में क्रमशः 10.4 करोड़ रुपये और 10.3 करोड़ रुपये मिले।

# सोमाणी कॉलेज में आचार्य सोमानी तरुण तपस्वी जी महाराज सहित संतों का आगमन

## धर्म और आध्यात्मिकता पर दिए प्रेरणादायक संदेश

नेशनल एक्सप्रेस, ब्यूरो।

**रेवाड़ी,** सोमाणी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में आज का दिन अत्यंत गौरवशाली और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा, जब आचार्य सोमानी तरुण तपस्वी जी महाराज, सोमानंद गिरि जी महाराज, राधेश्याम गिरि जी महाराज, आशोक जी महाराज एवं आचार्य सोमाणी जी का कॉलेज परिसर में पावन आगमन हुआ।इन पूज्य संतों के आगमन से कॉलेज का संपूर्ण वातावरण भक्तिभाव, ऊर्जा और सकारात्मकता से भर गया। संतों ने कॉलेज परिसर का भ्रमण किया और शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा स्टाफ से संवाद करते हुए धर्म, अध्यात्म, जीवन मूल्य और नैतिकता पर गहन विचार साझा किए।आचार्य सोमानी तरुण तपस्वी जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य



केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, आत्मिक विकास और सेवा भावना को जीवन में उतारना है। उन्होंने युवाओं को संयम, साधना और सकारात्मक सोच की राह पर चलने का आह्वान किया।आचार्य सोमाणी जी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा और आध्यात्मिकता का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत से जुड़ने तथा जीवन को संतुलित और उद्देश्यपूर्ण बनाने की प्रेरणा दी।सोमानंद गिरि जी महाराज, राधेश्याम गिरि जी महाराज और आशोक जी महाराज ने भी अपने वक्तव्यों में आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक सच्चा विद्यार्थी वही है जो ज्ञान के साथ-साथ आत्मज्ञान को भी प्राप्त करे।इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा सभी संतों का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। उन्हें पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण, शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। यह सम्मान समारोह सभी के लिए श्रद्धा और प्रेरणा का प्रतीक बना।कॉलेज के निदेशक, प्रधानाचार्य और समस्त फैकल्टी ने संतों के विचारों को आत्मसात करते हुए उन्हें एक अमूल्य मार्गदर्शन बताया। उपस्थित विद्यार्थियों ने भी संतों के प्रेरणादायक शब्दों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

यह आयोजन कॉलेज परिवार के लिए एक आध्यात्मिक उत्सव सिद्ध हुआ, जिसमें न केवल आस्था और संस्कारों की अनुभूति हुई, बल्कि आत्मिक बल और नैतिक ऊर्जा का भी संचार हुआ।कॉलेज प्रबंधन ने संतों के आशीर्वचनों के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की बात कही।

## इंडियन ओवरसीज बैंक चालू वित्त वर्ष में 4,000 करोड़ रुपये जुटाएगा: प्रबंध निदेशक

**चेन्नई, (भाषा)** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने चालू वित्त वर्ष के दौरान क्यूआईपी सहित विभिन्न माध्यमों से 4,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार श्रीवास्तव ने यहां बताया कि धन जुटाने की प्रस्तावित योजना के साथ इस बैंक में भारत सरकार की हिस्सेदारी मौजूदा 94 प्रतिशत से घटकर 90 प्रतिशत रह जाएगी। उन्होंने बैंक के वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा करने के बाद संवाददाताओं से कहा, "पिछले साल हमने मार्च में लगभग 1,440 करोड़ रुपये जुटाए थे। इस साल हम लगभग 4,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए हम विभिन्न प्राधिकरणों से उनकी मंजूरी के लिए बात कर रहे हैं।" पूंजी जुटाने के लिए किस तरह के साधनों का इस्तेमाल किया जाएगा, इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "यह मिला-जुला होगा। इसका अधिकांश हिस्सा क्यूआईपी (पात्र संस्थागत नियोजन) के माध्यम से होगा।

# जियो प्लेटफॉर्म्स का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 7,110 करोड़ रुपये पर




**नयी दिल्ली, (भाषा)** रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार एवं डिजिटल इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स ने शुक्रवार को कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ सालाना आधार पर लगभग 25 प्रतिशत बढ़कर 7,110 करोड़ रुपये हो गया। मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने तिमाही नतीजे जारी करते हुए बताया कि जियो प्लेटफॉर्म्स का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही का सकल राजस्व सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 41,054 करोड़ रुपये हो गया। जियो प्लेटफॉर्म्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज के दूरसंचार और डिजिटल व्यवसाय शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि परिचालन राजस्व में वृद्धि गतिशील और घरेलू ग्राहक आधार में तेजी से बढ़ोतरी के साथ ही ग्राहक जुड़ाव और डिजिटल सेवा व्यवसाय में वृद्धि के कारण हुई।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो ने समीक्षाधीन तिमाही में नई ऊंचाइयों को छुआ है, जिसमें 20 करोड़ 5जी ग्राहकों और दो करोड़ घरेलू कनेक्शनों का आंकड़ा पार करना शामिल है। अंबानी ने कहा, "जियो एयरफाइबर अब दुनिया का सबसे बड़ा एफडब्ल्यूएसेवा प्रदाता है जिसके 74 लाख ग्राहक हैं। हमारे डिजिटल सेवा व्यवसाय ने भी मजबूत वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन के साथ अपनी स्थिति को मजबूत किया है।"पिछली तिमाही में जियो का प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व बढ़कर 208.8 रुपये जो गया, जो मार्च तिमाही में 206.2 रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 की जून तिमाही में 181.7 रुपये था।रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा, "जियो बेजोड़ प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचा तैयार कर रहा है और 5जी एवं फिक्स्ड ब्रॉडबैंड में अपनी अग्रणी स्थिति को आगे बढ़ा रहा है। यह देश में कृत्रिम मेधा को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।"

## क्रिसिल, इक्रा ने क्रेडिट रेटिंग को बरकरार रखा: वेदांता

**नयी दिल्ली, (भाषा)** वेदांता ने शुक्रवार को कहा कि रेटिंग एजेंसियों क्रिसिल रेटिंग्स और इक्रा ने उसकी साख को बरकरार रखा है। यह कंपनी के पूरे कारोबार की स्थिरता को लेकर भरोसे को बताता है।वेदांता ने शेयर बाजार को बताया कि इक्रा लिमिटेड ने कंपनी की क्रेडिट रेटिंग की पुष्टि की है। यह कंपनी की समग्र व्यावसायिक स्थिरता, स्वस्थ वित्तीय प्रदर्शन और कॉरपोरेट संचालन के अनुपालन को बताता है। कंपनी ने कहा कि इक्रा ने 'एए' के साथ अपनी दीर्घकालिक रेटिंग बरकरार रखी है। क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड ने भी उसकी क्रेडिट रेटिंग को बरकरार रखा है।

**रिलायंस रिटेल ने पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 2,549 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।**

# रिलायंस रिटेल का जून तिमाही में शुद्ध लाभ 28.3 प्रतिशत बढ़कर 3,271 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली, (भाषा)** रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 28.3 प्रतिशत बढ़कर 3,271 करोड़ रुपये हो गया। यह वृद्धि विभिन्न खंडों में मजबूत राजस्व वृद्धि के कारण हुई।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने शुक्रवार को अपने विभिन्न व्यवसायों के तिमाही नतीजों की सूचना शेयर बाजारों को दी। रिलायंस रिटेल ने पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 2,549 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

जून तिमाही, 2025 में खुदरा विक्रेता इकाई का सकल राजस्व 11.3 प्रतिशत बढ़कर 84,171 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 75,615 करोड़ रुपये था। पिछली तिमाही में रिलायंस रिटेल का परिचालन राजस्व 11.3 प्रतिशत बढ़कर 73,720 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले समान तिमाही में 66,260 करोड़ रुपये था।

आरआरवीएल ने कहा कि उसके सभी क्षेत्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें किराना और फैशन क्षेत्र का प्रदर्शन बाजार में अग्रणी रहा। हालांकि मानसून के जल्द आने से उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरणों के कारोबार पर असर पड़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा, ₹खुदरा कारोबार का ग्राहक आधार बढ़कर 35.8 करोड़ हो गया है। इसके साथ ही परिचालन मानकों में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हम अपने दैनिक उपभोग वाले एफएमसीजी ब्रांडों का पोर्टफोलियो मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बीती तिमाही में खुदरा व्यवसाय ने 388 नए स्टोर खोले जिससे इसके कुल स्टोर की संख्या 19,592 हो गई। जियोमार्ट ने बेहद स्थानीय स्तर पर त्वरित आपूर्ति का विस्तार जारी रखा और तिमाही आधार पर 68 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा एम. अंबानी ने कहा, रिलायंस रिटेल ने इस तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया जो परिचालन उत्कृष्टता, भौगोलिक विस्तार और बेहतर उत्पाद पोर्टफोलियो पर हमारे सतत ध्यान से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और विशिष्ट उत्पाद पेशकशों में लगातार निवेश ने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने और तेजी से विस्तार करने में सक्षम बनाया है।

# दिल्ली के 45 से अधिक स्कूलों और तीन कॉलेज को मिली बम की धमकी, छात्र और अभिभावक दहशत में

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के 45 से अधिक स्कूलों और तीन कॉलेजों को शुक्रवार सुबह बम से उड़ाने की धमकियां ईमेल के जरिए भेजी गईं जिसके बाद छात्रों और अभिभावकों में दहशत फैल गई।

इस हफ्ते यह चौथा दिन है जब राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस और विभिन्न त्वरित प्रतिक्रिया प्राधिकारियों ने तलाश और निकासी अभियान चलाया। इन संस्थानों को ईमेल के माध्यम से धमकियां मिलने पर पुलिस, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्तों के साथ तथा अग्निशमन विभाग के कर्मी स्कूलों और कॉलेजों की ओर रवाना हुए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों से प्राप्त नवीनतम जानकारी के अनुसार जिन तीन कॉलेजों को ऐसी धमकियां मिली हैं, वे हैं इंद्रप्रस्थ (आईपी) महिला कॉलेज, हिंदू कॉलेज और उत्तरी दिल्ली स्थित श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी)। इससे पहले कई जिलों के स्कूलों को बम से उड़ाने की



धमकी मिली थी।

द्वारका में छह स्कूलों - सेंट थॉमस स्कूल, जीडी गोयनका स्कूल, डीआईएस एज स्कूल, मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, द्वारका इंटरनेशनल स्कूल और ला पेटिटे मोंटेसरी के प्रशासन ने धमकियां मिलने की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद, इन स्कूलों में बचाव अभियान शुरू किया गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईमेल में कहा गया, ''नमस्ते। मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैंने स्कूल के कक्षों में कई विस्फोटक उपकरण (ट्राईनाइट्रोटोल्यूइन) रखे हैं। विस्फोटकों को काले प्लास्टिक बैग में बड़ी कुशलता से छिपाया गया है।''

पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने बताया कि हालांकि द्वारका के स्कूलों में अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

इसी तरह रोहिणी में सेक्टर 3 में एमआरजी स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर 24 में सॉवरेन पब्लिक स्कूल और हेरिटेज पब्लिक स्कूल, सेक्टर 9 में दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सेक्टर 3 में अभिनव पब्लिक स्कूल और हेरिटेज स्कूल के अधिकारियों को परिसर में विस्फोटक उपकरणों की मौजूदगी वाला ईमेल मिलने के बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया जिसके बाद स्कूल को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की गई।

पीतमपुरा (मैक्सफोर्ट जूनियर स्कूल और गुरु नानक स्कूल) और पश्चिम विहार (रिचमंड स्कूल और दून पब्लिक स्कूल) के स्कूलों में भी ऐसे ईमेल प्राप्त होने के बाद तनाव का माहौल रहा।

एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, साइबर कर्मियों ने अपना काम शुरू कर दिया है और इन खतरों के स्रोत का पता लगा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी के अन्य हिस्सों के स्कूलों में भी इसी तरह की गहमा-गहमी रही।दक्षिण दिल्ली स्थित समरफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, भारती पब्लिक स्कूल (स्वास्थ्य विहार), हमदर्द पब्लिक स्कूल (संगम विहार), सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल (राज निवास मार्ग), नॉर्थ दिल्ली पब्लिक स्कूल (शालीमार बाग), न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल (विकासपुरी), मीरा नर्सरी स्कूल (जनकपुरी), प्रूडेंस स्कूल, द इंडियन स्कूल (सादिक नगर), दिल्ली पब्लिक स्कूल (मथुरा रोड), मैटर डे स्कूल (तिलक लेन) भी उन 45 स्कूलों में शामिल हैं जिन्हें ईमेल से धमकी दी गई है।

पुलिस के अनुसार, दिल्ली जैन पब्लिक स्कूल (पालम), जूनियर दिल्ली स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल (आर के पुरम, ईस्ट ऑफ कैलाश और वसंत विहार), द ब्रिटिश स्कूल (चाणक्यपुरी), दिल्ली सिटी स्कूल (बवाना), फेथ अकादमी (प्रसाद नगर), एमिटी इंटरनेशनल स्कूल (साकेत), कैमब्रिज फाउंडेशन स्कूल (राजौरी गार्डन), बिग फेदर इंटरनेशनल स्कूल, कुलाची हंसराज मॉडल स्कूल (अशोक विहार) को भी धमकी वाले ईमेल प्राप्त हुए हैं।

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा, ''आज 20 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है! जरा सोचिए कि बच्चे, अभिभावक और शिक्षक किस स्थिति से गुजर रहे होंगे।''

आतिशी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''दिल्ली में शासन के सभी चार इंजनों पर भाजपा का नियंत्रण है फिर भी वह हमारे बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं है! यह हैरान करने वाला है।'' कई सुरक्षा एजेंसियों ने बृहस्पतिवार को किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी की जांच के लिए 10 स्थानों पर मॉक ड्रिल की थी।

# पर्यावरण कार्यकर्ता ने यमुना के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण की ओर ध्यान दिलाया

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वजीराबाद बैराज क्षेत्र के निकट यमुना के बाढ़ क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट फेंकने, सड़क और मेट्रो कास्टिंग यार्ड के निर्माण के कारण हो रहे अतिक्रमण की ओर एक पर्यावरण कार्यकर्ता ने ध्यान दिलाया है।



'साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रिवर्स एंड पीपल' के एसोसिएट समन्वयक भीम सिंह रावत ने इस पर एक रिपोर्ट तैयार की है और दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं अन्य अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार, वजीराबाद बैराज के पूर्वी तट पर कई ''गंभीर अतिक्रमण गतिविधियां पाई गईं, जिनके लिए बाढ़ के मैदानों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता थी।'' रावत ने कहा कि वजीराबाद श्मशान घाट से उस्मानपुर गांव के निकट पूर्वी तटबंध तक लगभग पांच किलोमीटर लंबी और छह मीटर चौड़ी सड़क बनाई गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह सड़क दिल्ली मेट्रो कास्टिंग यार्ड तक पहुंच को सुगम बनाने तथा मेट्रो और सिग्नेचर ब्रिज के निर्माण के लिए बनाई गई थी और ये दोनों ही पूरे हो चुके हैं। रावत ने कहा कि बाढ़ के मैदानों को मुक्त करने तथा आगे किसी भी अतिक्रमण को रोकने के लिए सड़क को तोड़ने की जरूरत है।


## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा–1 (पी–2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296, वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक – वाई.ई.ए. / भूलेख / 1540 / 2025 दिनांक 14.07.2025

### सार्वजनिक सूचना

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम मौहम्मदपुर जादों, आकलपुर, भीकनपुर, फाजिलपुर, थोरा के अंतर्गत आने वाली भूमि का सुनियोजित विकास हेतु सम्बन्धित कृषकों द्वारा दी गई सहमति की दर 3808/– प्रति वर्गमीटर से प्राधिकरण द्वारा शासनादेश संख्या–314/77–3–163एम दिनांक 23.02.2016 में तय प्रक्रियानुसार निम्नानुसार क्रय किया जाना प्रस्तावित है, आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है:–

**सैक्टर–11, 05, 08, 09 ग्राम मौहम्मदपुर जादों, आकलपुर, भीकनपुर, फाजिलपुर, थोरा**

| क्रमांक | ग्राम का नाम | खातेदार का नाम व पता | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षे. (हे. में.) | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे.में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मौहम्मदपुर जादो (सै.–11) | श्री सूरजपाल सिंह, विजयपाल रामकुमार, श्रीपाल सिंह पुत्रगण होराम सिंह नि. ग्राम मौहम्मदपुर जादो | 61 | 461 | 0.4830 | में से | 0.3986 |
| 2. | मौहम्मदपुर जादो (सै.–11) | श्री हरीराम पुत्र प्रभू सिंह नि. ग्राम बिरौडी चक्रसेनपुर, तहसील सदर, गौतमबुद्धनगर | 230 | 210 | 0.9430 | में से | 0.1177 |
| 3. | मौहम्मदपुर जादो (सै.–11) | श्री आजाद कुमार पुत्र श्री प्रभू सिंह नि. ग्राम बिरौडी चक्रसेनपुर, तहसील सदर, गौतमबुद्धनगर | 230 | 210 | 0.9430 | में से | 0.1178 |
| 4. | मौहम्मदपुर जादो (सै.–11) | श्री हरीपाल सिंह पुत्र स्व. प्रभू सिंह नि. ग्राम बिरौडी चक्रसेनपुर, तहसील सदर, गौतमबुद्धनगर | 230 | 210 | 0.9430 | में से | 0.1177 |
| 5. | मौहम्मदपुर जादो (सै.–11) | श्री आजाद कुमार पुत्र स्व. प्रभू सिंह नि. ग्राम बिरौडी चक्रसेनपुर, तहसील सदर, गौतमबुद्धनगर | 218 | 462 | 0.5270 | में से | 0.0658 |
| 6. | आकलपुर (सै.– 09 व 05) | श्री कालूराम पुत्र पुन्ना नि. ग्राम आकलपुर | 25 | 248 | 1.1230 | में से | 0.3743 |
| 7. | भीकनपुर (सै.–08) | श्री विनोद पुत्र लखमीचन्द नि. ग्राम भीकनपुर | 14<br>13<br>13<br>15 | 117<br>119<br>125<br>138 | 6.2920<br>0.5060<br>0.4550<br>1.5490 | में से | 0.1966<br>0.0656<br>0.0158<br>0.0052<br>0.0142<br>0.0047<br>0.0485<br>0.0162<br>0.3668 |
| 8. | भीकनपुर (सै.–08) | श्री यतेन्द्र कुमार पुत्र लखीमचन्द नि. ग्राम भीकनपुर | 14<br>13<br>13<br>15 | 117<br>119<br>125<br>138 | 6.2920<br>0.5060<br>0.4550<br>1.5490 | में से | 0.1966<br>0.0656<br>0.0158<br>0.0053<br>0.0142<br>0.0047<br>0.0485<br>0.0162<br>0.3669 |
| 9. | भीकनपुर (सै.–08) | श्री अशोक पुत्र लखमीचन्द नि. ग्राम भीकनपुर | 14<br>13<br>13<br>15 | 117<br>119<br>125<br>138 | 6.2920<br>0.5060<br>0.4550<br>1.5490 | में से | 0.1966<br>0.0656<br>0.0158<br>0.0053<br>0.0142<br>0.0048<br>0.0485<br>0.0161<br>0.3669 |
| 10. | फाजिलपुर (सै.–08डी) | श्रीमती मंजू सिंह पत्नी स्वतन्त्रपाल सिंह नि. रबूपुरा | 37<br>53 | 31<br>173<br>176<br>181<br>185<br>192 | 1.0150<br>0.7330<br>1.0360<br>0.4930<br>0.2280<br>0.3670 | में से | 0.1265<br>0.0366<br>0.0517<br>0.0245<br>0.0113<br>0.0182<br>0.2688 |
| 11. | फाजिलपुर (सै.–08डी) | श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी प्रदीप कुमार नि. सलारपुर खादर | 27 | 123 | 0.2830 | सम्पूर्ण | 0.2830 |
| 12. | फाजिलपुर (सै.–08डी) | श्री सूरजपाल सिंह व विजयपाल व रामकुमार व श्रीपाल पुत्रगण होराम नि. ग्राम | 133 | 12 | 0.8150 | में से | 0.4075 |
| 13. | फाजिलपुर (सै.–08डी) | श्री लखपत पुत्र लीला नि. ग्राम | 36 | 10 | 0.7380 | में से | 0.2680 |
| 14. | फाजिलपुर (सै.–08डी) | श्री पूरन पुत्र इतवारी नि. ग्राम मौहम्मदपुर जादो | 62 | 28स | 0.0810 | सम्पूर्ण | 0.0810 |
| 15. | फाजिलपुर (सै.–08डी) | श्री कनिष्क शील पुत्र यादवचन्द शील नि. गुरूग्राम | 20 | 238 | 0.2530 | 1/3 भाग | 0.0843 |
| 16. | फाजिलपुर (सै.–08डी) | श्री अरविन्द कुमार पुत्र दीपकचन्द नि. ग्राम मकसूदपुर | 7<br>5 | 146<br>198 | 0.2150<br>0.0130 | में से | 0.0358<br>0.0022<br>0.0380 |
| 17. | थोरा (सै.–08डी) | श्रीमती अंगूरी देवी पत्नी तेजपाल सिंह नि. ग्राम थोरा | 20 | 837 | 1.8050 | में से | 0.1504 |
| 18. | थोरा (सै.–08डी) | श्री कुलदीप सिंह पुत्र बलवीर सिंह नि. ग्राम थोरा | 217 | 1079 | 1.2480 | में से | 0.1170 |
| 19. | थोरा (सै.–08डी) | श्री रोजेन्द्र सिंह पुत्र महीपाल सिंह नि. ग्राम थोरा | 616 | 977 | 0.5940 | में से | 0.1980 |
| 20. | थोरा (सै.–08डी) | श्री सन्तोष कुमार पुत्र चन्द्रपाल नि. ग्राम थोरा | 845<br>845 | 1032<br>1046 | 0.5940<br>0.9210 | में से | 0.0396<br>0.0613<br>0.1009 |
| 21. | थोरा (सै.–08डी) | श्री मुकेश कुमार पुत्र चन्द्रपाल नि. ग्राम थोरा | 845<br>845 | 1032<br>1046 | 0.5940<br>0.9210 | में से | 0.0396<br>0.0614<br>0.1010 |
| 22. | थोरा (सै.–08डी) | श्री मुकेश कुमार पुत्र चन्द्रपाल नि. ग्राम थोरा | 845<br>845 | 1032<br>1046 | 0.5940<br>0.9210 | में से | 0.0396<br>0.0614<br>0.1010 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अन्दर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**विशेष कार्याधिकारी**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीदफ़ोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट **www.yamunaexpresswayauthority.com** देखें।


# किसान से एक करोड़ रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में स्वापक अधिकारी और बिचौलिया गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के एक अधिकारी को एक किसान से एक करोड़ रुपये की रिश्वत कथित तौर पर मांगने के लिए गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी अधिकारी ने किसान को झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी देकर रिश्वत मांगी थी।

उन्होंने बताया कि सीबीआई ने मध्यप्रदेश के उज्जैन में तैनात अधिकारी महेंद्र सिंह को उसके साथी जगदीश मेनारिया के साथ कुल रिश्वत में से तीन लाख रुपये लेते हुए गिरफ्तार किया। जांच एजेंसी ने बताया कि अधिकारी ने एक किसान के खेत से 400 किलोग्राम अफीम की भूसी कथित तौर पर जब्त की थी।

सीबीआई के मुताबिक, मेनारिया ने बाद में किसान से संपर्क कर उसे जब्ती की जानकारी दी।



सीबीआई द्वारा दर्ज की गयी प्राथमिकी में आरोप लगाया गया, ''सिंह ने जगदीश मेनारिया के माध्यम से किसान और उसके परिवार के सदस्यों को मादक पदार्थों के मामले में न फंसाने के एवज में एक करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी और धमकी दी कि अगर उसने रिश्वत के रुपये नहीं दिये तो वह उन्हें आपराधिक मामले में फंसाकर जेल भिजवा देगा।''

किसान ने सीबीआई का सहारा लिया और उसने शिकायत दर्ज कराई जिसमें आरोप लगाया कि वह मार्च से अब तक किश्तों में लगभग 44 लाख रुपये दे चुका है। किसान ने आरोप लगाया कि मेनारिया ने फिर से उससे संपर्क किया और सिंह की ओर से उसे किसी अन्य मामले में फंसाने की धमकी देते हुए नौ लाख रुपये और मांगे। एजेंसी ने गोपनीय सत्यापन प्रक्रिया के बाद रिश्वतखोरी के आरोपों को प्रमाणित करने वाले सबूत पाए।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने एक जाल बिछाया और कथित तौर पर रिश्वत के लेन-देन के समय छापेमारी कर सिंह और मेनारिया को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''सीबीआई ने 17 जुलाई, 2025 को जाल बिछाया और बिचौलिए को अधिकारी की ओर से शिकायतकर्ता से तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। बिचौलिए के पास से रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई। यह राशि उसने अधिकारी के निर्देश पर रिश्वत के रूप में ली थी।'' उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को राजस्थान और मध्यप्रदेश में तीन स्थानों पर आरोपियों के परिसरों पर

# दिल्ली की अदालत ने सौतेली बेटी से बलात्कार के दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने 2021 में अपनी 14 वर्षीय सौतेली बेटी के साथ बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने के जुर्म में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने उसे ''अन्य लड़कियों के लिए खतरा'' बताया और उसे यथासंभव लंबे समय तक समाज से बाहर रखने की बात कही।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने कहा कि इस ''राक्षसी कृत्य'' के लिए व्यक्ति को ''कड़ी सजा'' दी जानी चाहिए। अदालत बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम की धारा छह (गंभीर प्रवेशन यौन हमले) के तहत दोषी के खिलाफ सजा पर सुनवाई कर रही थी।

सात जुलाई को अदालत ने कहा, ''दोषी को सजा सुनाते समय इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता



कि दोषी ने न केवल नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्कार किया, बल्कि उसने उसे लगभग 18 सप्ताह तक गर्भवती भी बनाए रखा।'' आदेश में कहा गया है कि पीड़िता को जो असहनीय मानसिक और शारीरिक आघात सहना पड़ा है, उसके कारण इस व्यक्ति का ''कुकृत्य'' नरमी बरतने के दायरे से बाहर है। अदालत ने मृत्युदंड के खिलाफ फैसला देते हुए कहा कि यह अपराध समग्र समाज के विरुद्ध नहीं है। उस व्यक्ति को ''शेष प्राकृतिक जीवन'' तक सलाखों के पीछे रहने का आदेश दिया गया।

# संसद के मानसून सत्र से पूर्व राजनाथ शाह और अन्य मंत्रियों ने की बैठक

नयी दिल्ली, (भाषा) संसद के 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र से पहले शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, जे पी नड्डा और किरेन रीजीजू सहित कई केंद्रीय मंत्री शामिल हुए।

रविवार को होने वाली सर्वदलीय बैठक से ठीक पहले रक्षा मंत्री के आवास पर इस बैठक का आयोजन किया गया। माना जा रहा है कि मंत्रियों ने प्रासंगिक मुद्दों पर सरकार के रुख पर रणनीति बनाई, जबकि विपक्ष बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पहलगाम हमला और 'ऑपरेशन सिंदूर' सहित कई मुद्दों को संसद के मानसून सत्र में उठाने की तैयारियों में जुटा है। हालांकि, बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि यह मानसून सत्र से संबंधित थी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री शाह, स्वास्थ्य मंत्री नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू के अलावा, उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी पीयूष गोयल



और जी किशन रेड्डी भी इस बैठक में शामिल हुए। विपक्ष संसद में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहा है।

कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसे प्रमुख विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि एसआईआर, जिसे अन्य राज्यों में भी लागू किए जाने की संभावना है, भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए है। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री मोदी नीत सरकार पर प्रहार करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच ''संघर्ष विराम'' में मध्यस्थता करने संबंधी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे का भी सहारा लिया है। हालांकि, सरकार ने ट्रंप के दावे को खारिज कर दिया है, लेकिन विपक्ष चर्चा कराने की मांग पर अड़ा हुआ है और इस मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग करता रहा है।

# दिल्ली के कई इलाकों में शुक्रवार को हुई बारिश; हल्की बारिश जारी रहने की संभावना

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के कई इलाकों में शुक्रवार को बारिश हुई। वहीं, आगामी घंटों में हल्की बारिश जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को भी हल्की बारिश और बादल छाए रहने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र, सफदरजंग वेधशाला ने अपराह्न ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच 7.3 मिमी बारिश दर्ज की।

आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पालम में 2.8 मिमी, लोधी रोड में 9.5 मिमी, रिज में 5.6 मिमी, आया नगर में 1.5 मिमी, प्रगति मैदान में 9.5 मिमी और पूसा में 7.5 मिमी बारिश हुई।

इसके अनुसार, पालम में 24 घंटे में सबसे ज़्यादा 17.2 मिमी बारिश हुई, जबकि रिज स्टेशन पर 10.4 मिमी, आयानगर में आठ मिमी, नजफगढ़ में 13.5 मिमी और पूसा में 12.5 मिमी बारिश हुई। जनकपुरी और नरेला में



सबसे कम क्रमशः तीन मिमी और 0.5 मिमी बारिश हुई। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान औसत से नीचे दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने बताया कि सफदरजंग में अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री कम है। मौसम विभाग ने बताया कि पालम में 33.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि रिज और लोधी रोड में क्रमशः 33.1 और 33.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार, आयानगर में 32.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। यह तापमान इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.9 डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.6 डिग्री कम है। पालम और रिज दोनों में न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी में सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर सुबह साढ़े आठ बजे 80 प्रतिशत और शाम साढ़े पांच बजे 100 प्रतिशत के बीच रहा। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में अगले 24 घंटे में बारिश जारी रहने की संभावना है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 61 दर्ज किया गया, जो ''संतोषजनक'' श्रेणी में आता है।

सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बहुत खराब' और 401 से 500 एक्यूआई को 'गंभीर' माना जाता है।

## साकेत बार एसोसिएशन 19 जुलाई को हड़ताल करेगी

नयी दिल्ली, (भाषा) साकेत कोर्ट बार एसोसिएशन ने कुछ सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किये जाने के विरोध में शुक्रवार को एक नोटिस जारी कर 19 जुलाई को हड़ताल करने की घोषणा की। नोटिस में बताया गया कि प्राथमिकी को लेकर अपराह्न करीब तीन बजे कार्यकारी समिति की बैठक हुई। नोटिस के मुताबिक, ''बार के सदस्यों में पुलिस के पक्षपातपूर्ण रवैये के खिलाफ गहरा रोष है। पुलिस वकीलों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में तो सक्रिय रहती हैं, लेकिन जब दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की बात आती है, तो वे उन्हें बचाने की हर संभव कोशिश करते हैं।''

नोटिस में बताया गया, ''शनिवार, 19 जुलाई को पूर्णतः कार्य से विरत रहने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है।'' नोटिस में बार के सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि वे कार्य से दूरी बनाए रखें और अदालतों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपस्थित न हों।

# टाटा समूह ने विमान हादसे के पीड़ितों के लिए 500 करोड़ रुपये का ट्रस्ट स्थापित किया

नयी दिल्ली, (भाषा) टाटा समूह ने पिछले महीने अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे के पीड़ितों के लिए 500 करोड़ रुपये का 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' स्थापित करने की शुक्रवार को घोषणा की। इस हादसे में 260 लोगों की मौत हो गई थी।

'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' का पंजीकरण मुंबई में एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में कराया गया है। टाटा संस और टाटा ट्रस्ट ने परोपकारी उद्देश्यों के लिए स्थापित इस ट्रस्ट को 250-250 करोड़ रुपये का योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई है।

टाटा संस ने एक बयान में कहा, ''यह ट्रस्ट मृतकों के आश्रितों/निकटतम परिजन, घायलों और दुर्घटना से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित सभी लोगों को तत्काल एवं निरंतर सहायता



प्रदान करेगा।''

बयान के मुताबिक, ट्रस्ट घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य करने वाले कर्मियों, चिकित्सा एवं आपदा राहत पेशेवरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सरकारी कर्मचारियों को होने वाले किसी भी आघात या संकट को कम करने के लिए सहायता प्रदान करेगा, जिन्होंने दुर्घटना के बाद अमूल्य संस्थागत सहायता और सेवा प्रदान की थी।

बयान के अनुसार, पांच सदस्यीय न्यासी बोर्ड ट्रस्ट का प्रबंधन और प्रशासन करेगा। इसमें कहा गया है कि टाटा समूह के पूर्व दिग्गज एस पद्मनाभन और टाटा संस के जनरल काउंसल सिद्धार्थ शर्मा को ट्रस्ट का न्यासी बनाया गया है, जबकि तीन अन्य न्यासियों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी।

बयान में कहा गया है कि ट्रस्ट के परोपकारी उद्देश्यों में विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि देना, गंभीर रूप से घायल लोगों के इलाज का खर्च उठाना और दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास के बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए सहायता प्रदान करना शामिल है।

इसमें कहा गया है कि कर अधिकारियों के साथ आवश्यक पंजीकरण और अन्य परिचालन औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ट्रस्ट को वित्त पोषित किया जाएगा और यह पूरी गंभीरता से अपना काम शुरू कर देगा।

गत 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का एक विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की और जमीन पर मौजूद 19 अन्य व्यक्तियों की मौत हो गई थी।

# एक और पत्नी पर जमीन के लिए पति की हत्या का गंभीर आरोप

पति-पत्नी में अक्सर होता था विवाद, पत्नी का कहना था जमीन मेरे नाम कर दो, फिर संदिग्ध परिस्थितियों में पति की मौत

नेशनल एक्सप्रेस



पीलीभीत/बरेलीःथाना जहानाबाद क्षेत्र के गुलरिया जाफरपुर निवासी 35 वर्षीय लोचन सिंह पुत्र लालाराम की शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने लोचन की पत्नी जयंती पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक के ममेरे भाई आनंद प्रताप ने बताया कि लोचन की शादी करीब 7 साल पहले ग्राम नवाबगंज (थाना गेराम जिला बरेली) निवासी जयंती से हुई थी। शुरूआत में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद में संपत्ति को लेकर दंपती के बीच विवाद बढ़ने लगे। आनंद के अनुसार, पत्नी अक्सर लोचन से जमीन अपने नाम कराने की बात करती थी और इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद और मारपीट होती थी।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें।दो दिन पहले जयंती अपने मायके से वापस लोचन के पास बरेली के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव गोसलपुर स्थित मकान में आई थी। शुक्रवार सुबह वह अपने बेटे को स्कूल बस पर छोड़ने गई थी।

लौटकर आने पर उसने लोचन को घर के अंदर जली हुई अवस्था में मृत पाया। शोर मचने पर ग्रामीण एकत्र हो गए और सूचना पुलिस को दी गई।

थाना हाफिजगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर आत्मदाह की आशंका जताई जा रही है, लेकिन परिजनों ने इसे पूर्व नियोजित साजिश करार दिया है।


मृतक के भाई आनंद प्रताप का कहना है कि जयंती का चरित्र संदिग्ध था और वह अक्सर लोचन से मारपीट करती थीऔर डीजल डालकर आग दी उनका यह भी कहना है कि जयंती जानबूझकर बच्चों को स्कूल भेजने के बहाने बाहर गई और इसी दौरान यह वारदात हुई। मृतक की पीलीभीत में खेती की जमीन थी, जिसे लेकर लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और जरूरत पड़ने पर पत्नी से पूछताछ की जाएगी।

# सेंट्रल जेल में कैदी सुरक्षित नहीं, फांसी लगाकर कैदी ने की आत्महत्या

- बरेली सेंट्रल जेल में बंद कैदी ने की फांसी लगाकर आत्महत्या, परिजनों ने जताई सोची समझी प्लानिंग के तहत हत्या की आशंका

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली/लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जिले के थाना गोला क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर निवासी 25 वर्षीय मुकेश पुत्र रामेश्वर ने बरेली सेंट्रल जेल में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

यह जानकारी जेल प्रशासन द्वारा कैदी के परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

मृतक के भाई महेंद्र ने बताया कि मुकेश पिछले 10 वर्षों से एक स्थानीय केस में सजा काट रहा था। पहले 6 साल लखीमपुर जेल में रहा और पिछले 3 साल से बरेली सेंट्रल जेल में बंद था। परिजनों का दावा है कि यह मामला झूठे आरोपों पर आधारित था और गांव के ही कुछ लोगों द्वारा फंसाया गया था।

महेंद्र ने बताया कि दो महीने पहले ही पूरा परिवार मुकेश से जेल में मिलकर लौटा था, उस दौरान वह पूरी तरह स्वस्थ और मानसिक रूप से सामान्य था। ₹वह हंसते हुए सभी से मिला, हालचाल पूछा और कोई परेशानी नहीं बताई,₹ उन्होंने कहा। लेकिन अचानक गुरुवार को जेल प्रशासन ने फोन कर सिर्फ इतना कहा कि मुकेश की मौत हो गई है। जब परिजन रात में जेल पहुंचे तो उन्हें शव नहीं दिखाया गया, न ही अधिकारियों ने कुछ स्पष्ट जानकारी दी। बिना जानकारी के ही शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेज दिया गया।

### जेल में कैदी सुरक्षित नहीं यह बड़ा सवाल है?

बहन पंछी देवी ने भी जेल प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि, ‌भाई बिल्कुल ठीक था। मैं खुद मिलाई के दौरान अपने हाथों से खाना खिलाकर आई थी। अगर जेल जैसी जगह में भी कैदी सुरक्षित नहीं हैं तो यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

परिजनों का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश के तहत हत्या है। वे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और कह रहे हैं कि ‌जहां तक लड़ना पड़ेगा, हम लड़ेंगे।

परिवार के अनुसार, मृतक चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था और उसकी मौत से पूरा परिवार सदमे में है। जेल प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्पष्ट बयान नहीं आया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच जारी है।

# नहीं हटाए बिजली विभाग की कॉलोनियों से अवैध कब्जे तो होगी बुलडोजर की कार्रवाई

नेशनल एक्सप्रेस


बरेली। सिविल लाइंस स्थित सर्किट हाउस और रामपुर गार्डन स्थित बिजली विभाग कॉलोनियों में वर्षों से जमे अवैध कब्जेदारों पर अब बिजली विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी अवैध कब्जे तुरंत हटाए जाएं अन्यथा बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी।

बिजली विभाग की इन सरकारी कॉलोनियों में लंबे समय से कुछ लोग बिना अनुमति के झोपड़ियां डालकर रह रहे थे वहीं कुछ सरकारी कमरों का किराए पर व्यवसायिक उपयोग भी किया जा रहा था। इसको लेकर पूर्व में कई बार शिकायती पत्र भी दिए गए, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब मुख्य अभियंता के निर्देश पर विभाग ने दोबारा निर्धारित समयसीमा में अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी कर दिए हैं। विभाग का कहना है कि यदि कब्जेदार तय समय में स्वेच्छा से कब्जा नहीं छोड़ते, तो उनके खिलाफ जुमार्ना और विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कई मामलों में बुलडोजर चलाने की तैयारी भी कर ली गई है। आपको बता दें कि रामपुर गार्डन स्थित एक अवैध डेयरी को पहले ही बुलडोजर से ध्वस्त किया जा चुका है। यह डेयरी बिना अनुमति के वर्षों से चल रही थी और सरकारी भूमि का व्यवसायिक दुरुपयोग कर रही थी।

मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने स्पष्ट कहा कि सरकारी संपत्तियों पर कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि स्वेच्छा से नहीं हटे तो विभाग सख्त कदम उठाने को बाध्य होगा। बिजली विभाग की यह सख्ती कई अन्य अतिक्रमणकारियों के लिए भी चेतावनी बन गई है। आने वाले दिनों में कार्रवाई का दायरा और बढ़ाया जा सकता है।

# साढू बनकर की फोन पर ठगी, 1.57 लाख की चपत, मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली, थाना बी-3 चैनपुर गांव भीडोलिया निवासी वकील अहमद पुत्र खलील अहमद से एक ठग ने खुद को उनका साढू बताकर फोन पर भरोसा जीता और फिर करीब 1.57 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चले वकील अहमद के अनुसार, 10 जुलाई की सुबह उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को ‌बामिकह‌ बताते हुए कहा कि वह उनका साढू है और एक परेशानी में मदद चाहिए। उसने बताया कि उसके एक विदेशी मित्र की मां बहुत बीमार है, लेकिन उनके खाते में पैसा नहीं जा रहा है, इसलिए वकील अहमद से अपना बैंक खाता नंबर मांगा ताकि वह उसके जरिए ?2.10 लाखभेज सके।

पीड़ित ने विश्वास में आकर अपना खाता नंबर दे दिया। इसके बाद उन्हें फर्जी ?2.10 लाख की रसीद भेज दी गई और अगले ही कॉल में खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए कहा गया कि पैसा डॉलर में आया है और 24 घंटे में भारतीय रुपये में बदल जाएगा। फिर 48 घंटे की बात कहकर समय टालते रहे।

इस बीच पीड़ित लगातार आरोपी के बताए गए क्यूआर कोड और मोबाइल नंबर पर पैसे भेजता रहा। उसने रिश्तेदारों से भी पैसे उधार लेकर 1.57 लाख आरोपी को ट्रांसफर कर दिए। जब ज्यादा समय बीत गया और कोई पैसा खाते में नहीं आया, तो पीड़ित को शक हुआ। जब वीडियो कॉल पर बात करने की कोशिश की तो आरोपी ने सारे नंबर बंद कर दिए।

बाद में वकील अहमद ने अपने असली साढू से संपर्क किया तो पता चला कि उसने ना कोई कॉल किया था और ना ही किसी तरह की धनराशि भिजवाई थी। धोखाधड़ी की पुष्टि होने के बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पीड़ित के मुताबिक, बैंक ऑफ बड़ौदा और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खातों से 50-50 हजार रुपये फोन-पे ट्रांजैक्शन के माध्यम से भेजे गए। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दबंग के हौसले बुलंद रास्ता चलते लोगों पर हो रहे हमलावर

- पुताई के काम से लौट रहे युवक पर दबंगों का हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। थाना कैंट क्षेत्र के कंधारपुर निवासी 25 वर्षीय मनोज पुत्र ओमप्रकाश पर गुरुवार देर शाम दबंगों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल मनोज फिलहाल अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज चल रहा है।

मनोज ने बताया कि वह बर्कलीगंज गांव से पुताई का काम करके घर लौट रहा था। रास्ते में बालाजी कॉलोनी के पास गांव के ही अर्जुन, संतोष और नरेश शराब के नशे में झगड़ा कर रहे थे। जब मनोज सड़क से निकलने लगा, तो दबंगों ने उसे गालियां दीं। विरोध करने पर तीनों ने लाठी, डंडों और बेल्ट से मनोज पर हमला कर दिया और गंभीर रूप से घायल कर मौके से फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मदद से घायल मनोज को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मनोज की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## अवैध शराब का कराया विनिष्टीकरण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

फिरोजाबाद। थाना मटसेना पुलिस ने 10 अभियोगों से सम्बन्धित 52 लीटर अवैध शराब जिसकी मूल्य करीब 12440 रुपये का विनष्टीकरण कराया है।

क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना मटसेना पुलिस ने न्यायालय जूनियर डिविजन एफटीसी प्रथम फिरोजाबाद के आदेश के क्रम में उपजिलाधिकारी सदर द्वारा गठित कमेटी जिसमें क्षेत्राधिकारी सदर, आबकारी निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक मटसेना एवं एचएम मालखाना मटसेना की मौजूदगी में नमूना संरक्षित कर माल विनष्टीकरण की वीडियोग्राफी कर थाना मटसेना पर पंजीकृत कुल 10 अभियोगों से संबंधित 52 लीटर अवैध शराब का जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर नियमानुसार विनिष्टीकरण किया गया।

# वर्दी की दबंगई दरोगा ने बीच रोड पर युवक को पीटा

- गाड़ी टच होने के बाद दरोगा ने खोया आपा सिटी स्टेशन रोड की घटना वीडियो वायरल

नेशनल एक्सप्रेस




बरेली। छोटा हाथी एक दरोगा की कार से टच हो गया। इससे बौखलाया दरोगा अपना आपा खो बैठा। उसने बीच रोड पर छोटा हाथी चालक को गाड़ी से उतार लिया और बीच रोड पर चालक को बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान मौके पर चीता मोबाइल पुलिस पहुंच गई। जिसके पुलिस चालक को अपने साथ लेकर चली गई। इस प्रकरण की किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। वायरल वीडियो सिटी स्टेशन रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास दरोगा की कार से छोटा हाथी टच हो गया था। इसी पर दरोगा अपना आपा खो बैठा। दरोगा अपनी खाकी वर्दी का रौब दिखाकर छोटा हाथी के चालक से बिना कोई बातचीत किए उस पर थप्पड़ों की बरसात कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक नेकई बार माफी मांग कर कार में आए नुकसान की भरपाई करने को कहा। बावजूद दरोगा उसे पीटता रहा। इसके दरोगा ने अपना पुलिसिया रौब दिखाकर चीता मोबाइल पुलिस को मौके पर बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस उसे साथ ले गई। इसी दौरान वहां मौजूद किसी ने इस मामले की वीडियों बनाकर वायरल कर दी। नेशनल एक्सप्रेस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# पात्रों के नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाए

- योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचाने में राशन कार्ड एक महत्वपूर्ण दस्तावेज: विपिन

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली।भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ (भाजपा प्रणित) के प्रदेश महामंत्री श्री विपिन कुमार ने अधिकारियों से आग्रह किया है कि पात्र व्यक्तियों के नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से प्रारंभ किया जाए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचाने में राशन कार्ड एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसके बिना जरूरतमंद परिवार सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हो जाते हैं।

श्री विपिन कुमार ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि यदि पात्र लाभार्थियों के राशन कार्ड बनाने में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बरती गई, तो संगठन स्तर पर विरोध दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला सीधे गरीब जनता से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसमें तेजी लाना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

संगठन की ओर से जल्द ही एक ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा, जिसमें मांग की जाएगी कि राशन कार्ड संबंधी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

# धनौरा पुलिस ने दबोचे अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के सदस्य, एसपी अमित कुमार आनंद ने किया खुलासा



- सात बाइक एक स्कूटी सहित अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

अमरोहा। धनौरा थाना पुलिस ने अंतराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि गुरुवार की देर रात धनौरा पुलिस ने चैकिंग के दौरान सरकारी अस्पताल के पीछे बनी कोठरी से तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अंधेरे का लाभ उठाते हुए उनके दो साथी नबाब और अतीक मौके से फरार हो गए। तलाशी लेने पर युवकों के पास से चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तराखंड राज्य से चोरी हुई 7 मोटर साईकिल, 1 स्कूटी, 2 अवैध तमंचे 315 बोर व 315 बोर के 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए। थाने लाकर पूछताछ के दौरान युवकों ने अपना नाम पवन कुमार पुत्र विक्रम सिंह निवासी ग्राम हुसैनपुर कलां थाना शिवाला कलां जनपद बिजनौर गौरव कुमार पुत्र शीशपाल निवासी ग्राम इस्माईलपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर नौशाद उर्फ राशिद पुत्र कयामुद्दीन निवासी ग्राम लिंडरपुर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर बताया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि गिरफ्तार तीनों युवक शातिर किस्म के अपराधी हैं जिन पर अलग अलग थानों में दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं। तीनों शातिर अपराधी आर्थिक लाभ लेने के लिए अपने साथियों संग मिलकर अलग अलग राज्य में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। और चोरी किए गए वाहनों को ग्राहकों को धोखा देकर अच्छे दामों में बेच देते थे। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# केयर हेल्थ इंश्योरेंस एवं उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर, चिकित्सकों ने दिया उचित परामर्श



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

बछरायूं। केयर हेल्थ इंश्योरेंस एवं उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर परामर्श दिया गया। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष दानवीर सिंह व बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल अग्रवाल ने शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। शुक्रवार को केयर हेल्थ इंश्योरेंस एवं उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक फत्तेपुर छीतरा के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ भाकियू टिकैत के प्रदेश अध्यक्ष दानवीर सिंह व बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में मुरादाबाद स्थित उजाला सिग्नस ब्राइट स्टार हास्पिटल के चिकित्सकों द्वारा बीपी, शुगर, दांत, आंख, कान आदि की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में लगभग सौ महिला पुरुष ने अपना हेल्थ परिक्षण कराया। हेल्थ केयर इंश्योरेंस के एरिया हेड विरेन्द्र सिंह ने नागरिकों को हेल्थ इंश्योरेंस के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर फतेहपुर शाखा प्रबंधक अंतिम कुमारी, नितिन चौधरी, जगजीत सिंह, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

# 70 वर्षीय वृद्ध किसान को राजस्व वसूली टीम ने जबरन उठाकर थाने में कराया बंद

- तहसीलदार के हस्तक्षेप के बाद भी 70 वर्षीय वृद्ध को नहीं मिली रिहाई

नेशनल एक्सप्रेस कपिल वार्ष्णेय



गुन्नौर/धनारी। राजस्व विभाग की वसूली टीम की मनमानी एक बार फिर सामने आई है। थाना धनारी क्षेत्र के गांव चन्दपुरा निवासी लगभग 70 वर्षीय वृद्ध किसान आराम सिंह पुत्र कृपाल को राजस्व संग्रह अमीन की टीम ने जबरन खेत से उठाकर प्राइवेट वाहन में डालते हुए थाना धनारी में बंद करा दिया। हैरानी की बात यह है कि किसान का दावा है कि वह पांच माह पूर्व ओटीएस (डल्ली ब्ळी री३३ं।ील्ल३) योजना के तहत अपने खाते का निस्तारण कर चुका है और भूमिभार मुक्ति भी प्राप्त कर चुका है।

बताया जा रहा है कि गुन्नौर की राजस्व विभाग की टीम किसानों से बकाया वसूली के लिए क्षेत्र में निकली थी। इसी दौरान दो गाड़ियों में सवार होकर संग्रह अमीन वीरपाल और मंगलेश कुमार आराम सिंह के खेत पर पहुंचे और नोटिस दिखाते हुए वृद्ध किसान को गाड़ी में जबरन डालकर थाने ले आए। किसान लगातार अधिकारियों से हाथ जोड़कर निवेदन करता रहा कि उसका खाता पहले ही बंद हो चुका है, लेकिन टीम ने उसकी एक न सुनी। इस दौरान टीम ने न तो कोई वैध कागज दिखाया और न ही किसान को अपनी बात रखने का मौका दिया। सबसे गंभीर बात यह है कि वसूली टीम बिना नायब तहसीलदार की मौजूदगी के कार्रवाई कर रही थी और प्राइवेट वाहनों का इस्तेमाल कर रही थी, जिन पर फर्जी तरीके से पुलिस का स्टीकर भी चिपका हुआ था। एक वाहन चालक ने संवाददाता से बातचीत में माना कि उसका पुलिस से कोई रिश्ता नहीं है, लेकिन उसने अपने चाचा के संबंधों के चलते स्टिकर लगा रखा है। जब इस घटना की जानकारी गुन्नौर तहसीलदार को दी गई तो उन्होंने तत्काल राजस्व टीम को फोन कर निर्दोष किसान को रिहा करने के निर्देश दिए। लेकिन समाचार लिखे जाने तक रात्रि 8 बजे तक भी किसान को नहीं छोड़ा गया था। इसी बीच जब संवाददाता ने इस मामले की पड़ताल करनी चाही तो राजस्व अमीन वीरपाल ने अभद्रता की और धमकियां दीं। संवाददाता को धमकी देते हुए कहा गया, ‌ज्यादा बड़ा पत्रकार मत बन, तुझे भी देख लूंगा। तेरे जैसे कई आए और कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाया।‌ यह पूरी घटना न केवल कानून की अवहेलना है, बल्कि मानवाधिकारों का भी सीधा उल्लंघन प्रतीत होती है। राजस्व विभाग की इस कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बिना वैध दस्तावेज के किसी किसान को जबरन हिरासत में लेना, न केवल प्रशासनिक गलती है, बल्कि संवैधानिक मूल्यों के भी विपरीत है। जनता और किसान संगठनों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

# डीएम-एसपी ने अटल वन का विधिविधान एवं मंत्रोच्चारण द्वारा किया शुभारंभ

●यह ग्राम विवाद रहित गाँव बनाया जा रहा है : डॉ.राजेन्द्र पैंसिया

●यह गाँव वाद मुक्त गाँव बन सकता है : कृष्ण कुमार बिश्नोई







**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल असमोली। विकासखंड असमोली के ग्राम पंचायत अखबंदपुर काफुरपुर में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या,गाँव में समाधान का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग,आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। सर्व प्रथम एक पेड़ माँ के नाम ,मियावाकी वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा अटल वन का विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण द्वारा शुभारंभ किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा हरीशंकरी वृक्षारोपण किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी के द्वारा समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया गया। उन्होंने पेंशन एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के विषय में ग्राम चौपाल में उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पहले लाभार्थी को 51 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाती थी जिसको बढाकर अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थी को एक लाख रुपये की धनराशि दी जाती है। मुख्य विकास अधिकारी ने चौपाल में उपस्थित लोगों से कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। उप कृषि निदेशक के द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा कृषि यंत्रीकरण एवं पीएम कुसुम योजना आदि के विषय मे बताया। जिला विकास अधिकारी ने मनरेगा, कैच द रेन के विषय में जानकारी दी और उन्होंन अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण के अंतर्गत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक ग्रामीण अपने खेत खलिहानों में ट्रेंच की खुदाई करें। शिक्षा विभाग के द्वारा भी अपनी विभिन्न योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने संबोधन में कहा कि आज जो ग्राम पंचायत में मिया वाकी वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत अटल वन की शुरूआत की गयी है, उन पौधों की देखभाल ग्रामवासी करें तथा प्रण लें कि सभी पेड़ों को बड़ा करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि यह गाँव वाद मुक्त गाँव बन सकता है। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आपके ग्राम में अटल वन बनाया जा रहा है।यह एक आदर्श गाँव के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि गाँव की स्वच्छता पर सभी ग्रामवासियों को ध्यान रखना होगा। कूड़ा कचरा आर आर सी सेंटर में एकत्र किया जाए। असमोली नीति आयोग का आकांक्षात्मक ब्लॉक है यहाँ की प्रत्येक ग्राम पंचायत 50 बिन्दुओं से पूर्ण संतृप्त हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों को ग्राम कुल एवं इसके महत्व के विषय में भी बताया। उन्होंने कहा कि यह ग्राम विवाद रहित गाँव बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने महाराष्ट्र के ग्राम हिवरे बाजार तथा वहाँ के ग्राम प्रधान पोपट भाई पटेल के द्वारा किये गये कार्यों के विषय में बताया। जिलाधिकारी वं पुलिस अधीक्षक द्वारा देवल ऑर्गेनिक फार्म ऐंचोडा कम्बोह में भी पौधारोपण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत की मेड़ को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, एक महिला सहित दो लोग घायल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गुन्नौर/धनारी।थाना धनारी क्षेत्र के गांव पट्टी बालूशंकर में खेत की मेड़ पर पेड़ लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। पीड़ित नईम पुत्र लाइक निवासी धनारी पट्टी बालूशंकर का कहना है कि वह सुबह करीब 9 बजे खेत पर गया था, जहां उसने देखा कि पड़ोसी रिहान पुत्र आसिफ उर्फ खचेडा और आसिफ उर्फ खचेडा पुत्र हामिद ने पेड़ मेड़ के ठीक पास लगा दिए हैं। नईम ने जब पेड़ एक हाथ हटाकर लगाने की बात कही, तो विपक्षियों ने हमला बोल दिया। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया और उसकी मां-बहन को लेकर गंदी-गंदी गालियां दीं। शोर सुनकर जब उसकी मां शकील बीच-बचाव करने आई, तो उसे भी पीटा गया। घटना से परेशान पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ग्राम मुकुटपुर में पारिवारिक विवाद, महिला घायल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गुन्नौर/धनारी। थाना धनारी क्षेत्र के ग्राम मुकुटपुर में गुरुवार दोपहर एक पुराने पारिवारिक विवाद में मारपीट हो गई पीड़ित आसिब पुत्र बनने निवासी मुकुटपुर ने बताया कि वह अपने छोटे भाई कासिम तथा गांव के ही नारायण और मुरारी आदि के साथ बैठकर हिस्सेदारी का बंटवारा कर रहा था। तभी अचानक कासिम नाराज होकर वहां से चला गया।कुछ ही देर बाद कासिम अपने चाचा साबिर पुत्र मजीद, बहन सोनम और मां प्यार बानो को साथ लेकर वापस आया और घर पर बिना किसी बातचीत के मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान पीड़ित की पत्नी को भी पीटा गया, जिससे उसकी आंख पर चोट आई है। पीड़ित का कहना है कि दोनों भाइयों की पहले ही हिस्सेदारी हो चुकी है, बावजूद इसके आए दिन कासिम बेवजह झगड़ा करता है और गाली-गलौच करता है। गुरुवार को मामला इस हद तक बढ़ गया कि घर में महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। घटना के बाद पीड़ित ने थाना धनारी पहुंचकर लिखित तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीणों ने रात में ड्रोन उड़ने की पुलिस को दी सूचना

नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार/चंदौसी। नरौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेडा खास व कासमपुर जगरूप में ग्रामीणो को रात में ड्रोन उडते दिखाई दिये ।विपुल राघव राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष ने बताया कि रात लगभग पौने ग्यारह बजे के आसपास मौसम खराब था तो अचानक बाहर घूमने आ गये जैसे ही आये तो दंग रहे गये और देखा कि एक ड्रोन ऊपर उड रहा है पडोसी भी उठ गये और तुरंत नरौली देहात पुलिस चौकी सूचना दी गई सूचना मिलते ही देहात चौकी इंचार्ज संजय शर्मा मय फोर्स के मौके पर पहुंचकर ड्रोन को देखा गया उधर सत्यपाल सिंह निवासी कासमपुर जगरूप ने बताया दो दिन से हमारे गांव में भी ड्रोन उडता दिखाई दे रहा है इसकी जानकारी हमने आटा पुलिस चौकी की है इससे दोनों गांव सहित अन्य ग्रामीण भी दहशत में है।

### खेत की मेड़ को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक महिला सहित दो लोग घायल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गुन्नौर/धनारी।थाना धनारी क्षेत्र के गांव पट्टी बालूशंकर में खेत की मेड़ पर पेड़ लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। पीड़ित नईम पुत्र लाइक निवासी धनारी पट्टी बालूशंकर का कहना है कि वह सुबह करीब 9 बजे खेत पर गया था, जहां उसने देखा कि पड़ोसी रिहान पुत्र आसिफ उर्फ खचेडा और आसिफ उर्फ खचेडा पुत्र हामिद ने पेड़ मेड़ के ठीक पास लगा दिए हैं। नईम ने जब पेड़ एक हाथ हटाकर लगाने की बात कही, तो विपक्षियों ने हमला बोल दिया। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया और उसकी मां-बहन को लेकर गंदी-गंदी गालियां दीं। शोर सुनकर जब उसकी मां शकील बीच-बचाव करने आई, तो उसे भी पीटा गया। घटना से परेशान पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भाभी से मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी, न्याय की गुहार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गुन्नौर/धनारी। थाना धनारी क्षेत्र के ग्राम भिरावटी में पारिवारिक विवाद ने उस समय उग्र रूप ले लिया जब घर में अकेली रह रही एक महिला के साथ उसके देवरों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

शीलत शर्मा पत्नी पप्पू शर्मा शुक्रवार को दोपहर करीब 1:30 बजे अपने घर पर अकेली थीं। तभी उनके देवर हरिकिशन पुत्र छवि शर्मा, रानी पत्नी छवि शर्मा एवं दयावती पुत्री छवि शर्मा घर में घुस आए और बिना किसी कारण गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर महिला के साथ लात-घूंसे व डंडों से मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर महिला की जान बचाई। महिला के अनुसार, उसके शरीर पर खरोंच और गुम चोटें आई हैं, साथ ही मारपीट के दौरान उसके दोनों कानों के कुंडल गिर गए जो नहीं मिले। घटना के बाद पीड़िता थाने पहुंची और उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चोरों को नहीं है प्रशासन का खौफ, एक के बाद एक घटना को दे रहे हैं अंजाम



●धनारी थाना क्षेत्र में एक बार फिर अज्ञात चोरों ने मकान में नकब लगाकर दिया चोरी को अंजाम

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

धनारी। थाना धनारी क्षेत्र में अज्ञात चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे आमजन में भय और आक्रोश दोनों बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला थाना धनारी क्षेत्र के ग्राम मझोला फतेहपुर का है, जहां बीती रात अज्ञात चोरों ने एक मकान की पिछली दीवार में नकब लगाकर घर के अंदर घुसपैठ की और जेवरात, नगदी, पीतल के बर्तन सहित कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।घटना उस वक्त हुई जब घर मालिक गंगा सिंह पुत्र प्यारेलाल पास ही में बने अपने घेर में सो रहा था और परिवार के बाकी सदस्य कांवड़ यात्रा पर हरिद्वार गए हुए थे। सुबह करीब 7 बजे जब पीड़ित घर पहुंचा, तो नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। दीवार टूटी हुई थी और घर के सामान बिखरे पड़े थे। पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना और वीडियोग्राफी कर घटना को संज्ञान में लिया। इसके बाद पीड़ित ने थाना धनारी में एक लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़ित गंगा सिंह का कहना है कि चोरी गए जेवरात व नगदी की सटीक जानकारी फिलहाल नहीं है। परिवार के सदस्य हरिद्वार से लौटने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि कुल कितना नुकसान हुआ है।स्थानीय लोगों में प्रशासन को लेकर रोष है और सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर कब तक ये बेखौप चोर ऐसी बड़ी-बड़ी चोरियों कोई घटना को अंजाम देते रहेंगे क्या इन्हें प्रशासन का खौफ नहीं है या फिर इन बेखौफ चोरों को प्रशासन का कोई भय नहीं है।

## डीएम-एसपी ने किया एसडीएम आवास का भूमि पूजन



**नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी**

चंदौसी। शासन से आया पैसा , इस साल बन जाएगा नया आवास तहसील चंदौसी परिसर में नए एसडीएम आवास के लिए भूमि पूजन किया गया।जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पेंसिया ने संस्था को गुणवत्ता परक निर्माण के निर्देश दिए। जिसमे जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के द्वारा तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी चंदौसी के आवास के लिए विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करते हुए भूमि पूजन किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए ।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण विभाग सुनील प्रकाश,जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार,तहसीलदार चंदौसी रवि सोनकर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चंदौसी धर्मराज एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नीलगाय को बचाते समय पलटा ट्रक, लगा लंबा जाम



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

गुन्नौर/धनारी। बीती रात थाना धनारी क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया यह हादसा जब हुआ सीमेंटेड ईंटों से लदा ट्रक अचानक हाईवे पर नीलगाय को बचाने के प्रयास में पलट गया। हादसा रात्रि करीब 1:30 बजे मझोला मंदिर के समीप आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर हुआ। ट्रक अलीगढ़ से मुरादाबाद की ओर जा रहा था। अचानक ट्रक के आगे एक नीलगाय आ गई। चालक ने जानवर को बचाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे के बीचों बीच पलट गया। ट्रक का नंबर वढ 81 ऊ 2209 बताया गया है। इस हादसे के चलते हाईवे पर दोनों ओर करीब 4 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। राहगीरों को घंटों भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर थाना धनारी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम को पूरी तरह से खुलवाया। हादसे में ट्रक का चालक व परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तुरंत घायलों को सीएचसी गुन्नौर में भर्ती कराया, जहां दोनों की हालत में अब सुधार बताया जा रहा है। इस घटना के बाद मझोला मंदिर से लेकर धनारी बस स्टैंड तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने मौके से ईंटों को हटवाकर मार्ग को साफ करवाया और ट्रैफिक सामान्य कराया।

## लूट का खुलासाः तीन शातिर आरोपी 98600 रुपये, मोबाइल व लैपटाप के साथ गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



सम्भल। थाना केलादेवी पर दिनांक 15.07.2025 की शाम के समय ग्राम करनपुर कायस्त रोड पर 03 अभियुक्तों द्वारा हीरो स्पलैंडर प्लस नं0 वढ16एख6212 से पीड़ित विनोद पुत्र मुकुट सिंह नि० ग्राम करनपुर कायस्त थाना कैलादेवी जनपद सम्भल से बैग में रखे 02 लाख 40 हजार व 02 लेपटॉप छीनकर भाग जाने के सम्बन्धतहरीर दी गयी, जिसके सम्बन्ध में थाना कैलादेवी पर मु०बीएनएस पंजीकृत किया गया था। घटना के त्वरित खुलासे हेतु पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल द्वारा टीमों का गठन किया गया।पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार बिश्नोई एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल राजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार भाटी के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये गये अभियान के तहत शुक्रवार को थाना कैलादेवी पुलिस व सर्विलांस/एस०ओ०जी० की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कस्बा गवां से आगे एक्सीलेन्ट हायर सैकेन्ड्री स्कूल गांव रजपुरा अनूपशहर रोड पर दाहिने तरह सड़क किनारे खड़ी पड़े खुले मकान से मु0 बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त नबल उर्फ सुक्खी पुत्र रनवीर नागर निवासी देवला थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्ध नगर दीपक पुत्र कन्धीलाल निवासी ग्राम पाठा थाना चरखानी जिला महुआ हाल पता किराये का मकान राजेश भाटी टावर बाली गली थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्ध नगर 3- अर्जुन पुत्र लालताप्रसाद निवासी अम्रता खास थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत हाल पता किराये का मकान वीरसिंह देवलैण्ड कानवैन्ट स्कूल के पास थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्ध नगर मय 98600 रुपये नगद व 3 अदद मोबाईलव 02 लैपटापके साथ किया गिरफ्तार किया। आरोपियों को प्र०नि० सत्य प्रकाश सिहं ,अपराध निरीक्षक सुनील कुमार,निरी० रामवीर सिंह प्रभारी सर्विलांस सैल जनपद सम्भल ,उ0नि0 बोबिन्द्र शर्मा प्रभारी एस०ओ०जी० मय टीम जनपद सम्भल , वरि,नि० मनोज कुमार , उ0नि0 रईस अहमद , उ0नि0 जतिन कुमार,का0 कपिल देव सिंह, कां0 परवेन्द्र ,का0 संजय पंवार के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट ने संगीतमय में सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी ' स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को गोलागंज के के श्री साईं शिव मंदिर वार्षिकत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गयाकशुरूआत पंडित दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर की ' इसके बाद गणेश,वंदना ,सरस्वती वंदना हनुमान चालीसा बजरंग बाण श्री राम स्तुति आदि का गायन किया गया ' इसमें सुंदर-सुंदर भजनों की छठा बिखेरी गयी। भजनों को सुनाकर पूरा परिसर बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी ने सुंदरकांड की चौपाइयों का संगीतमय व्यख्यान किया ' पाठ के बीच-बीच में सुंदर-सुंदर भजनों का आयोजन किया गया ' इसमें के जी शर्मा ने मोहन से दिल क्यू लगाया है, ये मैं जानू या वो जाने, उमा श्रीवास्तव ने मैंने सुंदरकांड कराया मेरा हनुमान यहां आया ,मुकेश ने श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में आदि भजनों को गया।

कार्यक्रम के समापन पर आरती और प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर जितेंद्र मग्गो , शीला मग्गो, अजीत ठाकुर, कमल, रमेश ग्रेवाल, राजीव शर्मा, आलोक दुबे ,सुरेश चंद शर्मा ,संजीव शर्मा ,राकेश चौबे, बिजेंद्र शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, राजेश गुप्ता, योगेंद्र कुमार,आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने पोषण पुनर्वास केन्द्र का किया निरीक्षण



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा सीएचसी चंदौसी स्थित एन आर सी ( पोषण पुनर्वास केन्द्र) का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा एन आर सी सेंटर में एडमिट सैम बच्चों की माताओं से सेंटर की व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी डॉ हरविंदर सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम मुकुटपुर में पारिवारिक विवाद महिला घायल

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

गुन्नौर/धनारी। थाना धनारी क्षेत्र के ग्राम मुकुटपुर में गुरुवार दोपहर एक पुराने पारिवारिक विवाद में मारपीट हो गई पीड़ित आसिब पुत्र बनने निवासी मुकुटपुर ने बताया कि वह अपने छोटे भाई कासिम तथा गांव के ही नारायण और मुरारी आदि के साथ बैठकर हिस्सेदारी का बंटवारा कर रहा था।

तभी अचानक कासिम नाराज होकर वहां से चला गया।कुछ ही देर बाद कासिम अपने चाचा साबिर पुत्र मजीद, बहन सोनम और मां प्यार बानो को साथ लेकर वापस आया और घर पर बिना किसी बातचीत के मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान पीड़ित की पत्नी को भी पीटा गया, जिससे उसकी आंख पर चोट आई है। पीड़ित का कहना है कि दोनों भाइयों की पहले ही हिस्सेदारी हो चुकी है, बावजूद इसके आए दिन कासिम बेवजह झगड़ा करता है और गाली-गलौच करता है।


गुरुवार को मामला इस हद तक बढ़ गया कि घर में महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। घटना के बाद पीड़ित ने थाना धनारी पहुंचकर लिखित तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

## संपादकीय

### 'अंधेरे का इतिहास' क्यों पढ़ें

21वीं सदी में जब दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष विज्ञान, और वैश्विक नागरिकता की ओर अग्रसर है, तब भारतीय स्कूली छात्र आज भी 13वीं से 17वीं शताब्दी के इतिहास को पढ़ने को बाध्य हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा 8वीं कक्षा के लिए प्रकाशित नई सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में इन्हीं कालखंडों को केंद्र में रखा गया है। इस पुस्तक की शुरुआत 'इतिहास के कुछ अंधकारमय काल पर टिप्पणी' शीर्षक से होती है, जिसमें मध्यकालीन भारत की कई क्रूर और हिंसक घटनाओं का वर्णन किया गया है।इस खंड में छात्रों से आग्रह किया गया है कि वे इन ऐतिहासिक तथ्यों का विश्लेषण निष्पक्षता से करें और उन्हें वर्तमान राजनीतिक-सामाजिक परिप्रेक्ष्य से न जोड़ें। लेकिन यह बात स्वयं में एक विरोधाभास को जन्म देती है। यदि किसी ऐतिहासिक काल को 'अंधकारमय' कहकर पढ़ाया जा रहा है, और उसमें धर्म-आधारित आक्रमण, मंदिरों के विध्वंस, गुरुद्वारों पर आक्रमण, और सामूहिक जनसंहार जैसी घटनाओं का उल्लेख है, तो यह कैसे संभव है कि छात्र उसे केवल 'तथ्यात्मक' रूप में ग्रहण करें, बिना किसी मानसिक प्रभाव या प्रतिक्रिया के ?8वीं कक्षा का छात्र एक अत्यंत कोमल और विकसित होते हुए मन का प्रतिनिधित्व करता है। उसे जो भी पढ़ाया जाता है, वही उसके मूल विचारों, दृष्टिकोण और सामाजिक बोध की नींव रखता है। यदि उसे ऐसे इतिहास से परिचित कराया जाएगा जिसमें एक पूरी कौम को 'हमलावर', 'हत्यारा' या 'सनातन-विरोधी' बताया गया है, तो उसके मन में अस्वीकार, द्वेष या नफरत का भाव उत्पन्न होना स्वाभाविक है। यह चिंता केवल एक वैचारिक बहस नहीं, बल्कि भारत जैसे बहुलतावादी समाज की एक गहरी सामाजिक चुनौती है।वामपंथी इतिहासकार इस प्रकार के इतिहास को पढ़ाने को 'सांप्रदायिक एजेंडा' बताते हैं, जबकि आलोचक इसे ऐतिहासिक सच्चाई की पुनःस्थापना का प्रयास कहते हैं। प्रश्न यह नहीं है कि इतिहास को कैसे लिखा जाए, बल्कि यह है कि इतिहास को क्यों और किस दृष्टिकोण से पढ़ाया जाए। मुगल-काल, दिल्ली सल्तनत और अन्य मुस्लिम शासकों की कहानियों को वर्तमान भारत के स्कूली छात्रों को पढ़ाना यदि जरूरी है, तो यह भी जरूरी है कि उस काल के सकारात्मक, निर्माणात्मक, और सांस्कृतिक पक्षों को भी उतनी ही ईमानदारी से प्रस्तुत किया जाए। केवल मंदिर विध्वंस या धार्मिक प्रताड़ना पर एकतरफा दृष्टिकोण छात्रों में ऐतिहासिक विद्वेष और सामाजिक द्वंद्व पैदा कर सकता है। यदि इतिहास 'अंधकारमय' था, तो क्या उसे अंधकार में ही छोड़ देना उचित नहीं होता ?आज जब भारत एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक और प्रगतिशील देश है, और 1947 के बाद कई ऐतिहासिक परिवर्तन हो चुके हैं, तो यह और भी जरूरी हो जाता है कि छात्रों को ऐसे नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, वैज्ञानिकों, और समाज सुधारकों की कहानियाँ पढ़ाई जाएँ जिन्होंने इस राष्ट्र को उसके आधुनिक स्वरूप तक पहुँचाया। लेकिन अफसोस की बात है कि पाठ्यक्रम में अभी भी बाबर, अकबर, और औरंगजेब जैसे शासकों को प्रमुखता से पढ़ाया जा रहा है, और उन्हें अक्सर एकतरफा रूप में क्रूर, धार्मिक कट्टर, और सनातन विरोधी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।यह विरोधाभास भी चिंताजनक है कि एक ओर सरकार और कुछ संस्थाएं इतिहास का पुनर्लेखन करने की बात करती हैं, दूसरी ओर उन्हीं शासनकालों को आज की पीढ़ी को पढ़ाया भी जा रहा है। यदि मुगलों का काल सचमुच भारत के लिए दमनकारी और अंधकारपूर्ण था, तो उसका इतना विस्तृत वर्णन छात्रों को पढ़ाने का औचित्य क्या है ? क्यों उन्हें उस काल के कथित अत्याचारों से बार-बार रूबरू कराया जाता है ?इस तरह की शिक्षापद्धति क्या वाकई भविष्य के डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और उद्यमी तैयार करेगी ? या फिर वह केवल ऐसे युवाओं को जन्म देगी जिनका दृष्टिकोण विगत से बँधा हुआ होगा, और जो सामाजिक समरसता के स्थान पर विभाजन और द्वेष को अधिक महत्व देंगे ?ऐसे इतिहास का उद्देश्य यदि केवल नफरत पैदा करना है, तो यह शिक्षा के मूल उद्देश्यों के ही विरुद्ध है। छात्रों को इतिहास पढ़ाना आवश्यक है, लेकिन वह इतिहास जो उन्हें आलोचनात्मक सोच, समावेशिता और संवेदनशीलता के साथ समझा सके।

# जम्मू-कश्मीर में इतिहास का विवाद आखिर क्या है?




कुलदीप चंद अग्निहोत्री

इन त्रासद स्थितियों में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा नहीं, बल्कि अपने खोए हुए जनाधार को पुनः प्राप्त करने के लिए लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। विशेषतः लोकसभा हो या विधानसभा के चुनाव-इनमें जरूरी एवं जनता से जुड़े विषयों को उठाने की बजाय लोकतंत्र एवं संविधान के खतरे में होने के राग से जनता को गुमराह करना आम बात हो गयी है।

श्रीनगर में शहीद स्मारक के नाम से एक स्थान है जहां हर साल 13 जुलाई को कुछ राजनीतिक व दूसरे लोग जाकर माथा निभाते हैं। इस स्थान पर 22 लोगों की कब्रें बनी हुई हैं जिनके बारे में कहा जाता है कि वे 1931 मैं पुलिस की गोली से मारे गए थे। इस कब्रिस्थान को मजार-ए-शुहदा यानी शहीदों की मजार के नाम से भी जाना जाता है। दरअसल श्रीनगर में अब्दुल कादिर खान नाम के एक अपराधी पर मुकद्दमा चल रहा था। यह अपराधी कौन था और इसे कौन लाया था, इसको लेकर अभी भी विवाद चलता रहता है। जाहिरा तौर पर तो यह कहा जाता है कि यह एक अंग्रेज अफसर का रसोइया था। यह रसोई का काम कितना करता था, इसके बारे में कहना तो मुश्किल है, लेकिन इतना निश्चित है कि यह शहर भर में मुस्लिम कश्मीरियों को हिंदू कश्मीरियों के खिलाफ भडक़ाने वाले भाषण करता था। ब्रिटिश सरकार जम्मू-कश्मीर के उस समय के महाराजा हरि सिंह के बहुत खिलाफ रहती थी क्योंकि महाराजा कभी उनके यूनियन जैक यानी झंडे को उतरवा देता था, कभी रेजीडेंट कमिश्नर की गतिविधियों को सीमित कर देता था। सबसे बड़ी बात यह कि महाराजा ब्रिटिश सरकार को गिलगित का इलाका पट्टे पर देने से इन्कार कर रहा था। इसलिए अब्दुल कादिर खान नाम का यह व्यक्ति सबसे ज्यादा गालियां महाराजा हरि सिंह को देता था। जाहिर है कि जम्मू कश्मीर सरकार ने इस अज्ञात कुल शील शख्स को गिरफ्तार कर लिया और जेल में बंद कर दिया। खान की गिरफ्तारी के बाद वह अंग्रेज अफसर भी गायब हो गया।

यह भी चर्चा चलती रहती है कि नेशनल कान्फ्रेंस, जिसके मालिक उन दिनों शेख मोहम्मद अब्दुल्ला थे, के लोग भी उस अंग्रेज अफसर को जानते थे और वही उसे श्रीनगर लेकर आए थे। शेख अब्दुल्ला श्रीनगर और उसके आसपास लोकप्रिय तो हो रहे थे लेकिन सशक्त सैयद लॉबी उन्हें अपना प्रतिद्वन्द्वी मानती थी क्योंकि वह लॉबी मानती थी कि कश्मीरी मुसलमानों के वे स्वाभाविक नेता हैं। शेख अब्दुल्ला, जो कश्मीरी थे, अब व्यक्तिगत बातचीत में कहने लगे थे कि कश्मीरियों को अब बाहर से आए सैयदों के नेतृत्व की जरूरत नहीं है, बल्कि वे स्वयं अपने मसले सुलझाने में सक्षम हैं। यह सैयदों और कश्मीरी मूल के मुसलमानों का नेतृत्व को लेकर झगड़ा था।



लेकिन सैयदों के पास एक तुरुप का पत्ता था जिसकी काट शेख अब्दुल्ला के पास भी नहीं थी। सैयद श्रीनगर की दो मुख्य मस्जिदों, खानगाहे मौला और जामिया मस्जिद पर काबिज थे। इन मस्जिदों में मजहबी कारणों से हर जुम्मे के दिन हजारों कश्मीरी आते थे। इस अवसर पर ये सैयद वायज कश्मीरियों को भावनात्मक स्तर पर मजहब से जोड़ कर अपने पाले में रखते थे। शेख अब्दुल्ला के पास इसकी काट नहीं थी। यह काट इस अज्ञात अंग्रेज अधिकारी ने अपने रसोइए के माध्यम से मुहैया करवाई थी। वह रसोइया अब जेल में बंद था और अंग्रेज अफसर अपना काम खत्म कर जा चुका था। अब अगला काम शेख अब्दुल्ला और उसके ग्रुप को करना था। इस काम के लिए अपने लोगों को जेल के बाहर एकत्रित किया गया और जेल के दरवाजे को तोड़ कर अब्दुल कादिर खान को मुक्त करवाने का आह्वान किया गया। पुलिस ने इस गुरप के लोगों को रोकने की कोशिश की, लेकिन यह ग्रुप को न रुकने के लिए ही आया था। पुलिस ने गोली चला दी।

कुछ लोग मारे गए और बहुत से घायल हो गए। लेकिन मरने वालों में या घायल होने वालों में कोई शेख अब्दुल्ला के ग्रुप का था या नहीं, इसके बारे में अभी तक गहन चुप्पी का वातावरण है। कितने लोग मारे गए, इसके बारे में भी कोई निश्चित प्रमाण नहीं हैं। अलबत्ता यह चर्चा गली बाजार में अभी तक चलती रहती है कि जानबूझ कर घायलों को अस्पताल ले जाने की बजाय मरने दिया गया ताकि मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो जाए। शेख अब्दुल्ला ने यह बात फैलाना शुरू कर दी। एक घायल व्यक्ति ने उन्हें अपने पास बुला कर कहा कि हमने अपना काम कर दिया है, अब आगे का काम तुमने करना है। शेख अब्दुल्ला ने कभी यह नहीं बताया कि उस घायल की यह बात सुन कर, उन्होंने उसे अस्पताल ले जाने की भी कोशिश की या फिर उसकी मौत का इंतजार करते रहे, ताकि आगे का काम आसान हो जाए। घायल तड़पते रहे और कुछ लोग उनके मरने का इंतजार करते रहे, ताकि आगे का काम आसान हो जाए। कहा जाता है कि अंत में बाईस व्यक्ति दम तोड़ गए थे। कुछ गोली से और कुछ इलाज के इंतजार में। जो इलाज का इंतजार कर रहे थे, उनके आसपास के लोग उनके मरने का इंतजार कर रहे थे। जब यह इंतजार खत्म हुआ तो बाईस लोग यह दुनिया छोड़ कर जा चुके थे। जिनकी मौत मौके पर ही हो गई थी, उनके रिश्तेदार तो इसे 'रब्ब का भाना' मान कर सब्र भी कर लेते, लेकिन जिनकी मौत इंतजार में हुई थी, उनके रिश्तेदार बहुत साल तक उस राजनीति को कोसते रहे जिसने उनकी जान ली थी। जब रिश्तेदार अपने प्रियजनों की लाशें ले जाने लगे ताकि कब्रिस्तान में उनको सुपुर्दे खाक किया जा सके, तो शेख अब्दुल्ला के गुरप ने उन्हें ऐसा करने से रोका। राजनीति की भाषा में कहा जाए तो समझाया। इस समझाने का एक बहुत बड़ा कारण था। शेख मोहम्मद अब्दुल्ला को अपनी अगली लड़ाई के लिए 'मजार-ए-शहीद' चाहिए थी। उसके लिए लाशें चाहिए थीं। वे लाशें अब जाकर किसी अज्ञात अंग्रेज अफसर और उसके रसोइए अब्दुल कादिर खान ने मुहैया करवाई थीं। ये लाशें किसी भी कब्रिस्तान में दफन हो जातीं तो उस अंग्रेज अधिकारी के श्रीनगर आने का उद्देश्य क्या रहता ? श्रीनगर में रातोंरात चर्चा चलाई, ये लोग शहीद हुए हैं। कितने शहीद हुए, यह श्रीनगर में आज भी बहस का विषय बना रहता है।

लेकिन कब्रें 22 हैं तो माना जा सकता है 22 ही होंगे। पर लोगों की जुबान का क्या, जितने मुंह उतनी बातें। शहीदों की मजार होती हैं। इसलिए मजार-ए-शहीद अस्तित्व में आई। सैयदों के पास अपने केन्द्र थे और उनके मुकाबले में शेख अब्दुल्ला के पास भी एक भावनात्मक केन्द्र आ गया था। लेकिन यह मजार शेख को दे देने के बाद न कहीं उस अंग्रेज का पता चला और न ही अब्दुल कादिर खान का। शेख अब्दुल्ला मुख्यमंत्री बने। उन्होंने 13 जुलाई की सार्वजनिक छुट्टी ही घोषित कर दी। बाकायदा मजार पर 13 जुलाई को हर साल मेला लगने लगा। बहुत से लोग विरोध भी करते कि उन बेगुनाह लोगों, जो राजनीति का शिकार होकर बेवजह मारे गए, पर अब तो राजनीति बंद करो ताकि वे कब्र के अंदर तो सुकून से पड़े रहें। लेकिन तब अनुच्छेद 370 लागू था। न कोई जम्मू वालों को पूछता था न लद्दाख वालों को। न कश्मीर के गुज्जरों की कोई हैसियत थी और न ही पहाडियों की। अब लोगों ने इस मजारे शहीद को राजनीति का अड्डा बनाने का विरोध किया तो सरकार ने 13 जुलाई की सार्वजनिक छुट्टी बंद कर दी। मजार पर जाकर लोगों के भावनात्मक शोषण को भी बंद किया। लेकिन कुछ लोगों की राजनीति का दाल-फुल्का इसी भावनात्मक शोषण के सहारे चलता है। इसलिए शेख मोहम्मद अब्दुल्ला के बेटे उमर अब्दुल्ला ने बहुत हो-हल्ला किया। वे 13 जुलाई की बजाय 15 जुलाई को, जिस स्थान पर इन बाईस मृतकों की कब्रें बनी हुई हैं, उस स्थान की दीवार फांद कर अंदर घुस गए। कुछ समय वहां रह कर वापस आ गए। उनका कहना था कि वे वहां उनका फातिहा पढक़र आए हैं। बेहतर होगा उमर अब्दुल्ला प्रदेश के लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए समय निकालें, प्रदेश के विकास की कोई कारागार नीति बनाएं, शिक्षा की ओर ध्यान दें, ग्रामीण इलाकों में सडक़ों की ओर ध्यान दें। गरीब और भोले-भाले कश्मीरियों की इमोशनल ब्लैकमेलिंग बंद कर यदि राज्य की असली समस्याओं की ओर ध्यान देंगे, तो ज्यादा लाभकारी होगा। कश्मीर के विकास के लिए केंद्र से जो बड़ी राशि आ रही है, उसका सदुपयोग तय करना होगा।

## इतिहास के दर्पण में 19 जुलाई

19 जुलाई विश्व इतिहास के पन्नों में एक ऐसी तिथि के रूप में अंकित है, जो न केवल घटनाओं का संकलन है, बल्कि परिवर्तन, संघर्ष और नवचेतना की प्रतीक भी है। यह दिन हमें बार-बार याद दिलाता है कि इतिहास में घटने वाली घटनाएँ केवल क्षणिक नहीं होतीं, बल्कि वे पीढ़ियों के भविष्य को दिशा देने वाली शक्तियाँ होती हैं।भारत के लिए 19 जुलाई का विशेष महत्त्व है। वर्ष 1969 में इस दिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 14 प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। यह निर्णय देश के आर्थिक इतिहास में एक युगांतरकारी बदलाव बन गया। इससे पहले बैंकिंग व्यवस्था मुख्यतः पूंजीपतियों तक सीमित थी, लेकिन राष्ट्रीयकरण के बाद यह सेवा आम जनता, किसानों, छोटे व्यवसायियों और ग्रामीण भारत तक पहुँच सकी।

यह निर्णय आर्थिक समावेशन और सामाजिक समानता की दिशा में एक बड़ा कदम था, जिसने भारत को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया।इसी दिन एक और ऐतिहासिक घटना घटी, जिसने महिला अधिकारों के इतिहास में नया अध्याय जोड़ा। वर्ष 1848 में अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य के सेनेका फॉल्स शहर में पहला महिला अधिकार सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन लैंगिक समानता और महिला मताधिकार की वैश्विक लड़ाई का प्रारंभिक स्वरूप था। इस सम्मेलन से यह स्पष्ट हुआ कि महिलाएं समाज में केवल सहयोगी नहीं, बल्कि नेतृत्व की पूर्ण अधिकारिणी



हैं। इसने आगे चलकर दुनिया भर में नारी सशक्तिकरण आंदोलनों को प्रोत्साहन दिया।19 जुलाई 64 ईस्वी को प्राचीन रोम में एक भयावह अग्निकांड हुआ, जिसने शहर के बड़े हिस्से को जला दिया। यह आग कई दिनों तक भड़की रही और रोम का सांस्कृतिक और भौगोलिक स्वरूप पूरी तरह बदल गया। यह घटना इतिहास में केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं रही, बल्कि यह भी प्रमाण बनी कि संकटों के दौर में नेतृत्व, जवाबदेही और पुनर्निर्माण का महत्त्व क्या होता है।19 जुलाई 1969 को विज्ञान के क्षेत्र में भी एक नई उपलब्धि दर्ज हुई, जब अपोलो–11 मिशन चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक पहुँचा। नील आर्मस्ट्रांग, बज़ एलड्रिन और माइकल कॉलिन्स इस ऐतिहासिक मिशन के सदस्य थे। यह वह क्षण था जब मानव सभ्यता ने पहली बार चाँद को केवल कल्पना नहीं, बल्कि यथार्थ के रूप में छुआ। यह विज्ञान, जिज्ञासा और मानव साहस की सर्वोच्च मिसाल है।इसी दिन ब्रिटेन के इतिहास में भी एक महत्वपूर्ण सत्ता परिवर्तन हुआ, जब 1553 में लेडी जेन ग्रे को हटाकर मैरी ट्यूडर को इंग्लैंड की रानी घोषित किया गया। यह घटना इंग्लैंड के धार्मिक और राजनीतिक इतिहास में परिवर्तन की प्रतीक बनी। मैरी प्रथम ने महिला नेतृत्व को एक ऐतिहासिक पहचान दी, चाहे उनका शासन कितना भी विवादास्पद रहा हो।भारत के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले महान सेनानी मंगल पांडे का जन्म भी 19 जुलाई 1827 को हुआ था। उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत की और ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी। उनका साहस आज भी देशभक्ति और विद्रोह की प्रेरणा बना हुआ है।यह दिन गोपालदास नीरज जैसे महान कवि की भी स्मृति दिलाता है, जिनकी कविताएँ जनमानस की भावनाओं को स्वर देती रहीं। उनका निधन 19 जुलाई 2018 को हुआ, पर उनका साहित्यिक योगदान आज भी जीवंत है।इतिहास में यह दिन एक त्रासदी का साक्षी भी बना, जब 1692 में अमेरिका के सलेम शहर में पाँच महिलाओं को चुड़ैल होने के आरोप में फाँसी दे दी गई। यह घटना सामाजिक अंधविश्वास और अन्याय की चरम सीमा को दर्शाती है, और आज भी समाज को चेतावनी देती है कि विवेक और मानवता ही न्याय का आधार होने चाहिए।19 जुलाई केवल तिथि नहीं है, यह एक प्रतीक है – न्याय, समानता, नवाचार और संघर्ष का प्रतीक। यह दिन हमें सिखाता है कि इतिहास केवल किताबों में नहीं लिखा जाता, वह समाज की चेतना, उसकी नीतियों और उसके दृष्टिकोण में जीवित रहता है। 19 जुलाई हमें प्रेरित करता है कि हम अपने वर्तमान को समझें, अतीत से सीखें, और एक ऐसे भविष्य की नींव रखें जो मानवीय मूल्यों से समृद्ध हो।

## समसामयिक

### बेतवामैया उद्गम पर पुनर्प्रवाहित-अनूठा प्रयास



डॉ.सुरेश गर्ग

'पूत कपूत हो सकता है, माता कुमाता नहीं होती' यह बात बेतवा मैया ने अपने उद्गमस्थल झिरी गाँव में पुनर्अवतरित होकर सच साबित कर दी। यह दुर्भाग्य है कि वर्तमान पूंजीवादी विज्ञापनी व्यापारिक मारीची व्यवस्था में 'माताओं'- पृथ्वी, गाय, अन्नपूर्णा, सरस्वती, नदी, भारत माता आदि का भौतिक विकास के नाम पर हर स्तर पर दोहन हो रहा है! किसी को होश नहीं कि वह क्या, क्यों कर रहा है, कौन करा रहा है और नतीजा क्या होने वाला है ? जैसे आज 'चार्वाक दर्शन' आदर्श भारतीय दर्शन बन गया हो! 'बाप बड़ा न मैया, सबसे बड़ा रुपैया' स्टेटस सिंबल (पहचान) बन गया है! अत: आज पंचतत्वों के साथ मनमानीपूर्ण खिलवाड़ किये जाने के कारण समस्त जीव-जगत त्राहि-त्राहि करता नज़र आ रहा है। ऐसी बदनसीब परिस्थितियों के बीच चार माह पहले जीवन एवं परमगतिदायनी गंगा-यमुना माताओं की धमनियों को भरने वाली पौराणिक बेतवा मैया रूठकर अपने उद्गमस्थल झिरी गांव से लुप्त हो गयी। परन्तु उसके कुछ सपूत पुत्रों एवं श्रद्धालुओं ने भगीरथी संकल्प के साथ मात्र निजी तन मन धन की आत्मशक्ति से उसे पुनर्प्रवाहित करने के लिए कमर कस ली!

इसकी अगुआई का जिम्मा तीन वर्ष पहले बने समूह- 'बेतवा अध्ययन एवं जन जागरण यात्रा समूह' ने लिया, जिसके परिकल्पना स्रोत- ग्राम सेवा समिति भोपाल के डॉ. आर के. पालीवाल साहब और गांधी सुमिरन मंच विदिशा के डॉ. सुरेश गर्ग रहे, जिनका साथ दिया देश के क़रीब एक दर्जन प्रदेशों के जल एवं पर्यावरणविद तथा स्वयसेवी संस्थाओं ने। सात दिवसीय यात्रा के दौरान ज्ञात हुए तथ्यों से शासन-प्रशासन एवं संबंधित लाभार्थी जनता को बार-बार अवगत कराने एवं चेताने के बाद भी नतीजा – 'ढाक के तीन पात' रहा! जब बेतवा मैया उद्गम से लुप्त हो गयी तब विज्ञापनी हायतौबा मची, जुमलों की तरह सरकारी घोषणाएं और कुछ सतही काम हुए, परन्तु ज़मीनी स्तर पर कुछ नज़र नहीं आया, तब उपरोक्त समूह के नेतृत्व में जल संरक्षण के लिए सघन रूप से कार्ययोजना बनायी गयी। जिसके अंतर्गत कई कृत्रिम एवं प्राकृतिक अवरोधों के बावजूद समूह ने बिना किसी शासकीय मदद के, बिना पैसा खर्च किये, मात्र व्यक्तिगत संसाधनों एवं श्रमदान से संबंधित पहाड़ी पर स्थानीय लोगों से मिलकर 55 चैक डेम तैयार कर दिये। इसके बाद से निरंतर फलदार वृक्ष रोपित किये जा रहें हैं, अब तक पाँच सौं पौधे रोपे जा चुके हैं। फलस्वरूप बेतवा मैया गीतासार के अनुरूप- "कर्म करो फल की आशा मत करो" का फल देती हुई, पहली बरसात में ही वापस उसी स्थल पर अवतरित हो गयीं। गांधी कहते हैं- पवित्र साध्य के लिए साधन भी पवित्र हों तो मंज़िल अवश्य मिलती है! रामजी की गिलहरी की तरह शुरु हुए उस लघु प्रयास में डॉ. आर के पालीवाल साहब, प्रो. अरविंद द्विवेदी एवं श्री विनोद पटेरिया पहले मील के पत्थर साबित हुए जो निर्धारित कार्यक्रम के एक दिन पहले झिरी पहुँच गये। श्री द्विवेदीजी और पटेरियाजी वहीं गाँव में किसी के घर में रुके, स्थानीय युवकों एवं बालकों को जोड़ा और दूसरे दिन विदिशा से हम पाँच लोग पहुँच गये। इसके पहले युवा संगठन एवं ग्राम-स्टे के कर्ताधर्ता श्री परिक्षित सिंह जी सारी व्यवस्थाओं के साथ वहाँ मौजूद थे। मात्र 9लोगों ने बिना किसी संकोच और अपेक्षा के कार्य शुरू करते हुए एक चैक डेम तैयार किया। विदिशा से गये सैंटमेरी कॉलेज के दो छात्र वहाँ रात को रुक गये। दूसरे दिन से सर्वश्री डॉ. परसुराम तिवारीजी, अभ्युदय केलकर, जितेंद्रसिंहजी सेंगर आदि जुड़ते गये। श्री शरदसिंहजी कुमरे अपने साथियों एवं संसाधनों से अपना काम करते रहे, तो श्री सुनील दुबे वृक्षमित्र भी जुड़े। नमन सेवा समिति के मुखिया श्री शिशिर भाई द्वारा बेतूल से भेजे स्वयंसेवकों, इंदौर, ग्वालियर एवं अन्य जिलों से आये साथियों के बाद कारवां बनता चला गया।

वहाँ के पुजारी, सरपंच एवं स्थानीय लोगों के साथ जब बासौदा में बरसों से बेतवा मैया पर श्रमदान कर रहे समूह के सदस्य श्री आकाश जैन के साथ वहाँ पहुँचे तो एक दिन में 30 चैक डेम बना दिये गये। इनके अलावा हम आभारी हैं उन सभी महानुभावों के जिन्होंने प्रत्यक्ष या परोक्षरूप से कभी भी कहीं भी किसी भी प्रकार का सहयोग किया है। उन सबका नामजद ज़िक्र करना यहाँ संभव नहीं है। मार्च माह में हुई पहली मीटिंग में पधार कर जिन्होंने हौसला अफजाई की उनका योगदान किसी भी प्रकार कम नहीं आंका जा सकता, उनका आभार! यहाँ श्री कौशलेंद्र सिंहजी आई. एफ. एस. (पूर्व वन मंडलाधिकारी) का ज़िक्र करना सबसे महत्वपूर्ण है, जिन्होंने शुरु से अपने वैज्ञानिक ज्ञान एवं अनुभव से हर स्तर पर खड़े होकर सहयोग प्रदान किया। उन पत्रकारों एवं सोशल मीडिया पर कार्य करने वालों को कैसे भूला जा सकता है ,जिनके बिना यह अभियान राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचा। यदि किसी का ज़िक्र करना रह गया हो तो माफी चाहता हूँ! जय बेतवा

# रेखा की अदाकारी की ऐतिहासिक फिल्म 'उमराव जान' के 44 वर्ष पर विशेष लेख

उमराव जान ये शब्द कानों में पड़ते ही जेहन में एक चेहरा उभर के आता है, और वो है हर दिल अजीज खूबसूरत अदाकारा रेखा। कहते हैं कि बीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता, पर इस मामले में अभिनेत्री रेखा एक अपवाद हैं - जिनको देखकर लगता है जैसे वक्त मानो थम सा गया हो। उम्र के इस पड़ाव पर भी जब भी कभी वो सामने आ जाती हैं, तो धड़कनें बढ़ जाती हैं। कुछ ऐसा करिश्मा है अभिनेत्री रेखा का।



आज चवालीस वर्ष बाद भी सिनेमा घरों में फिर से उमराव जान हमारे सामने है। यह अद्भुत संयोग की बात है कि इस साल उमराव जान फिल्म और नेशनल एक्सप्रेस दोनों के 44 साल पुरे हुए। नेशनल एक्सप्रेस के संपादक विपिन कुमार गुप्ता तभी से राष्ट्र सेवा में कार्य कर रहे हैं।

चवालीस वर्ष लगभग आधी सदी, जिसमें न जाने कितना कुछ बदल गया। पीढ़ियाँ बदलीं, दौर बदले, फैशन बदले और यहाँ तक कि दर्शकों का स्वाद भी बदल गया। आज जब हम नेटफ्लिक्स, ओटीटी वेब सीरीज के जमाने में जी रहे हैं, तो ऐसे में इस फिल्म को पुनः प्रदर्शित करना किसी जोख़िम से कम नहीं होगा मगर आज भी रेखा ने अपनी स्क्रीन प्रेजेंस खोई नहीं है और वह आज भी इतना दमखम रखती है कि वो इतिहास दोहरा सकती हैं।




मुज़फ्फर अली का शाहकार उमराव जान को इस बार पुनः प्रदर्शित किया गया है। उन्नीस सौ इक्यासी में प्रदर्शित मिर्जा हादी रुस्वा के उपन्यास पर आधारित यह उत्कृष्ट फिल्म भारतीय सिनेमा की अमूल्य धरोहर है। रेखा की शानदार अदायगी ने उमराव जान को अमर कलाकृति बना दिया। ख़य्याम साहब का संगीत और आशा भोसले की बेमिसाल गजलों ने इसे हमेशा के लिए यादगार बना दिया है। फिल्म की खूबसूरत कॉस्ट्यूम, सेट्स और शानदार स्टार कास्ट ने इस फिल्म को एक खूबसूरत कला कृति बना दिया है।

रेखा ने उमराव जान के किरदार में जो सशक्त उपस्थिति दर्ज की है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, उनकी संवाद अदायगी, उर्दू शायरी में लिपटा हुआ उनका दर्द और कलात्मक सौंदर्य - सब कुछ अभिभूत और निशब्द कर देने वाला है। उमराव जान अपने नृत्य, जीवन्त अभिनय से दर्शकों को सम्मोहित कर अपनी ही दुनिया में ले जाती है और आज एक लंबे अंतराल के बाद भी वो फिर से वही जादू बिखेरने का हुनर रखती हैं।

दर्शकों के दिल और दिमाग पर उनका एक नायिका के रूप में दर्शकों के दिलों दिमाग पर रेखा का ग्लैमर इतना ऊँचा है कि वह आज भी उमराव जान का किरदार निभा सकती हैं। एक बार ख़य्याम साहब ने एक अवार्ड फंक्शन में कहा था कि रेखा उमराव जान है और उमराव जान ही रेखा है। अगर रेखा ना होती, तो उमराव जान ना होती - एक ऐसा सच है जिसे कभी भी बदला नहीं जा सकता।

उमराव जान में सर्वश्रेष्ठ अदायगी के लिए अभिनेत्री रेखा को राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया और आशा भोसले को सर्वश्रेष्ठ गायिका, ख़य्याम साहब को सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आज फिर से इतिहास लिखा जा रहा है, क्योंकि दौर चाहे कोई भी रहा हो रेखा ने हर बार ये साबित कर दिखाया है कि इस शममे फ़रोज़ा को आंधी से डराते हो, इस शममे फ़रोज़ा के परवाने हजारों हैं।

**- ऋषभ शर्मा, रेखा द डीवा ऑर्गनाइजेशन**

## खबरें फटाफट

### समाज सेवी संस्था ने हृदय रोग संस्थान को भेंट किए उपकरण



कानपुर। बढ़ती हुई मरीजों की संख्या को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को लक्ष्मीपति सिंघानिया हृदय रोग संस्थान कार्डियोलॉजी' मे 16 विजिटर 3 सीटर चेयर एवं 1 विश्व स्तरीय वेंटीलेटर का सहयोग दिया गया। जिसका इस्तेमाल संस्थान में भर्ती मरीजों के लिए किया जाएगा। हृदय रोग संस्थान के निदेशक डॉ राकेश वर्मा , डॉ ज्ञानेंद्र सिंह, उमेश्वर पांडे एवं संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्थान में रोगी कि अचानक तबीयत खराब हो जाने पर वेंटीलेटर की बहुत ही आवश्यकता रहती है जिससे मरीज को जीवन दान मिल सकता है। संस्था द्वारा सहयोग के रूप में दिए गए उपकरणो से मरीजो की जान बचाने में काफी मदद मिलेगी। संस्थान के निदेशक डॉक्टर राकेश वर्मा एवं पदाधिकारियों की तरफ से समिति का आभार व्यक्त किया गया। श्री आदिशक्तिजीण माता सेवा समिति के महामंत्री अमित खंडेलवालने इस अवसर पर कहा कि समिति द्वारा ऐसे सेवा कार्य निरंतर होते रहे हैं और आगे भी हम करते रहेंगे।

समिति की तरफ से अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल,अमित खंडेलवाल ,राजेंद्र प्रसाद दारुका, अनिल कनोडिया, राजेश बेदी,योगेंद्र पांडे, मनीष दारूका ,श्याम सुंदर शर्मा ,संजय खेतान, वैभव अग्रवाल , पुलक अग्रवाल, ऋषभ कनोडिया, मयंक कनोडिया एवं जीण माता सेवा समिति महिला मंडल से अध्यक्ष कविता पांडे एवं कोषाध्यक्ष चारु अग्रवाल तथा राजकुमारी दारूका उपस्थित रही।

### मत्स्य पालन हेतु तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा आवंटन नीलामी 19 अगस्त को

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी रसूलाबाद ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि तहसील रसूलाबाद के अन्तर्गत मत्स्य पालन हेतु निम्नवत तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा आवंटन करने हेतु तहसील रसूलाबाद के सभा कक्ष में दिनांक 19.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेगा। आवंटन उ०प्र० राजस्व संहिता 2006 की धारा 61 एवं उ०प्र० राजस्व संहिता नियमावली-2016 के नियम 57 व 58 में विहित प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा।

उक्त तालाबों के आवंटन हेतु नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति नीलामी सम्बन्धी शर्तों व नियमों की जानकारी करने हेतु तहसीलदार रसूलाबाद / नीलाम अधिकारी से संम्पर्क कर सकते है। जिन तालाबों का क्षेत्रफल 2 हेक्टेयर से अधिक है उनकी नीलामी पंजीकृत मछुआ समुदाय से सम्बन्धित समिति के हक में की जायेगी। जिन तालाबों की नीलामी दिनांक 19.08.2025 को न हो सकेगी उनकी नीलामी दिनांक 20.08.2025 व 22.08.2025 को पुनः की जायेगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण एवं निरीक्षण प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**



कानपुर नगर, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में गर्भधारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के अंतर्गत समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी, कानपुर नगर की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अधिनियम के अंतर्गत नामित सदस्यों की उपस्थिति रही।

बैठक में पंजीकरण, नवीनीकरण, स्थल परिवर्तन, चिकित्सक एवं मशीन जोड़े जाने से संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्रों का जिलाधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया। नामित मजिस्ट्रेट तथा संबंधित चिकित्सकों की संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर प्रकरणवार विचार-विमर्श करते हुए विभिन्न आवेदनों में संस्तुति प्रदान की गई एवं कुछ प्रकरणों में नोटिस निर्गत किए जाने की कार्रवाई की गई।

बैठक में नवीन पंजीकरण के कुल 12 आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 8 को संस्तुति प्रदान की गई। नवीनीकरण के लिए प्राप्त 14 आवेदनों में से 11 को स्वीकृति दी गई तथा 3 पर नोटिस जारी किए गए। स्थल परिवर्तन के 2 आवेदनों में से 1 को संस्तुत किया गया। चिकित्सक जोड़े जाने हेतु प्राप्त 2 आवेदनों को अनुमोदन प्रदान किया गया, जबकि मशीन जोड़े जाने के 6 में से सभी 6 आवेदनों को स्वीकृति दी गई।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि विगत तीन वर्षों में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत नियमों के उल्लंघन के मामलों में कितने चिकित्सा संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है, इसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अधिनियम के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त प्रत्येक केंद्र में उन चिकित्सकों की सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए, जिनके नाम पर लाइसेंस निर्गत किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाए कि पंजीकृत मशीनों का संचालन केवल उन्हीं अधिकृत चिकित्सकों द्वारा किया जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त प्रत्येक आवेदन का निस्तारण निर्धारित 70 दिवस की समयसीमा के भीतर किया जाए। साथ ही, प्रत्येक माह के दूसरे बुधवार को पीसीपीएनडीटी समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए, जिसमें लंबित प्रकरणों पर विचार किया जाए।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सभी चिकित्सा संस्थानों में दो बाई दो फीट आकार का एक स्पष्ट सूचना बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाए, जिस पर यह संदेश अंकित हो कि यहां लिंग निर्धारण नहीं किया जाता है।

# ट्रेन का इंतजार कर रहा बिहार का तस्कर 3 किलो 900 ग्राम चरस के साथ कानपुर में गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कानपुर,अपने घर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे बिहार के रहने वाले शातिर तस्कर को लाखों रुपए कीमत की 3 किलो 900 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। जीआरपी और आर पी एफ को यह सफलता कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर मिली। मिली जानकारी के मुताबिक बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज थाना क्षेत्र के सरैया नवादा गांव के रहने तस्कर 22 साल के तूफान महतो के पास से 3 किलो 900 ग्राम चरस बरामद हुई है। इसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए आंकी गई है।

जीआरपी ने बताया कि उसे हैरिस गंज पुल के पास से उसे पकड़ा गया। उस समय वह पीपल के पेड़ के नीचे बिहार जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहा था।

तस्कर की गिरफ्तारी के विवरण में यह भी बताया गया कि यह कार्रवाई एडीजी रेलवे प्रकाश डी के मार्गदर्शन में एसपी रेलवे प्रयागराज प्रशांत वर्मा की निगरानी में टीम ने यह सफलता हासिल की। डीएसपी कानपुर दुष्यंत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जीआरपी कानपुर सेंट्रल के प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह और आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सिद्धनाथ पाटीदार भी शामिल थे।

# महिला सुरक्षा को लेकर सरकार का बडा कदम




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर। महिलाओ की सुरक्षा के लिए सडक पर चलने वाले वाहन जिसमें ई-रिक्शा, ऑटो, ऊबर, ओला कैब, रैपिडो , स्कूल वैन व टैम्पो पर अब चालक का नाम, आधार नम्बर व मोबाइल नम्बर अंकित करना अनिवार्य होगा। महिला सुरक्षा को लेकर राज्य महिला आयोग की सदस्य बबिता सिंह चौहान ने शासन को पत्र लिख कर महिला सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया है। महिला आयोग के पत्र को संज्ञान में लेते हुए शासन ने उ.प्र. परिवहन आयुक्त बी.एन. सिंह को निर्देशित किया कि वह प्रदेश भर में चलने वाले सभी सवारी वाहनो के आगे पीछे उनका विवरण लिखवाये। शासन द्वारा दिशा निर्देश के तहत परिवहन आयुक्त ने प्रदेश के सभी आरटीओ, एआरटीओ व आरआई को एक सर्कुलर जारी कर उसका पालन कराने का आदेश जारी किया है।

आपको बता दे कि राज्य महिला आयोग की सदस्य बबिता सिंह चौहान ने शासन को पत्र लिख कर बताया था कि प्रदेश में महिलाओ के साथ हो रही विभिन्न घटनाओ को देखते हुए महिला सुरक्षा को सुनिश्चित कराया जाये। शहरो में देर रात तक काम कर वापस घर लौटने वाली लड़कियों और महिलाओ के साथ अक्सर वाहन के चालक ही कोई न कोई घटना को अंजाम दे देते है। घटना होने के बाद उस वाहन और चालक को पकड पाना बहुत मुश्किल होता है। लेकिन अब ऐसी घटनाओ को रोकने के लिए सडक पर दौड रहे ई-रिक्शा, ऑटो, ऊबर, ओला कैब, रैपिडो व टैम्पो चालको वाहन के आगे और पीछे उनका नाम, आधार नम्बर व मोबाइल नम्बर लिखना अनिवार्य होगा। इस बावत एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने बताया कि परिवहन आयुक्त कार्यालय से जारी पत्र पर तत्काल ही कार्यवाही शुरू कर दी गई है। अब निजी तौर पर चलने वाले कमर्शियल वाहनो पर इन औपचारिकताओ को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि कार्यालय के दोनो मोटर यान निरीक्षक को इस आदेश का पालन कराने के लिए कार्यालय से पत्र जारी कर दिया गया है।

# शुक्लागंज से अटल घाट तक बनेगा गंगा पथ सड़क मार्ग और रिवर फ्रंट, तैयार होगी डी.पी.आर.

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




कानपुर नगर के विकास को गति देने और वी.आई.पी. रोड पर बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के उद्देश्य से एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत शुक्लागंज में प्रस्तावित नए सेतु को अटल घाट से जोड़ते हुए लगभग 9 किलोमीटर लंबा 4 लेन गंगा पथ सड़क मार्ग बनाया जाएगा। यह मार्ग पटना गंगा पथ की तर्ज पर रिवर फ्रंट से संयुक्त होगा। इस महत्त्वपूर्ण परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डी.पी.आर.) तैयार करने के निर्देश सेतु निगम के अधिकारियों को मण्डलायुक्त के. विजयेंद्र पण्डियन द्वारा दिए गए हैं। आयुक्त ने बताया कि इस बहुउद्देशीय परियोजना के अध्ययन हेतु समन्वयक नीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, सेतु निगम, के.डी.ए., तथा नगर निगम कानपुर के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में पटना गंगा पथ रिवर फ्रंट परियोजना का भ्रमण किया। भ्रमण के उपरांत, समिति द्वारा कानपुर की परियोजना हेतु उपयुक्त संस्तुति तैयार कर एन.जी.टी. आदि के प्रविधानों के अनुसार एक प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। यह प्रस्ताव ₹विजन 2050₹ के अंतर्गत शासन को प्रेषित योजनाओं में सम्मिलित किया गया है। शासन द्वारा की जा रही समीक्षा के क्रम में अब इस परियोजना की डी.पी.आर. तैयार करने का दायित्व सेतु निगम को सौंपा गया है, जिसका समन्वय नीरज श्रीवास्तव करेंगे। डी.पी.आर. को जल्दी और सार्थक रूप में तैयार करने के लिए नीरज श्रीवास्तव, बिहार राज्य पथ विकास निगम और पटना गंगा पथ योजना के कंसल्टेंट्स से आवश्यक इनपुट प्राप्त करेंगे।

### वैभव ने जेईई एडवांस्ड एवं आइसर एग्जाम में परचम लहराया



कानपुर, वैभव पाण्डेय बेनाझाबर कॉलोनी के निवासी है उन्होंने बताया कि अपनी कड़ी मेहनत से देश की कठिन परीक्षाओं में से एक जेईई एडवांस्ड और आइसर एप्टीट्यूड टेस्ट में सफलता प्राप्त की। इस सफलता से उनके पिता राजेंद्र कुमार पाण्डेय और उनकी माता आशा पाण्डेय एवं सभी रिश्तेदार बहुत खुश है। उनकी प्रेरणा स्त्रोत उनकी बड़ी बहन समृद्धि पाण्डेय है जो बीएचयू की स्कॉलर है।

# जिला कृषि कार्य योजनाओं को मिली स्वीकृति



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर नगर, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने की अध्यक्षता में आज सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में कृषि तकनीकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम) के गवर्निंग बोर्ड की संपन्न हुई।

बैठक में आत्मा योजना तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के अंतर्गत गत वर्ष कराए गए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही, वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न योजनाओं की जिला कार्य योजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत किसानों को प्रशिक्षण, फसलों का प्रदर्शन, बीज वितरण, जागरूकता कार्यक्रमों तथा तकनीकी सशक्तिकरण से जोड़े जाने के प्रावधान किए गए हैं। बैठक में उप निदेशक कृषि ने बताया कि आत्मा योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 की जिला कृषि कार्य योजना (डीएएपी) के तहत ₹339.76 लाख की धनराशि व्यय की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न फसलों के खण्ड प्रदर्शन किसानों के खेतों पर कराए जाएंगे, फार्म स्कूलों के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा जनपदीय, राज्य स्तरीय एवं अंतर्राज्यीय भ्रमण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन की जिला कार्य योजना के अंतर्गत ₹219.52950 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत क्लस्टर प्रदर्शन, प्रमाणित बीजों का वितरण, सूक्ष्म पोषक तत्वों तथा एकीकृत कीट प्रबंधन के उपाय, फसल पद्धति आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता अभियान एवं स्थानीय पहल (लोकल इनिशिएटिव) को बढ़ावा दिया जाएगा।

## आज का राशिफल



**ज्योतिर्विद डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'**
**Mob:-9760800271**

मेष : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे।

वृष : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी।

मिथुन : आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

कर्क : उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

सिंह : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

कन्या : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी।

तुला : संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

वृश्चिकः अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

धनु : कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

मकरः आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

कुंभ : बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

मीन : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

# जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में भूजल गोष्ठी का आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देश के क्रम में मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में भूजल गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण और संवर्धन के विषय में चर्चा की गई। मनोज कुमार शुक्ला, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, कानपुर देहात ने जिले में चल रहे जल संरक्षण संवर्धन के लिये तालाब, चेकडैम, आर0टी0डब्लू0एच0 करसा प्रोजेक्ट रिचार्ज साफ्ट के विषय में जानकारी दी और कैसे घर के पानी को बचाया जा सकता है और रिसाइकिलिंग करके जल को पुनः प्रयोग किया जा सकता है। जल संरक्षण जन-भागीदारी में सभी लोग सहयोग करे तथा फैक्ट्रियों एवं लोगो के बीच जागरुकता एवं सहभागिता से जल को सरक्षित करके आने वाले समय के लिये जल को बचाया जा सकता है। पहले कानपुर देहात के 10 विकास खण्ड में सुरक्षित श्रेणी के 03 तथा सेमीक्रिटिकल 07 विकास खण्ड थें लेकिन जिला प्रशासन के सहयोग से जल स्तर में बढोत्तरी हुई। जिससे 03 विकास खण्ड-मैथा,रसूलाबाद एवं झींझंक सेमी क्रिटिकल श्रेणी से सुरक्षित श्रेणी में आ गये है। अब 10 विकास खण्डों में सुरक्षित श्रेणी 06 तथा सेमीक्रिटिकल के 04 विकास खण्ड है। गोष्ठी में डी0सी0एन0 आर0एल0एम0 द्वारा जल के प्रयोग तथा शुद्धता के बारे में बताया गया। गोष्ठी में परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह डी0एफ0ओ0 एके पाण्डेय, डी0डी0ओ0 सुनील कुमार तिवारी, सी0बी0ओ0 सुबोध कुमार, उद्यान अधिकारी बलदेव प्रसाद तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। भूजल संरक्षण संवर्धन प्रचार वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया तथा शपथ भी दिलाई गई।

# ऑफलाइन परीक्षा में 4750 और ऑनलाइन में 10500 छात्रों को नगद पुरस्कार मिलेंगे

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




लखनऊ,देश की अग्रणी कोचिंग संस्था एलन करियर इंस्टीट्यूट ने अपने लखनऊ सेंटर पर टैलेंटेक्स 2026 का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर सेंटर हेड आनंद श्रीवास्तव व एजीएम शिव शक्ति सिंह राजावत (नेशनल कोऑर्डिनेटर, टैलेंटेक्स) ने केक काटकर टैलेंटेक्स 2026 लांच किया। यह परीक्षा विशेष रूप से कक्षा 5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य मेधावी छात्रों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। टैलेंटेक्स 2026 के माध्यम से विद्यार्थियों को एलन के क्लासरूम एवं ऑनलाइन पाठ्यक्रम सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु 90 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। साथ ही विद्यार्थियों को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यमों में सम्मिलित होने पर कुल 2.5 करोड़ रुपये के नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

अब तक देशभर में 18.25 लाख से अधिक विद्यार्थी टैलेंटेक्स में भाग ले चुके हैं। इस वर्ष परीक्षा का आयोजन 12 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा।

एलन लखनऊ के सेंटर हेड आनंद श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि टैलेंटेक्स परीक्षा से न केवल छात्रवृत्ति प्राप्त होती है, बल्कि यह परीक्षा विद्यार्थियों को नीट (मेडिकल), आईआईटी-जेईई (इंजीनियरिंग प्रवेश), ओलंपियाड जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी मदद करती है। परीक्षा में ऑफलाइन माध्यम से 4750 विद्यार्थियों एवं ऑनलाइन माध्यम से 10500 विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

टैलेंटेक्स 2026 में सम्मिलित होने के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया www.tallentex.com पर आरंभ हो चुकी है। पंजीकरण शुल्क 300 रुपये निर्धारित है।

लखनऊ में पंजीकरण एवं अन्य जानकारी के लिए विद्यार्थी एवं अभिभावक +91-9899088283 (लखनऊ हेल्पलाइन) पर संपर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर सेंटर हेड आनंद श्रीवास्तव, एजीएम शिव शक्ति सिंह राजावत (नेशनल कोऑर्डिनेटर, टैलेंटेक्स) समेत एलन परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# दो युवतियों सहित एक युवक की झील में डूब कर हुई मौत, हर तरफ गम का माहौल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



शहजान आसिया सानिया

मुरादाबाद। जनपद मुरादाबाद के थाना मैनाठेर क्षेत्र के गांव महमूदपुर माफ़ी में उस समय हड़कंप मच गया जिस समय धान रोपाई करने गई दो युवतियां और एक युवक झील में नहाते समय डूब कर मौत हो गई। गुरुवार सुबह को गांव महमूदपुर माफी के जंगल में शमीम पुत्र नन्हे के खेत में कई युवतियां और युवकों सहित बच्चें मज़दूरी पर धान लगाने के लिए गए हुए थे। खेत के पास ही गहरी झील भी है। जोकि बरसात के चलते उफान पर है। धान लगाने के बाद गांव गुरेर की रहने वाली 20 वर्षीय सानिया पुत्री अकबर इसी गांव की 19 वर्षीय आसिया पुत्री सलीम व 19 वर्षीय शहज़ान पुत्र सलाम निवासी महमूदपुर माफी पट्टी झील में नहानें के लिए चले गए। नहाते समय दोनों युवतियों के पैर झील की गहराई में चले गए। जिससे व डूबनें लगी लड़कियों को डूबता देख उनको बचाने के लिए शहज़ान भी झील की गहराई में कूद गया। गोते खाती लड़कीयों ने शहज़ान को मजबूती से पकड़ लिया और खुद के साथ शहज़ान को भी डुबा दिया। और मौक़े पर ही दोनों युवतियों की मौत हो गई। जबकि शहज़ान की मौत इलाज के लिएं ले जाते समय रास्ते में हुई। तीनों की डूबने की खबर जैसे ही गांव पहुंची तो स्थानीय लोगों में गम का माहौल छा गया और एक एक कर सभी झील पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से युवतियों के शव बाहर निकाले और शहजान को उस समय बाहर निकाला जब उसका परिवार काफी देर बाद झील पर पहुंचा अगर शहज़ान को समय पर निकाला जाता तो उसकी जान बच सकती थी। मगर मौत खुद जिन्दगी के सारे दरवाजे बंद कर देती है।

सूचना पाकर पुलिस भी मौक़े पर पहुंच गई और तीनों को पोस्टमार्टम के लिएं ज़िला अस्पताल भेजना चाहा तो तीनों मृतकों के परिजनों ने पोस्टपार्टम के लिए मना कर दिया। जिस पर पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर तीनों शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया। सानिया के परिजनों ने बताया कि सानिया का रिश्ता तय कर दिया गया था और दो महीनें बाद उसकी शादी थी और शादी की ही तैयारियों के लिए परिवार और सानिया ज्यादा से ज्यादा पैसा इकट्ठा करना चाहते थे। मगर सानिया की मौत ने सबके अरमानों पर पानी फेर दिया और शादी की सारी खुशियां गम में तब्दील हो गई जिससे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# चोरी की घटना में शामिल आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल बरामद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। वादी दिलशाद पुत्र मौ0 नबी निवासी गाव सहरिया अब्दाल नगर थाना सम्भल कोतवाली जनपद सम्भल ने अज्ञात चोरो द्वारा दूरवीन सर्जिकल अस्पताल के सामने वादी की खडी मोटर साईकिल सुपर स्पलेण्डर रजि0 चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना गलशहीद पर तहरीर दी, तहरीर की आधार पर थाना गलशहीद बनाम अज्ञात के पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना गलशहीद पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अभियुक्तगण की तलाश व CCTV कैमरे चेक आदि साक्ष्य संकलन की कार्यवाही से मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्तगण मौ0 आमिर पुत्र जमील अहमद निवासी रहमत नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, संजय सैनी पुत्र टीकाराम निवासी जय नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद के नाम प्रकाश में आये। थाना गलशहीद पुलिस लगातार अभियुक्त की तलाश कर रही थी कि मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को थाना गलशहीद पुलिस द्वारा प्रकाश में आये अभियुक्तगण मौ0 आमिर पुत्र जमील अहमद निवासी रहमत नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, संजय सैनी पुत्र टीकाराम निवासी जय नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी की मोटर साईकिल सुपर स्पलेण्डर रजि0 बरामद की।

# जनसुनवाई में फरियादियों की समस्याएं सुनी, थाना स्तर पर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद कुमार रणविजय सिंह ने शुक्रवार को मुरादाबाद पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान आम जन की समस्याएं सुनी। इस जनसुनवाई में विभिन्न थानों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी सिटी ने जनसुनवाई के दौरान सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे थानों में महिला हेल्पडेस्क और जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं ताकि पीड़ितों को बार-बार पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि जो शिकायतें थाना स्तर पर निस्तारित की जा सकती हैं, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर, तय समय सीमा में और गुणवत्तापूर्वक किया जाना चाहिए। एसपी कुमार रणविजय सिंह ने स्पष्ट किया कि पुलिस की प्राथमिकता जनसेवा है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच संवाद स्थापित कर विश्वास को मजबूत करना है।

# रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक मुरादाबाद मंडल कार्यालय में सम्पन्न

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। मण्डल कार्यालय, मुरादाबाद के मनन सभागार में मण्डल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति डी.आर.यू.सी.सी. की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे उपभोक्ताओं की समस्याओं, सुविधाओं तथा सेवाओं में सुधार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक DRM ने की, जिसमें समिति के सदस्यगण, रेलवे अधिकारी तथा संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने, ट्रेनों की समयबद्धता, स्टेशन परिसरों की स्वच्छता, पेयजल, प्रतीक्षालय, सुरक्षा व्यवस्था तथा डिजिटल सेवाओं के विस्तार जैसे विषयों पर चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने यात्रियों की ओर से कई सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिन्हें अधिकारियों ने गंभीरता से सुना और यथासंभव शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में पारदर्शिता और सहभागिता के साथ रेलवे सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने पर जोर दिया गया।

# बिलारी पुलिस ने सूखा नशा बेच रहे दो युवकों को दबोचा

बिलारी। जनपद मुरादाबाद की कोतवाली बिलारी पुलिस की बड़ी कार्यवाही सामने आई है। बिलारी पुलिस ने उस समय बड़ी सफलता प्राप्त की जिस समय जोगी व राहुल नामक दो व्यक्ति सफेद रंग का नशीला पाउडर पेक कर रहे थे। उसी वक्त पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उस घर पर छापा मारा जहां पर यह कार्य चल रहा था। पुलिस के पहुंचते ही कुछ आरोपी उस जगह से भागने में कामयाब हो गए। और यह दोनों आरोपी गिरफतार हो गए। इनके कब्जे से कैंची, स्टेपलर, पेकिंग, कागज़ सहित सफेद पाउडर बरामद किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नशे का यह कार्य घर मालकिन महिला की देखरेख में चल रहा था।

## खबरें फटाफट

### ग्यारह साल तक किशोरी का रिश्तेदार ने किया शारीरिक शोषण

ठाकुरद्वारा। किशोरी का गरीबी रिश्तेदार ने लगातार 11 वर्ष तक शारीरिक शोषण किया। किशोरी जो युवती बन चुकी है, ने कोतवाली पुलिस से मदद की गुहार लगाई तो पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

ठाकुरद्वारा करनपुर मार्ग स्थित एक गांव निवासी किशोरी का क रिश्तेदार जो उत्तराखंड के रुद्रपुर का निवासी बताया जा रहा है, लगातार 11 वर्ष तक उत्तराखंड ले जाकर शारीरिक शोषण किया। चार बच्चों का बाप अब उसे नहीं अपना रहा है। युवती उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुर के आईटीआई थाना क्षेत्र में नौकरी कर रही है। युवती ने आईटीआई थाना में शिकायती पत्र दिया लेकिन पुलिस ने यूपी क्षेत्र का मामला बताकर मुकदमा दर्ज नहीं किया। कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। जिस पर जांच की जा रही है।

### फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद



मुरादाबाद। थाना कटघर क्षेत्र अंतर्गत एक महिला पर जानलेवा फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर ई-रिक्शा में बैठी महिला को निशाना बनाकर गोली चलाई थी। पुलिस की सक्रियता के चलते आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के कब्जे से एक अवैध तमंचा, 12 बोर का एक खोखा कारतूस और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि यह फायरिंग जान से मारने की नीयत से की गई थी। फिलहाल आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधीक्षक ने इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की और जनता से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

# स्वच्छता में चमका मुरादाबाद 10 वां स्थान, भोजपुर नगर पंचायत ने जीएफसी में वन स्टार हासिल किया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। शहरों की स्वच्छता जांचने के लिए कराए गए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में मुरादाबाद शहर का दसवां स्थान व प्रदेश में आठवां स्थान पाया है। शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में शीर्ष पर जगह बनाने वाले शहरों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें मुरादाबाद महानगर एवं नगर पंचायत में भोजपुर धर्मपुर शामिल है। जनपद मुरादाबाद की तीन नगर पंचायत में भोजपुर धर्मपुर 263वीं रैंक वही अगवानपुर नगर पंचायत 336वीं रैंक पाकर शीर्ष पर है। नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर में लगातार साफ-सफाई, कूड़ा प्रबंधन, ओडीएफ प्लस प्लस मानकों और सामुदायिक मानकों को देखा गया है।स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के अंतर्गत शहरी स्वच्छता के इस अभियान में महानगर मुरादाबाद ने देश भर में 10वां एवं प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। इस उपलक्ष्य में शुक्रवार को कैम्प कार्यालय पर आये कर्मठ सफाई मित्रों,साथियों सहित सम्मानित पार्षदगणों द्वारा महापौर विनोद अग्रवाल जी को पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सभी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि हेतु अनंत कोटि बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। दस लाख की आबादी वालों शहरों में देश में मुरादाबाद का दसवां स्थान, साफ सफाई रखने के मामले में प्रदेश का आठवां सबसे बेहतर नगर निगम, इस उपलक्ष्य में शुक्रवार को कार्यालय पर नगर आयुक्त मुरादाबाद एवं सफाई इंस्पेक्टर सहित निगम के अधिकारियों द्वारा मेयर विनोद अग्रवाल मुरादाबाद का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी नगर निगम के अधिकारियों को अनंत कोटि बधाई दी। मुरादाबाद नगर निगम की स्वच्छता रैंकिंग में उल्लेखनीय उपलब्धि हमारे नागरिकों,सफाई कर्मियों एवं निगम की कड़ी मेहनत का परिणाम है। देशभर में टॉप 10 में शामिल होना गर्व की बात है।

# बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष कैंप का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुंडापांडे। कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक मुंडापांडे परिसर में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय प्रतिनिधि ब्रजानन्द उर्फ विक्की ठाकुर एवं ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव की सक्रिय सहभागिता रही। शिविर के दौरान लगभग 200 बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान किया गया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। आयोजन के दौरान उपभोक्ताओं ने बिलिंग, मीटर संबंधी, लाइन फॉल्ट तथा अन्य तकनीकी मुद्दों से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका तत्काल निस्तारण किया गया। प्रतिनिधि ब्रजानन्द ठाकुर ने कहा हम हमेशा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को समझने और समय पर समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। अधिकारियों और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं का इस शिविर को सफल बनाने में जो सहयोग मिला, उसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। शिविर में उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए यह समाधान कैंप कल भी जारी रहेगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस मौके का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान कराएं।

# दबंग बिल्डर ने एमडीए की सील तोड़कर शुरू कराया अवैध निर्माण

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता




मुरादाबाद। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (MDA) द्वारा अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए की गई कार्रवाई को ठेंगा दिखाते हुए शहर के चर्चित बिल्डर हरेंद्र पाल सिंह ने एक बार फिर कानून की धज्जियाँ उड़ाईं। प्राधिकरण द्वारा पहले लगाए गए सील को तोड़ते हुए हरेंद्र ने निर्माण कार्य दोबारा शुरू करवा दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, MDA की टीम ने हरेंद्र पाल के निर्माण स्थल को अवैध मानते हुए पहले सील किया था। इसके बावजूद, दबंग बिल्डर ने नियमों को ताक पर रखते हुए न केवल सील तोड़ी बल्कि खुलेआम निर्माण कार्य भी चालू करवा दिया। खास बात यह है कि यह सब कुछ क्षेत्रीय अभियंताओं और अधिकारियों की नाक के नीचे हो रहा है, जिससे प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हरेंद्र पाल सिंह का रसूख इतना मजबूत है कि MDA के अधिकारी भी उसके खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। दोबारा सील लगाए जाने के बावजूद निर्माण कार्य जारी रहना यह दर्शाता है कि प्राधिकरण की कार्रवाई महज औपचारिकता बनकर रह गई है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार अब MDA द्वारा सील तोड़ने के मामले में हरेंद्र पाल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। यदि ऐसा होता है तो यह पहला मौका होगा जब किसी रसूखदार बिल्डर के खिलाफ इस प्रकार की कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय प्रशासन से यह उम्मीद जताई जा रही है कि वह जल्द ही मामले में हस्तक्षेप कर अवैध निर्माण को रोकेगा और जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित बापू सभागार में जनपद स्तरीय पोषण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों का एफआरएस वेरिफिकेशन शत प्रतिशत करने, अनटाइट फंड से आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रयोग के लिए ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस की खरीद किए जाने, संभव अभियान को सफल बनाने, एनआरसी में अधिक से अधिक बच्चों को भर्ती कराकर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने, वीएचएसएनडी सत्रों का सफलतापूर्वक आयोजन करने के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर शत प्रतिशत बच्चों का वजन कर पोषण ट्रैकर ऐप पर फीड करने के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

# दो दिवसीय रोजगार मेला, युवाओं के लिए विभिन्न कंपनियों में रोजगार का मौका

मुरादाबाद। सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चन्द्र ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में दिनांक 22 जुलाई 2025 को प्रातः 10:30 बजे से दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के नियोजक,कम्पनी द्वारा टैक्निकल एवं नॉनटैक्निकल पदों के लिए साक्षात्कार लिया जायेगा। इन पदों के लिए आयु 18-40 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, आईटीआई एवं डिप्लोमा धारक मेले में प्रतिभाग कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर पंजीयन कराकर अपनी योग्यतानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। साथ ही अभ्यर्थी रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए अपना सम्पूर्ण बायोडाटा दो प्रतियों हस्तलिखित अथवा टंकित, समस्त मूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति दो सेट में व चार रंगीन फोटो सहित प्रतिभाग कर सकते हैं।

# लायब्रेरी में छात्रा के साथ दुर्व्यवहार कर बनाई वीडियो



ठाकुरद्वारा। नौकरी की तैयारी कर रही रामपुर की युवती से लाइब्रेरी में दिनदहाड़े छेड़छाड़ कर अश्लील वीडियो बना ली गई। जनपद रामपुर के थाना टांडा क्षेत्र की युवती ने बी ए, बी टी सी, , टेट , सुपर टेट कर रखा है। युवती नगर में रहकर ही नौकरी के लिये तैयारी करती है। वह 13 जुलाई को प्रातः 8 बजे एक लाईब्रेरी में पढ़ने के लिए गयी थी । आरोप है कि लगभग 10 बजे लाईब्रेरी में राजकुमार उर्फ जयकुमार पुत्र नौवत सिंह निवासी ग्राम लौगी खुर्द घुस आया तथा युवती के साथ मारपीट करते हुए उसके कपड़े फाड़कर वीडियो वनाने लगा । युवती के हाथ में काटा तथा अश्लीलता करने लगा। युवती ने विरोध किया तब उसके गले पर चाकू रखकर जान से मारने की धमकी देने लगा । जहां पर अन्य व्यक्तियों ने युवती को बचाया । आरोपी युवक युवती को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। अब वह युवती के परिवार वालो को लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
43 YEARS
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
70 80 333338
facebook

# उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में तीसरा स्थान मिला



**लखनऊ,** (भाषा) शहरी स्वच्छता और साफ-सफाई के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहलों के लिए उत्तर प्रदेश को बृहस्पतिवार को विभिन्न श्रेणियों में कई प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल हुए हैं।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में ये पुरस्कार प्रदान किए। प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने उत्तर प्रदेश की ओर से ये सम्मान ग्रहण किये।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में तीसरा स्थान हासिल हुआ है। वह पिछले साल 44वीं पायदान पर था। लखनऊ उत्तर प्रदेश का पहला शहर भी बन गया है, जिसने 7-स्टार कचरा मुक्त शहर (जीएफसी) की रेटिंग हासिल की है। इस असाधारण उपलब्धि के लिए लखनऊ को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

बयान में कहा गया है कि प्रयागराज को गंगा नदी से जुड़ा सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। आगरा को उत्तर प्रदेश के उभरते स्वच्छ शहर के रूप में मान्यता मिली है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर 10वां स्थान प्राप्त हुआ है। मुरादाबाद ने 3-10 लाख जनसंख्या वर्ग में 10वां स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज नयी दिल्ली में 'स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह 2024-25' के तहत प्रयागराज को गंगा नदी से जुड़े सबसे स्वच्छ शहर की श्रेणी में प्रथम स्थान और गोरखपुर को 'सफाई मित्र सुरक्षित शहर' की श्रेणी में तीसरा स्थान मिलने पर जिले के लोगों को हार्दिक बधाई।'' बयान के मुताबिक, शहरी विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में उत्तर प्रदेश का उत्कृष्ट प्रदर्शन स्वच्छ, स्वस्थ और रहने योग्य शहरी स्थान बनाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा सहित वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियों ने लखनऊ को तीसरा सबसे साफ शहर का तमगा मिलने पर बधाई दी है। दोनों ने एक प्रमुख हिंदी दैनिक द्वारा राजधानी में सामुदायिक कार्यक्रम 'आरोग्य वाटिका' के आयोजन को भी नवाबों के शहर की इस उपलब्धि का श्रेय दिया।

## कर्नलगंज में 19 जुलाई को आयोजित होगा सचल ग्राम न्यायालय

**गोंडा(करनैलगंज)।** तहसील क्षेत्र के निवासियों के लिए न्याय प्राप्ति अब और अधिक सुगम होने जा रही है। ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी द्वारा जारी सूचना के अनुसार आगामी 19 जुलाई 2025 (शनिवार) को प्रातः 11 बजे, करनैलगंज के नगर पालिका भवन में सचल ग्राम न्यायालय का आयोजन किया जाएगा।

इस सचल न्यायालय का उद्देश्य है कि स्थानीय स्तर पर वादकारियों को शीघ्र, सरल एवं किफायती न्याय उपलब्ध कराना। यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित मामलों का समाधान नज़दीक ही उपलब्ध कराया जा सकेगा।

सूचना में कर्नलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी वादकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने प्रकरणों के निस्तारण में सहयोग प्रदान करें।

न्यायाधिकारी ने यह भी बताया कि यह व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय प्रणाली की पहुंच बढ़ाने और लोगों को अदालतों की लंबी प्रक्रियाओं से राहत दिलाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# उत्तर प्रदेश के अनेक हिस्सों में हुई बारिश

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने के कारण पिछले 24 घंटों के दौरान अनेक हिस्सों में भारी बारिश हुई। जलभरण क्षेत्रों में व्यापक वर्षा होने से राज्य की प्रमुख नदियों का जलस्तर बढ़ गया।

मौसम विभाग के मुताबिक प्रयागराज, बलिया, बरेली, आगरा, झाँसी, कानपुर और बाराबंकी सहित कई जिलों में औसत से अधिक बारिश हुई है। राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को 5.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

राजधानी में अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के कई इलाकों, खासकर दक्षिणी हिस्सों में तेज आंधी, भारी बारिश और व्यापक जलभराव के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट, झाँसी, ललितपुर और महोबा जिलों में शुक्रवार और शनिवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा, कानपुर, मथुरा और आगरा समेत 10 अन्य जिलों में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। राज्य के 47 जिलों में गरज के साथ बिजली गिरने की आशंका है। बारिश के दौरान मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी और ललितपुर में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है।

लखनऊ स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया, ₹दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश के आसपास बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण शुक्रवार को बुंदेलखंड, दक्षिणी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश होने का अनुमान है।₹

मौसम विभाग ने शुक्रवार को राज्य के पश्चिमी हिस्सों और पूर्वी भागों के कुछ स्थानों में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी भी जारी की है।


जलभरण क्षेत्रों में व्यापक वर्षा के कारण राज्य की विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, राप्ती, सरयू और शारदा नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान के पास बह रही हैं।



● मौसम विभाग के मुताबिक प्रयागराज, बलिया, बरेली, आगरा, झाँसी, कानपुर और बाराबंकी सहित कई जिलों में औसत से अधिक बारिश हुई है

# पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह ने राजा साहब को दी श्रद्धांजलि

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोंडा जुलाई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ मनकापुर कोट पहुंच कर कांग्रेस आलाकमान का संदेश विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह को सौंपा तथा अंजुमन ए हिंद के सदर कुंवर आनंद सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि राजा साहब जीवन पर्यंत गरीबों, मजलूमों व असहायों के उत्थान के लिए तत्पर रहे।

उन्होंने कहा कि राजा साहब अपने जीवनकाल में जिले के विकास के लिए सदैव तत्पर रहे और जिले के विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

इस अवसर पर श्री सिंह के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, सभासद शाहिद अली कुरैशी, शहजादे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने और धमकाने का लगाया आरोप

विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी, तहरीर पर मुकदमा दर्ज

गोंडा। जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और धमकाने का गंभीर आरोप लगाते हुए दो युवकों के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि आदेश तिवारी पुत्र विजय कुमार तिवारी निवासी सकतपुर सरैया उससे काफी समय से बातचीत करता था और शादी का वादा कर विश्वास में लेता रहा। युवती के अनुसार 10 जुलाई 2025 को आरोपी उसके घर पहुंचा और शादी का झांसा देकर उसकी अस्मिता से खिलवाड़ किया।

घटना के बाद उसने अपना मोबाइल नंबर भी बंद कर लिया। जब पीड़िता ने यह जानकारी आदेश तिवारी के मामा के लड़के सौरभ मिश्रा पुत्र ज्ञानू मिश्रा निवासी ग्राम गोगिया को दी तो दोनों ने उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इस प्रकरण में परसपुर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दो आरोपियों के विरुद्ध विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## पोस्टिंग के 24 दिन बाद हटे परसपुर के थाना प्रभारी शारदेन्दु पाण्डेय

गोण्डा । जिले परसपुर थाने के प्रभारी शारदेन्दु पाण्डेय को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने हटाकर डायल 112 में भेज दिया है।जो अपने परसपुर थाने में पोस्टिंग के 24 वें दिन हटाये गये।ऐसा माना जा रहा है कि परसपुर के राज घराने के प्राचीन मंदिर से मूर्ति चोरी पर उन पर गाज गिर गयी।

परसपुर राजघराने के कुंवर विजय बहादुर सिंह ने थाना परसपुर में प्राचीन मंदिर से मूर्ति चोरी की दर्ज कराया था।जिसकी कीमत करोडों में आंकी जा रही है।जिसमें राम ,लक्ष्मण,सीता,तथा लड्डू गोपाल की अष्टधातु की मूर्ति चोरी हो गयी। यहाँ तक की मंदिर में भगवान सिंहासन भी चोरों ने नहीं छोड़ा।

इसी बात से नाराज पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने परसपुर थाना प्रभारी शारदेन्दु पाण्डेय को परसपुर से हटा दिया।उनके जगह पर मयंक त्रिपाठी को परसपुर थाने की कमान सौंपी गयी है।मयंक त्रिपाठी डायल 112 में तैनात थे।

# बाइक के सांड से टकराने से भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष की मृत्यु, परिजनों का हत्या का आरोप





**अमेठी** (उप्र), (भाषा) भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे (27) की मोटरसाइकिल के बृहस्पतिवार रात अमेठी बाईपास पर सांड से टकरा जाने से मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इस बीच परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

पुलिस के मुताबिक, मुंशीगंज थानाक्षेत्र के भुसियांवा गांव के निवासी राहुल बृहस्पतिवार रात मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे, तभी अमेठी बाईपास के एक ढाबे के निकट उनकी मोटरसाइकिल एक सांड से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी अमेठी ले जाया गया जहां से उन्हें संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज के लिए रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

अमेठी के थाना प्रभारी निरीक्षक रवि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

इस बीच मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया और परिजनों ने अमेठी थाने में हत्या की तहरीर दी है।

राहुल दुबे के चाचा वेद प्रकाश ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि राहुल को भोजन या अन्य किसी पदार्थ में जहर देकर मारा गया है, उसकी मौत सड़क दुर्घटना से नहीं हुई है।

वेद प्रकाश का कहना है कि राहुल के शरीर पर कोई गंभीर चोट के निशान भी नहीं थे। वेद प्रकाश ने राहुल के एक साथी समेत कुछ लोगों पर विषयुक्त पदार्थ खिलाकर उसकी हत्या की आशंका जताई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि वेद प्रकाश की तरफ से थाने में तहरीर दी गई है, जिसमें राहुल को विषयुक्त पदार्थ खिलाकर मारे जाने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विषु मिश्रा ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि राहुल दुबे भारतीय जनता युवा मोर्चा अमेठी में जिला उपाध्यक्ष पद पर थे।

# इंदिरा गांधी ने नहीं बीबीसी लंदन ने दिया था यूपी टाइगर का खिताब- कीर्तिवर्धन सिंह

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोंडा । केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने अपने पिता कुंवर आनन्द सिंह को यूपी टाइगर की उपाधि मिलने के इतिहास को स्पष्ट किया है।

उन्होंने बताया कि यह उपाधि इंदिरा गांधी ने नहीं बल्कि बीबीसी लंदन ने दी थी।कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया कि 1971 में उनके पिता कुंवर आनन्द सिंह ने कांग्रेस (ओ)से चुनाव लड़ा था।उस समय कांग्रेस इंदिरा और कांग्रेस (ओ) के मध्य मुकाबला था।लोग इन्हें इंडीकेट और सिंडीकेट कांग्रेस के नाम से जानते थे।पूरे उत्तर प्रदेश में कांग्रेस (ओ) को मात्र गोंडा की एक सीट मिली थी, जो राजा आनंद सिंह ने जीती थी।बीबीसी लंदन ने अपनी न्यूज में इस जीत का जिक्र करते हुए राजा आनंद सिंह को यूपी टाइगर कहा था।हालांकि बाद में राजा आनंद सिंह के इंदिरा गांधी से अच्छे संबंध बन गये।वह कई बार उनके यहां ठहरी भी थीं।राजा आनंद सिंह बाद में कांग्रेस पार्टी से कई बार विधायक व सांसद भी रहे।कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया कि उनके पिता को लोग अन्नू भैया, राजा साहब व यूपी टाइगर जैसे कई नामों से जानते थे।वह मनकापुर स्टेट के राजा थे और गोंडा से कई बार सांसद, विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री रहे।

# भदोही में शादी के लिए युवती का अपहरण, पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर जांच शुरू की




भदोही (उप्र) (भाषा) भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र से एक कालीन ठेकेदार ने कथित तौर पर एक बुनकर युवती का अपहरण कर उससे शादी कर ली तथा शुक्रवार को पुलिस ने उसे (युवती को) बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक कालीन ठेकेदार ने चौरी थाना क्षेत्र की बीस वर्षीय एक युवती का अपहरण कर लिया। युवती के चाचा की शिकायत पर बृहस्पतिवार को शहर कोतवाली के नूर खां पुर निवासी ठेकेदार आसिफ अंसारी (32) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 87 (शादी के लिए अपहरण) के तहत पुलिस ने मामला दर्ज की एवं जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रमेश कुमार ने बताया कि युवती को आज बरामद कर लिया गया । उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में एक बुनकर परिवार कालीन बुनाई का काम करता है, जहां आरोपी ठेकेदार आसिफ अंसारी कालीन बुनाई के लिए कच्चे माल देने आता था।

कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को आसिफ अंसारी उस परिवार की युवती को अपने साथ कार से ले गया और कथित रूप से उसके साथ शादी कर ली। उन्होंने कहा कि युवती को आज बरामद कर उसकी मेडिकल जांच कराई जा रही है। उन्होंने बताया युवती को 'वन स्टाप सेंटर' में रखा जाएगा और शनिवार को अदालत में कलम बंद बयान दर्ज कराने के बाद सुसंगत धारा लगाकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कृष्ण जन्मभूमि मथुरा मामले में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने के लिए याचिका दायर करने की अनुमति

प्रयागराज, (भाषा) इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को वाद संख्या 17 में वादी द्वारा दायर आवेदन को स्वीकार कर लिया जिसमें कहा गया है कि मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में उसकी शिकायत को अन्य सभी वादों का प्रतिनिधि मानें। इसके साथ, वाद संख्या 17 को प्रतिनिधि वाद के तौर पर माना जाएगा और सबसे पहले इस पर सुनवाई की जाएगी और निर्णय दिया जाएगा।

यह आदेश पारित करते हुए न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र ने कहा कि वादी इस संबंध में आवश्यक संशोधन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि वाद संख्या 17 में एक आवेदन दाखिल कर सभी मुकदमों के लिए प्रतिनिधि की क्षमता में इस वाद को मानने का अनुरोध किया गया था।

मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसलीमा नसीम ने कहा कि इस आदेश के बाद अन्य मुकदमों की सुनवाई पर रोक लगनी चाहिए जिससे वाद संख्या 17 में जो आदेश पारित हो वह अन्य मुकदमों पर बाध्यकारी हो।

अदालत ने मुद्दे तय करने के लिए सुनवाई की अगली तिथि 22 अगस्त तय की। उल्लेखनीय है कि हिंदू पक्ष ने शाही ईदगाह ढांचा हटाने के बाद जमीन का कब्जा लेने और वहां मंदिर बहाल करने के लिए 18 मुकदमे दाखिल किए हैं। इससे पूर्व, एक अगस्त, 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हिंदू पक्षों द्वारा दायर इन मुकदमों की पोषणीयता (सुनवाई योग्य) को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि ये मुकदमे समय सीमा, वक्फ अधिनियम और पूजा स्थल अधिनियम, 1991 से बाधित नहीं हैं। पूजा स्थल अधिनियम किसी भी धार्मिक ढांचे को जो 15 अगस्त, 1947 को मौजूद था, उसे परिवर्तित करने से रोकता है। अदालत ने 23 अक्टूबर, 2024 को कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में 11 जनवरी, 2024 के आदेश को वापस लेने की मुस्लिम पक्ष की अर्जी खारिज कर दी थी।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने और धमकाने का लगाया आरोप

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



● विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी, तहरीर पर मुकदमा दर्ज

गोंडा ।जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और धमकाने का गंभीर आरोप लगाते हुए दो युवकों के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़िता का आरोप है कि आदेश तिवारी पुत्रविजय कुमार तिवारी निवासी सकतपुर सरैया उससे काफी समय से बातचीत करता था और शादी का वादा कर विश्वास में लेता रहा। युवती के अनुसार 10 जुलाई 2025 को आरोपी उसके घर पहुंचा और शादी का झांसा देकर उसकी अस्मिता से खिलवाड़ किया।

घटना के बाद उसने अपना मोबाइल नंबर भी बंद कर लिया। जब पीड़िता ने यह जानकारी आदेश तिवारी के मामा के लड़के सौरभ मिश्रा पुत्र ज्ञानू मिश्रा निवासी ग्राम गोगिया को दी तो दोनों ने उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इस प्रकरण में परसपुर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि दो आरोपियों के विरुद्ध विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री कुंवर जितिन प्रसाद व जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने राजा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोंडा । पूर्व सांसद व प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री कुंवर आनन्द सिंह के त्रयोदशी संस्कार में मनकापुर कोट पहुचे केंद्रीय राज्य मंत्री कुंवर जितिन प्रसाद व जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने अपनी श्रद्धान्जलि अर्पित किया तथा इस दौरान मीडिया से बात करते हुए जगदंबिका पाल ने कांग्रेस, राहुल गांधी व बिहार की घटनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपने जीजा के खिलाफ चल रही ईडी कार्यवाही को 11 साल से की जा रही परेशानी बताने पर सांसद पाल ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ईडी एक स्वतंत्र एजेंसी है वह कोर्ट के आदेश व साक्ष्य के आधार पर कार्यवाही करती है। इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है।

जमीन घोटाले एवं मनी लांड्रिंग जी जांच कोर्ट ने ही शुरू कराई थी। राहुल के जीजा फिलहाल कोर्ट की जमानत पर हैं। जेपीसी अध्यक्ष ने राहुल गांधी की तरफ से बिहार चुनाव को लेकर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए पाल ने कहा कि राहुल गांधी जब चुनाव हारते हैं तो ईवीएम को दोष देते हैं, अबकी बार तो चुनाव हुए ही नहीं है और वो पहले से ही मतदाता सूची पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।इसका आशय स्पष्ट है कि उन्हें हार दिखाई दे रही है।उन्होंने असम कै मुख्यमंत्री को जेल भैजनै की धमकी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राहुल गांधी की यह धमकी मुंगेरीलाल के सपने की तरह है। कांग्रेस अब धरातल पर नहीं बची है उसके बाद भी बातें बड़ी बड़ी करती है जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस अकेले देश के किसी भी राज्य में अकेले खड़ी नहीं हो पा रही है।जेपीसी अध्यक्ष ने कांग्रेस की वर्तमान स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में कभी सपा की बैसाखी पकडती है तो कभी बसपा के साथ जाती है तो वहीं बिहार में तेजस्वी के पीछे लगी है।

कांग्रेस की हैसियत अब क्षेत्रीय दलों के पिछलग्गू जैसी हो गयी है।सच यह है कि कांग्रेस अब किसी भी राज्य में अकेले खड़ी नहीं हो पा रही है और राहुल गांधी अब सिर्फ आपना अस्तित्व बचाने में लगे हैं। आगामी बिहार चुनाव को लेकर पाल ने दावा किया कि इस बार भी एनडीए और नितीश कुमार कै नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जनता अब विपक्षी गठबंधन के वादों में नहीं आने वाली।

## लग्जरी गाड़ियों का शौकीन है लेखा कार्यालय में तैनात करोड़पति बाबू

गोंडा । लखनऊ और गोंडा में करोड़ों के मकान, चलने के लिए स्कोडा से लेकर थार तक...यह अंदाज किसी रईसजादे का नहीं, बल्कि गोंडा के बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात बाबू अनुपम पांडेय का है।जिले के तरबगंज विधानसभा से भाजपा विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने आरोप लगाया है कि फर्जी नियुक्तियों के जरिये उक्त बाबू करोड़पति बन बैठा है।

विधायक ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से किया है परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।बताते चलें कि विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने 7 मई 2025 को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को दो पेज का पत्र लिखा था।जिसमें उन्होंने गोंडा के बेसिक शिक्षा विभाग के लेखा लिपिक अनुपम पांडेय पर फर्जी नियुक्ति, पेंशन फर्जीवाड़ा, विदेश यात्रा के दौरान वेतन भुगतान, जालसाजी और लखनऊ से गोंडा तक आधा दर्जन से आधिक आलीशन मकान होने के आरोप लगाए हैं।

# अनुसंधान को संस्कृति के रूप में देखने की जरूरत: प्रो मुकुल शरद



**प्रयागराज** (उप्र), (भाषा) भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी-इलाहाबाद) के निदेशक प्रोफेसर मुकुल शरद सुतावने ने शुक्रवार को कहा कि अनुसंधान को केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक संस्कृति के रूप में देखा जाना चाहिए।

शोध फाउंडेशन द्वारा अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस संस्थान में आयोजित 'शोधशाला' नामक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला को शुक्रवार को संबोधित करते हुए सुतावने ने कहा कि मानवता के कल्याण को केंद्र में रखकर शोध किया जाना चाहिए।

मुख्य वक्ता के तौर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने कहा कि प्रयागराज में कुछ माह पूर्व आयोजित आध्यात्मिक महाकुंभ की भांति ही यह शोध कार्यशाला भी ज्ञान के मंथन का केंद्र बन रही है।

उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि आज भी भारत की कई कंपनियां नवाचार के बजाय केवल नकल कर रही हैं और अनुसंधान में उनका योगदान काफी कम है।

उन्होंने कहा ,'' गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के लिए जरूरी है कि हम संसाधनों के समुचित उपयोग के साथ मतभेदों से ऊपर उठकर कार्य करें।''

इस अवसर पर शोध फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक अर्जुन आनंद ने कहा कि आज भारत का शैक्षणिक तंत्र औपनिवेशिक मानसिकता से ग्रसित है तथा इससे बाहर निकलने के लिए आवश्यक है कि स्वयं से बदलाव की शुरुआत हो।

उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिनिधियों को शोध की सही दिशा और पद्धतियों से अवगत कराना है एवं शोध के लिए अकादमिक नेतृत्व तैयार करना है।

इस राष्ट्रीय कार्यशाला में भारत के सभी राज्यों से आए कुल 120 शोधार्थियों भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य अनुसंधान को अधिक प्रभावशाली बनाना, अकादमिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों के बीच समन्वय को सशक्त करना और युवा शोधार्थियों को नवीनतम शोध पद्धतियों एवं संसाधनों से परिचित कराना है।

# बिना मान्यता चल रहे स्कूल की जांच को पहुंचीं एबीएसए के साथ अभद्रता, आरोपी गिरफ्तार



बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे ने बताया कि आरोपी दबंग प्रबंधक के खिलाफ खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई जाएगी। विद्यालय में चल रही कक्षा 9 और 10 की अवैध कक्षा संचालित करने के मामले में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। जनपद के टूंडला विकासखंड क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे एक स्कूल की जांच करने पहुंची खंड शिक्षा अधिकारी के साथ स्कूल संचालक ने अभद्रता कर दी। खंड शिक्षा अधिकारी के साथ अभद्रता की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कूल प्रबंधन को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया।

फिरोजाबाद के बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे के मुताबिक जनपद में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों के खिलाफ शासन के दिशा निर्देश के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। अब तक 69 विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नोटिस दिया गया है जो स्कूल बिना मान्यता के संचालित हो रहे थे उनमें कुछ स्कूल बंद भी कराए गए हैं। टूंडला विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत रसूलाबाद क्षेत्र में एनएसडी पब्लिक इंटरमीडिएट स्कूल के नाम से एक विद्यालय चल रहा है इस विद्यालय में कक्षा आठ तक की मान्यता है जबकि इस विद्यालय में कक्षा 10 तक की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

कई बार जांच के दौरान जांच करने से पहले ही इस विद्यालय के प्रबंधक को सूचना पहुंचती थी और यह कक्षा 9 और 10 के छात्रों को वहां से हटा दिया करता था।

शुक्रवार की सुबह छापेमारी की गोपनीय टीम बनाकर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा एनएसडी इंटरमीडिएट स्कूल में जांच की गई तो इस विद्यालय में कक्षा 10 तक की कक्षाएं संचालित होते हुए मिली जबकि विद्यालय पर कक्षा 8 तक की ही मानता है। जांच के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन से मान्यता संबंधित दस्तावेज और रजिस्टर मांगे थे लेकिन विद्यालय प्रबंधक द्वारा जांच में सहयोग करने की वजह है खंड शिक्षा अधिकारी और उनकी टीम के साथ अभद्रता शुरू कर दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस से संपर्क किया गया। नगला सिंघी थाना पुलिस ने इस मामले में अभद्रता करने वाले को हिरासत में लिया गया है।

## लॉयर्स कॉलोनी विकसित करने के लिए सौंपा ज्ञापन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। शुक्रवार को जनपद में अधिवक्ता संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने समिति अध्यक्ष उमाकांत पचौरी एडवोकेट के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट से मुलाकात की । अधिवक्ताओं के निवास हेतु जनपद में लायर्स कॉलोनी विकसित करने एवं सदर तहसील में अधिवक्ताओं के बैठने हेतु मल्टी स्टोरी चैंबर बनाए जाने के साथ ही पार्किंग व्यवस्था किए जाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौपा।

अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि अधिवक्ताओं के निवास हेतु फिरोजाबाद जनपद में भी राजस्थान सरकार की तर्ज पर लॉयर्स कॉलोनी विकसित की जाए। अधिवक्ताओं के लिए एक अलग कॉलोनी बनाने से उन्हें न केवल रहने के लिए बेहतर स्थान मिलेगा, बल्कि इससे उनके पेशेवर जीवन में भी सुविधा होगी।

वर्तमान में फिरोजाबाद शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा जनपद में तमाम नई कालोनियां विकसित की जा रही हैं, इन्हीं में से किसी एक कॉलोनी को लॉयर्स कॉलोनी के रूप में विकसित किया जा सकता है। साथ ही कहा फिरोजाबाद सदर तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए कोई स्थाई या उचित स्थान नहीं है। गर्मी, सर्दी और बारिश के मौसम में अधिवक्ताओं को खुले में बैठना पड़ता है, जिससे उन्हें परेशानी होती है।

बरसात के मौसम में जल भराव के कारण भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सदर तहसील में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए मल्टी स्टोरी चैंबर बनाए जाने के साथ ही गाड़ियों के खड़े होने हेतु पार्किंग की व्यवस्था की जाएं। ज्ञापन देने वालों में ब्रह्म स्वरुप शर्मा, हरी बाबू यादव, रामकुमार मिश्र, देवेंद्र वशिष्ठ, हनुमत सिंह गोरख, तुरसन पाल वियोगी, श्याम सुंदर, सोनी, गजेंद्र सिंह बौद्ध, रामनरेश यादव, अवनीश दुबे आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की हुई मौत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । फिरोजाबाद। जनपद के थाना क्षेत्र मक्खनपुर के रूपसपुर चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने पैदल सड़क पार कर रहे किसान को टक्कर मार दी। हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर परिजन और पुलिस पहुंची। गंभीर हालत में आगरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां किसान की मौत हो गई। बताया गया कि गांव मोहिनीपुर निवासी 45 वर्षीय राधेश्याम किसान थे। उनके दो बेटे राहुल और वीरेंद्र हैं। वह किसी काम से शिकोहाबाद गए थे। वहां से वापस लौट रहे थे। तभी रूपसपुर चैराहे के पास किसी वाहन से उतरे और पैदल ही सड़क पार कर घर की तरफ जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग भागकर पहुंचे।

सूचना पर पुलिस और परिजन पहुंचे। हालत गंभीर होने पर आगरा के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष चमन शर्मा ने बताया कि रूपसपुर चैराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत हुई है। सीसीटीवी फुटेज से अज्ञात वाहन के चालक की पहचान की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### फिरोजाबाद लायंस क्लब फ्रेंड्स ने किया वृक्षारोपण



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । फिरोजाबाद। शुक्रवार को जनपद में शिव शक्ति वृद्ध आश्रम समिति द्वारा संचालित अपना घर आश्रम जलेसर रोड पर फिरोजाबाद लायंस क्लब फ्रेंड्स की अध्यक्षा रूपाली गर्ग के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। लायंस क्लब फ्रेंड्स के पूर्व गवर्नर विश्वदीप सिंह, अनिल गर्ग, रूपाली गर्ग, अंजलि गर्ग, संगीता वाधवा, सुनील वाधवा, मुकेश कुमार गुप्ता मामा, रवीश गुप्ता एवं महिला सदस्यों की उपस्थिति में अपना घर आश्रम के प्रांगण में अमरूद, अनार, अशोक, बेलपत्र और अन्य फलों के 50 वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया। अपना घर आश्रम के अध्यक्ष अनिल गर्ग, महासचिव मुकेश कुमार गुप्ता तथा अनिल लहरी ने सभी लायंस क्लब फ्रेंड्स के पदाधिकारी एवं सदस्यों का पट्टिका पहनाकर अभिनंदन और स्वागत किया।

### गौ सेवा आयोग के सदस्य ने किया गौशाला का निरीक्षण



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । फिरोजाबाद। शुक्रवार को जनपद में गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने ब्लाक नारखी के गांव कायथा का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने निरीक्षण के दौरान पाया कि गौवंशों की देखभाल में चारे और पानी की व्यवस्था नही मिली। गौशाला में रजिस्टर नहीं था। भूसा और हरा चारा न मिलने पर संचालक के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए। पानी की टंकियों की सफाई नही हुई थी। निरीक्षण के दौरान भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### सामौर बाबा धाम में पूरे वर्ष रहेगी धार्मिक- सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर। सिरसागंज । विधानसभा क्षेत्र सिरसागंज को मिली पर्यटन की अनोखी सौगात अब पूरे साल धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गुलजार होने वाली है। ग्राम करहरा के सामौर बाबा धाम पर प्रत्येक सोमवार को देश के सुविख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी। ये सिलसिला पूरे वर्ष चलेगा।

सिरसागंज के ग्राम करहरा में सुप्रसिद्ध सामौर बाबा धाम को यूपी सरकार ने धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया है। इसके बाद वहां श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसी को देखते हुए सरकार ने पर्यटक एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं में इजाफा करने का निर्णय लिया है। ट्रस्ट के पदाधिकारी अभय सिंह पिंटू, हाकिम सिंह कुशवाह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भगवान भोले शंकर की उपासना का विशेष पर्व सावन का महीना चल रहा है। इस वजह से श्रद्धालुओं की संख्या में और भी बढ़ोतरी हुई है। लोग दूर-दूर से आकर बाबा की दिव्य शक्ति का दर्शन और पूजन अर्चन कर रहे हैं। मनौती मांगने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है। ऐसे में प्रत्येक सोमवार के दिन विशेष कार्यक्रमों की शुरूआत की जा रही है, यह श्रृंखला पूरे वर्ष चलेगी।

### लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से मोबाइल बरामद



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने घटना होने के 05 घंटे के अन्दर 02 आरोपियों को लूटे गये मोबाइल, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, 02 अवैध तमंचा 12 बोर व 04 जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 17 जुलाई 2025 को दो अज्ञात बाइक सवारों ने पीड़ित से एक मोबाइल ओप्पो झपट्टा मारकर छीन ले गए थे। पीड़ित ने थाना पर मोटरसाइकिल पल्सर नम्बर यूपी 83 बीआर 6884 सवार दो व्यक्ति के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस द्वारा जाँच में शिवम पुत्र राजीव और हिमांशु पुत्र राकेश के नाम प्रकाश मे आये थे। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व मे थाना दक्षिण पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित शिवम पुत्र राजीव और हिमांशु पुत्र राकेश को बडी बाउन्ड्री लालऊ के पास खाली पडे मकान बिहारीपुर रोड से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 01 मोबाइल ओप्पो कम्पनी व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल पल्सर नम्बर वढ 83 इफ6884 व 02 अवैध तंमचा 12 बोर व 04 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा है।

## फिरोजाबाद में नहीं है खाद और डीएपी की कमी: जिलाधिकारी

● किसानों को मांग के अनुरूप दी जा रही डीएपी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



जिलाधिकारी रमेश रंजन के मुताबिक किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या अगर किसान की तरफ से आती है तो उसकी तत्काल प्रभाव से समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि जनपद में इस समय मिर्च और धान की फसल का काम शुरू हो चुका है इन फसलों के किसानों को किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं होने दी जाएगी उन्होंने मिर्च के बीच के कालाबाजारी पर भी संज्ञान लेते हुए कहां के जनपद में किसी भी प्रकार के फसलों के बीजों की कालाबाजारी नहीं होने दी जाएगी।

फिरोजाबाद। जनपद में खाद और डीएपी की कमी और किसानों को आ रही परेशानी को देखते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में टीमों का गठन कर सहकारी समितियां और खाद विक्रेताओं को किसानों को उनकी मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश दिए हैं। फिरोजाबाद के जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि जनपद में यूरिया और डीएपी की कमी नहीं है किसानों को सहकारी समितियों से उनकी आवश्यकता और खतौनी के अनुसार डीएपी और यूरिया का आवंटन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि किसानों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना गया और उसके बाद ही यूरिया डीएपी के आवंटन की प्रक्रिया तय की गई है। किसानों को सही और संतुलित मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता हो सके इसके लिए प्रशासन ने जिलाधिकारी के नेतृत्व में सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कर ली है। जिलाधिकारी ने बताया कि अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, सभी उपजिलाधिकारियों, सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा कुल 167 समितियों और निजी बिक्री केंद्रों की जाँच की गयी। निरीक्षण में बिक्री केंद्रों पर सामान्य रूप से बिक्री होती पायी गयी कही भी अव्यवस्था की स्थिति नही पायी गयी है। किसानों को जोतबही और फसल के अनुसार उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। समितियों जिनके सचिवों पर 2 समितियों का चार्ज है, वहां रोस्टर बना कर उर्वरक वितरण का कार्य कराया जा रहा है। सभी सचिवों और विक्रेताओं को जोतबही और संस्तुत मात्रा के अनुसार ही वितरण के निर्देश जारी किए गए हैं।जिलाधिकारी ने उन सचिवों पर कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए, जो समितियों पर अनुपस्थित पाए गए, जनपद मे खरीफ मे धान की रोपाई और बाजरा की बुबाई के लिए फास्फेटिक उर्वरकों की आवश्यकता होती है। जनपद मे मुख्य फसलों मे धान की फसल की रोपाई लगभग 70 प्रतिशत किसानों द्वारा पूर्ण कर ली गयी है। बाजरा की फसल की भी 60 प्रतिशत बुबाई पूर्ण हो चुकी है। उर्वरकों की जनपद मे कोई कमी नहीं है पिछले वर्ष खरीफ मे 16 जुलाई तक 10395 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण हुआ था जबकि इस वर्ष 16 जुलाई तक 12740 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण हुआ है। जनपद में 18697 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। पिछले वर्ष खरीफ मे 16 जुलाई तक 2370 मीट्रिक टन डीएपी का वितरण हुआ था जबकि इस वर्ष 16 जुलाई तक 3806 मीट्रिक टन डी ए पी का वितरण हुआ है। जनपद में 2990 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है।

## यंग स्कॉलर्स अकादमी साइबर सुरक्षित भारत विषय पर प्रतियोगिता हुई आयोजित



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । जनपद के तहसील क्षेत्र शिकोहाबाद के यंग स्कॉलर्स अकादमी में शुक्रवार को साइबर सुरक्षित भारत विषय पर आधारित राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला, पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के उपायों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी बौद्धिक प्रतिभा के माध्यम से चित्रों द्वारा यह संदेश दिया कि कैसे हम इंटरनेट और सोशल मीडिया के जरिये बढ़ते साइबर अपराधों से बच सकते हैं। विद्यार्थियों ने फिशिंग, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया फ्रॉड, डेटा चोरी जैसे मुद्दों को अपनी कला के माध्यम से बेहतरीन तरीके से दशार्या। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संदेशात्मक स्लोगन, रंगों की सुंदर छटा और सोच को जागरूकता के रूप में कागज पर उकेरकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के महत्व को समझने और दूसरों को जागरूक करने की शपथ भी दिलाई गई।

समस्त कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर संजीव आहूजा, निर्देशिका ईशा आहूजा की देखरेख में संपन्न हुआ।

## तिलक इंटर कॉलेज के छात्र ने हाथ से बनाकर भेंट किया सीओ सदर को उनका चित्र



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद।जनपद में एसपी सिटी कार्यालय के पास स्थिति तिलक इंटर कॉलेज के कक्षा 12 का छात्र आयुष शर्मा ने क्षेत्राधिकार सदर चंचल त्यागी का चित्र बनाकर उन्हें कार्यालय पर पहुंचकर भेंट किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता पंकज भारद्वाज ने बताया छात्र शुरू से ही बहुत ही आकर्षक चित्रकला बनता है। विज्ञान का छात्र होने के साथ-साथ इसकी चित्रकला में भी बहुत रूचि है। क्षेत्राधिकार सदर चंचल त्यागी ने भी छात्र को बहुत बधाई दी एवं छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा छात्र के इस चित्र से मैं काफी प्रभावित हूं, भविष्य में यह छात्र अपने विद्यालय एवं फिरोजाबाद का नाम रोशन करें। छात्र आयुष शर्मा ने कहा मुझे विद्यालय के गुरुओं के आशीर्वाद से चित्रकला बनाने की प्रेरणा मिली है। इस अवसर पर महिला शक्ति की मधुरिमा वशिष्ठ, सुनीता भारद्वाज ने क्षेत्राधिकार सदर चंचल त्यागी का स्वागत एवं सम्मान किया।

## शराब की दुकान के बाहर गंदगी मिलने पर होगा लाईसेंस निरस्त

● शराब की दुकान के बाहर गंदगी मिलने पर होगा लाईसेंस निरस्त

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।**

जसराना। कांवड़यात्रा को लेकर आबकारी विभाग एवं उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एसडीएम जसराना ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर आने वाली देशी, विदेशी एवं कंपोजिट शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद सेल्समेन से दुकान पर साफ सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया। इस दौरान कहा कि अगर शराब की दुकान पर भीड़ दिखाई दी तो दुकान का लाईसेंस निरस्त किया जाएगा। वहीं चेकिंग के दौरान एक खाद की दुकान के पीछे हिस्से में संदिग्ध सामान मिलने पर थाना पुलिस को जांच करने का निर्देश दिया।




आबकारी निरीक्षक भूपेश कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी निरीक्षक जसराना शेर सिंह के साथ एसडीएम जसराना राजेश कुमार शुक्ला कांवड़यात्रा मार्ग पर मौजूद शराब की दुकानों पर पहुंचे। इस दौरान क्यूआर कोड के माध्यम से शराब की गुणवत्ता को चेक करने के साथ ही स्टॉक का मिलान किया। एसडीएम ने दुकान की साफ-सफाई देखने के साथ ही सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। शराब की दुकानों पर मौजूद सेल्समैन एवं जिम्मेदार लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानों पर भीड़ किसी भी कीमत पर एकत्रित नहीं होने दी जाए। दुकान पर एवं उसके आसपास किसी को भी शराब पीने की अनुमति न दें। अगर किसी प्रकार का विवाद हुआ या फिर शिकायत मिली तो सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान एक निजी खाद की दुकान के अंदर अस्पताल जैसा सामान मिलने पर एसडीएम ने थाना प्रभारी को जांच के बाद रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कांवड़यात्रा को लेकर शराब की दुकानों के संचालकों एवं सेल्समैन को निर्देश दिए गए हैं। दुकानों के बाहर भीड़ मिलने पर लाईसेंस निरस्त करने की संस्तुति की जाएगी। एक दुकान के अंदर अस्पताल जैसा सामान मिलने पर जांच के निर्देश दिए हैं।

## 10 माह के शिशु की चिकित्सकों ने की सफल सर्जरी



● आठ घंटे की सर्जरी के बाद शिशु स्वस्थ होकर घर लौटा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

शिशु में विशेष देख रेख में रखा गया था। हमने हर पैरामीटर को बारी की से मॉनिटर किया था। शिशु अब सामान्य गतिविधियां कर रहा है। उसका भूख, वजन व विकास पूरी तरह ठीक है।

**-डॉ. सोनिया भट्ट(प्रमुख, बाल रोग विभाग)**

यह ऑपरेशन तकनीकी रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि छोटे बच्चे में इतने उच्च बिलि बिन के साथ लंबी सर्जरी करना जोखिम भरा होता है। हमारी पूरी टीम की मेहनत, समन्वय और निरंतर निगरानी ने इसे संभव बनाया गया। आज बच्चा स्वस्थ होकर अपने माता-पिता के साथ घर जा रहा है इससे बड़ी उपलब्धि कोई नहीं

**-डॉ. राहुल देव शर्मा(बाल शल्य चिकित्सक)**

टूंडला। एफएच मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 10 माह के शिशु की अत्यंत जटिल और सिस्ट की सर्जरी सफलता पूर्वक की गई। शिशु का कुल बायिल बिन स्तर 23 तक पहुंच गया था। वजन सात किलो ग्राम था। चिकित्सकों ने लगभग आठ घंटे तक चले ऑपरेशन को सफल किया। बाल शल्य चिकित्सक डॉ. राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में सर्जिकल एनेस्थीसिया और पीडियाट्रिक विशेषज्ञों की टीम ने एक सफलता पूर्ण शिशु का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के पश्चात शिशु अब पूरी तरह स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि शिशु को पीलिया, उल्टी, भूख न लगना और मल का रंग फीका पड़ने की शिकायत थी। शिशु के परिजन उसे अस्पताल लाए तो उसकी जांच कराई गई। शिशु की जांच में सिस्ट ( बाइल डक्ट में जन्मजात विकृति ) की पुष्टि हुई। जो समय से इलाज न मिलने पर बहुत ही भयानक समस्या बन सकती थी। जिसको चिकित्सीय टीम ने सफल बनाकर इतिहास रच दिया।

## जल्द-जल्द हो रही चोरियां, चोरों के हौंसले बुलंद



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। जनपद के थाना नारखी क्षेत्र के बछगांव चौकी के अंतर्गत खेरिया खुर्द में चोरों ने एक सफ्ताह में दूसरी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गुरुवार की रात्रि को करीब 9.30 बजे खेरिया खुर्द पर स्थित मां पीतांबरा खाद बीज भंडार के रखी बैंच का ताला तोड़कर उसे अपने साथ ले गए। घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकान मालिक अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज बैंच की चोरी हुई है कल किसी भी प्रकार की बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता है। इससे ऐसा लगता है कि चोरों के हौंसले बुलंद है उनको किसी भी प्रकार का कोई भय नहीं है। कुछ दिन पूर्व दुकान से 100 मीटर की दूरी पर मन्दिर से घंटा चोरी हुए था। लेकिन प्रशासन इतना अलर्ट होने के बाद भी घटनाओं का क्रम लगातार बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि सीसीटीवी कैमरे लगाने के बाद भी चोर घटना को अंजाम दे रहे हैं। थाना प्रभारी राकेश गिरी ने बताया है तहरीर मिल गई है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है उक्त लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके कार्यवाही की जाएगी।

# पूर्वी भारत के विकास के लिए विकसित बिहार जरूरी : प्रधानमंत्री मोदी



**मोतिहारी, (भाषा)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर करारा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि उसने नौकरियों के झूठे वादे करके गरीबों की जमीन हड़प ली। मोदी ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले की ओर इशारा करते हुए यह आरोप लगाया। साथ ही, उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत के विकास के लिए विकसित बिहार जरूरी है।

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मोतिहारी में प्रधानमंत्री ने नया नारा दिया, "बनाएंगे नया बिहार, फिर एक बार एनडीए सरकार।" उन्होंने कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल(राजद) गठबंधन पर गरीबों और सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के नाम पर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने "अतीत में राज्य की उपेक्षा" के लिए विपक्षी गठबंधन को जिम्मेदार ठहराया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने बिहार की धरती से 'ऑपरेशन सिंदूर' का संकल्प लिया था और दुनिया ने इसकी सफलता देखी है।

मोदी ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले की ओर इशारा करते हुए कहा, "राजद युवाओं को रोजगार देने के बारे में सोच भी नहीं सकता, क्योंकि उन्होंने (राजद नेताओं) नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके गरीबों की जमीन हड़प ली।" उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में राजद-कांग्रेस शासन के दौरान विकास कोसों दूर था।

प्रधानमंत्री ने कहा, "उन्होंने कभी गरीबों की भलाई के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने केवल गरीबों और सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के नाम पर राजनीति की।"

युवाओं के लिए और अधिक अवसरों का वादा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश भर में नौकरियां और रोजगार के अवसर मुहैया करने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। मोदी ने यह भी कहा कि पूर्वी भारत के समग्र विकास के लिए विकसित बिहार जरूरी है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य के समग्र विकास को लेकर प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा, "पिछले 45 दिन में, सरकार ने बिहार में 24,000 स्वयं सहायता समूहों के लिए 1,000 करोड़ रुपये जारी किए हैं। देश में कुल 1.5 करोड़ लखपति दीदियों में से 20 लाख राज्य में हैं।"

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, "चंपारण ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी के आंदोलन को एक नयी दिशा दी और अब हमें मोतिहारी को मुंबई की तरह विकसित करना है।"इससे पहले, प्रधानमंत्री ने पूर्वी चंपारण जिले में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। ये परियोजनाएं रेल, मत्स्य पालन और अन्य क्षेत्रों से संबंधित हैं।

# राजद ने गरीबों को नौकरी देने से पहले उनकी जमीन हड़प लीं: प्रधानमंत्री मोदी



**मोतिहारी, (भाषा)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राजद युवाओं को रोजगार देने के बारे में नहीं सोच सकती क्योंकि इसी पार्टी ने नौकरी देने से पहले गरीब लोगों की जमीन हड़प ली। उन्होंने कांग्रेस-राजद गठबंधन पर गरीबों और सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के नाम पर राजनीति करने का भी आरोप लगाया।

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मोतिहारी में प्रधानमंत्री ने नया नारा दिया, "बनाएंगे नया बिहार, फिर एक बार एनडीए सरकार।"ये सुनकर वहां मौजूद लोग नारे लगाने लगे और पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भर गया और भीड़ के बीच नारे गूंज उठे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने बिहार की धरती से ऑपरेशन सिंदूर का संकल्प लिया था और दुनिया ने इसकी सफलता देखी है। प्रधानमंत्री ने कहा, "राजद युवाओं को रोजगार देने के बारे में सोच भी नहीं सकती, क्योंकि उसने गरीबों को रोजगार देने से पहले उनकी जमीनें हड़प लीं।"

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में राजद-कांग्रेस शासन के दौरान विकास कोसों दूर हुआ करता था। प्रधानमंत्री ने कहा, "उन्होंने कभी गरीबों की भलाई के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने केवल गरीबों और सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के नाम पर राजनीति की।"युवाओं के लिए और अधिक अवसरों का वादा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश भर में नौकरियां और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

मोदी ने यह भी कहा कि पूर्वी भारत के समग्र विकास के लिए 'विकसित बिहार' जरूरी है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य के समग्र विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "पिछले 45 दिन में, सरकार ने बिहार में 24,000 स्वयं सहायता समूहों के लिए 1,000 करोड़ रुपये जारी किए हैं। देश में कुल 1.5 करोड़ 'लखपति दीदियों' में से 20 लाख राज्य में हैं।"

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, "चंपारण ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी के आंदोलन को एक नयी दिशा दी और अब हमें मोतिहारी को मुंबई की तरह विकसित करना है।"इससे पहले प्रधानमंत्री ने पूर्वी चंपारण जिले में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। ये परियोजनाएं रेल, मत्स्य पालन और अन्य क्षेत्रों से संबंधित हैं।

इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, कई केंद्रीय मंत्री और अन्य लोग उपस्थित थे।

# नीतीश ने बिहार का बार-बार दौरा करने के लिए मोदी को धन्यवाद दिया



**पटना,(भाषा)** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ₹लगभग हर महीने₹ राज्य का दौरा करने के लिए शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख कुमार ने यह टिप्पणी मोतिहारी शहर में की, जहां उन्होंने मोदी के साथ मंच साझा किया।

पूर्वी चंपारण जिले का मोदी का दौरा इस साल राज्य का छठा दौरा है। कुमार ने प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार द्वारा बिहार के लिए उठाए गए कदमों की सराहना भी की। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा, ₹मैं लगभग हर महीने राज्य के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने के लिए प्रधानमंत्री को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। यह बहुत बड़ी बात है।

उनके लिए तालियां बजाएं। यहां मौजूद सभी लोग कृपया खड़े हो जाएं। रैली में पांच लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी।

राजद-कांग्रेस गठबंधन का नाम लिए बिना नीतीश कुमार ने कहा, ₹बिहार में ईमानदारी से शासन तभी शुरू हुआ जब हम सत्ता में आए। इससे पहले जो लोग सत्ता में थे, वे धन को सही ढंग से खर्च भी नहीं कर पा रहे थे।

# प्रधानमंत्री मोदी की सलाह पर मुफ्त बिजली योजना की घोषणा की : नीतीश कुमार



**मोतिहारी, (भाषा)** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को यह कहा कि राज्य में 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह के अनुरूप लिया गया है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू)अध्यक्ष कुमार ने यह टिप्पणी पूर्वी चंपारण जिले के मुख्यालय मोतिहारी शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए की। इस जनसभा में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच साझा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की।

बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनाने वाले कुमार ने बृहस्पतिवार को राज्य में हर महीने 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने जनसभा में कहा, ''लोगों को अब बिजली के लिए कोई भुगतान नहीं करना होगा। सर (प्रधानमंत्री) के जाने के बाद, हम वापस (पटना में) आएंगे और आवश्यक मंजूरी देंगे। यही कारण है कि आज दिन में बाद में कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है।''

कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव जीतने और लगातार पांचवीं बार सत्ता में आने का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा, ''हम उनका बहुत सम्मान करते हैं और हम उनकी सलाह के अनुरूप काम कर रहे हैं।'' प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री कुमार के कई वर्षों में उतार-चढ़ाव वाले संबंध रहे हैं। प्रधानमंत्री ने नीतीश की टिप्पणी का हाथ जोड़कर जवाब दिया। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सैद्धांतिक रूप से मुफ्त की योजनाओं के खिलाफ रही है। हालांकि, उसकी इस घोषणा को राष्ट्रीय जनता दल (राजग) नीत विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस'(इंडिया गठबंधन) की ओर से सत्ता में आने पर '200 यूनिट मुफ्त बिजली'देने के वादे के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री और वित्त विभाग का कार्यभार संभाल रहे भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा, ''यह कोई मुफ्त की सुविधा नहीं है। यह 100 प्रतिशत सब्सिडी है, जो सरकार उपलब्ध कराएगी।''कुमार ने मोदी को ''लगभग हर महीने बिहार के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने के लिए समय निकालने'' के लिए धन्यवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री का मोतिहारी दौरा इस वर्ष राज्य का उनका छठा दौरा था और भाजपा की बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के अनुसार, 2014 में सत्ता संभालने के बाद से यह उनका 53वां दौरा था। कुमार ने प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार द्वारा बिहार के लिए उठाए गए कदमों की सराहना भी की।

उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं लगभग हर महीने राज्य के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने के लिए प्रधानमंत्री को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। यह बहुत बड़ी बात है। उनके लिए तालियां बजाएं। यहां मौजूद सभी लोग कृपया खड़े हो जाएं।''

# बिहार में राजद-कांग्रेस शासन के दौरान विकास कोसों दूर हुआ करता था : प्रधानमंत्री मोदी



**मोतिहारी, (भाषा)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद विपक्षी दलों राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके शासनकाल में विकास कोसों दूर हुआ करता था।

परियोजनाओं के उद्घाटन के बाद मोतिहारी में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद-कांग्रेस ने कभी बिहार के गरीब लोगों की भलाई के बारे में नहीं सोचा, उल्टे उनके शासनकाल में गरीब लोग गरीब ही रहे।

मोदी ने कहा कि पूर्वी भारत के समग्र विकास के लिए 'विकसित बिहार' जरूरी है और मोतिहारी को मुंबई की तरह विकसित बनाना होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चंपारण ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी के आंदोलन को नयी दिशा दी थी। उन्होंने कहा कि देश में कुल 1.5 करोड़ 'लखपति दीदियों' में से 20 लाख बिहार में हैं।

उन्होंने कहा कि देश में युवाओं को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार एक लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद युवाओं को रोजगार देने के बारे में सोच भी नहीं सकती और उसने नौकरी देने से पहले गरीबों की जमीन हड़प ली थी।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने पूर्वी चंपारण जिले में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। ये परियोजनाएं रेल, मत्स्य पालन और अन्य क्षेत्रों से संबंधित हैं। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, कई केंद्रीय मंत्री और अन्य लोग उपस्थित थे। चौधरी ने कहा कि जिला मुख्यालय मोतिहारी का प्रधानमंत्री का यह दौरा 2014 के बाद से उनका 53वां बिहार दौरा है।



## संक्षिप्त खबरें

### डूरंड कप के लिए जमशेदपुर में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश

**जमशेदपुर,(भाषा)** डूरंड कप आयोजन समिति ने जमशेदपुर में होने वाले सभी मैचों के लिए आम जनता के लिए शुक्रवार को मुफ्त प्रवेश की घोषणा की है। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के शुरुआती दिन के मैच के लिए कुल 22,500 सीटों के लिए मानार्थ पास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जेआरडी टाटा खेल परिसर स्टेडियम में खेले जाने वाले शुरुआती मैच के लिए 23 और 24 जुलाई को मुफ्त टिकट वितरित किए जाएंगे। यह वितरण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर होगा। विज्ञप्ति के मुताबिक, '' टिकटों के निष्पक्ष वितरण को सुनिश्चित करने के लिए प्रति व्यक्ति अधिकतम चार टिकट जारी किए जाएंगे।''स्थानीय स्कूलों और जेएसए लीग की सभी 41 टीमों के लिए भी मानार्थ टिकट आरक्षित किए गए हैं। स्टेडियम में डूरंड कप के दूसरे मैच से दर्शकों को प्रवेश के लिए किसी टिकट की आवश्यकता नहीं होगी। दर्शक गेट नंबर चार, पांच, छह और सात से मुफ्त में स्टेडियम में प्रवेश कर पायेंगे। जमशेदपुर में ग्रुप सी के लीग मैच खेले जाएंगे। इस ग्रुप में मेजबान जमशेदपुर एफसी, नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफसी, इंडियन आर्मी एफटी और 1 लद्दाख एफसी शामिल हैं। इस स्टेडियम में 17 अगस्त को टूर्नामेंट का तीसरा तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच खेला जायेगा। जमशेदपुर चरण के पहले मैच में जेएफसी 24 जुलाई को त्रिभुवन आर्मी एफसी से भिड़ेगा।

### भारत 'ए' हॉकी टीम यूरोपीय दौरे पर बेल्जियम से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम), (भाषा)** भारतीय 'ए' पुरुष हॉकी टीम को यहां यूरोपीय दौरे पर मेजबान बेल्जियम के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत 'ए' के लिए कप्तान संजय ने बृहस्पतिवार को हुए इस मैच का इकलौता गोल किया। बेल्जियम ने अपने तीनों गोल पहले क्वार्टर में ही दाग दिए थे। भारत ने शुरुआती क्वार्टर के बाद मैच में अच्छी वापसी करते हुए गेंद पर अधिक कब्जे के साथ बेल्जियम पर दबाव बनाये रखा। टीम ने इस दौरान गोल करने के कुछ अच्छे मौके बनाये लेकिन उसे एकमात्र सफलता आखिरी क्वार्टर में मिली। भारत 'ए' के कोच शिवेंद्र सिंह ने मैच के बाद कहा, '' हमने खराब शुरुआत होने के बावजूद, कुल मिलाकर अच्छा प्रदर्शन किया। हमारी टीम जल्दी पिछड़ने के बावजूद वापसी करने और दूसरे हाफ में मैच पर मजबूत पकड़ बनाने में सफल रही। हमने इस दौरान कई मौके बनाए, हमें उन मौकों को गोल में बदलने के मामले पर सुधार करना होगा।''भारतीय टीम अब शुक्रवार (18 जुलाई) और रविवार (20 जुलाई) को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी। शिवेंद्र ने कहा, '' हमें अब विश्व की नंबर एक टीम के खिलाफ खेलना है।

### ईस्ट बंगाल ने तीन विदेशी खिलाड़ियों से करार किया

**कोलकाता, (भाषा)** इंडियन सुपर लीग क्लब ईस्ट बंगाल ने शुक्रवार को ब्राजील के मिगुएल फिगुएरा, फलस्तीन के मोहम्मद राशिद और अर्जेंटीना के डिफेंडर केविन सिबिल के साथ करार की घोषणा की। लंबे कद के मिडफील्डर फिगुएरा बांग्लादेश के बशुंधरा किंग्स से जुड़े हुए थे जिसके साथ उनका कार्यकाल काफी सफल रहा जिसमें उन्होंने 2021-24 तक लगातार तीन बांग्लादेश प्रीमियर लीग खिताब और लगातार दो इंडिपेंडेंस कप (2022-24) जीते। बशुंधरा में शामिल होने से पहले वह ब्राजीलियाई सीरी बी क्लब गोइयास ईसी में थे जिसमें उन्होंने 64 मैच में 37 गोल दागे थे। राशिद ने अपने देश को पिछले साल एएफसी एशियाई कप के राउंड 16 में पहुंचाने में मदद की। वहीं सिबिल इससे पहले स्पेन के क्लब एसडी पोंफेराडिना से जुड़े हुए थे।

सरकार इसके लिए एक विस्तृत और व्यवस्थित योजना बना रही

# सरकार 2036 ओलंपिक की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को प्रतिमाह 50,000 रु दे रही



**नयी दिल्ली, (भाषा)** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां कहा कि सरकार 2036 के ओलंपिक की तैयारियों के तहत लगभग 3,000 खिलाड़ियों को प्रति माह 50,000 रुपये की सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए एक विस्तृत और व्यवस्थित योजना बना रही है।

शाह 21वें 'वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025' में भाग लेने वाले भारतीय दल के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीत और हार जीवन चक्र का हिस्सा है लेकिन जीत का लक्ष्य तय करना तथा जीत के लिए योजना बनाना हर किसी का 'स्वभाव' होना चाहिए। जीतना किसी आदत की तरह होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग जीतने की आदत विकसित करते हैं, वे हमेशा असाधारण प्रदर्शन करते हैं।

गृह मंत्री ने यह भी बताया कि मोदी सरकार खेल को हर गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था कर रही है। उन्होंने कहा कि हर खेल में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों का चयन और प्रशिक्षण वैज्ञानिक तरीके से किया जा रहा है।

शाह ने कहा, ''पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेल को बहुत महत्व दिया गया है। बजट में पांच गुना बढ़ोतरी की गई है। सरकार 2036 के ओलंपिक की भी तैयारी कर रही है जिसमें लगभग 3,000 खिलाड़ियों को प्रति माह 50,000 रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है और इसके लिए एक विस्तृत व्यवस्थित योजना बनाई जा रही है।''

शाह ने कहा कि हर पुलिस अधिकारी की दिनचर्या ऐसी होनी चाहिए कि उसकी दिन की शुरुआत परेड से हो और शाम खेल के साथ समाप्त हो। उन्होंने कहा, ''अगर सभी पुलिसकर्मी नियमित रूप से खेलने की आदत विकसित करते हैं तो इससे न केवल तनाव कम होगा बल्कि काम की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।'' गृह मंत्री ने कहा कि 'अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड' का हिस्सा बनने वाले सभी पुलिस बलों का लक्ष्य कम से कम तीन पदक जीतना होना चाहिए।

उन्होंने कहा, '' हम अगर इस लक्ष्य को हासिल कर लेते हैं, तो इस साल आपके द्वारा बनाया गया रिकॉर्ड 2029 में गुजरात में होने वाले 'वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स' में आपके द्वारा पार कर लिया जाएगा।''उन्होंने कहा कि 'वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025' में भाग लेने वाले पुलिस कर्मियों की सफलता का जश्न मनाया जाना चाहिए और देश की जनता को भी इसकी सटीक जानकारी मिलनी चाहिए।

शाह ने कहा कि 'वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2029' का आयोजन अहमदाबाद, गांधीनगर और केवड़िया में होगा।




### बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप : भारत ने श्रीलंका पर 110-69 से जीत के साथ अभियान की शुरुआत की

**सोलो (इंडोनेशिया), (भाषा)** भारत ने शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में ग्रुप डी के मुकाबले में श्रीलंका को 110-69 से हराकर सकारात्मक तरीके से अपना अभियान शुरु किया। विष्णु कोडे और रेशिका यू की मिश्रित युगल जोड़ी ने 'रिले प्वाइंट प्रणाली' में केनेथ अरुगोडा और इसुरी अट्टानायके पर 11-5 से जीत के साथ भारत की बढ़त की शुरुआत की। इस प्रणाली में एक टीम को मैच जीतने के लिए 110 अंक हासिल करने होते हैं। इसके बाद गायत्री और मनसा रावत बहनों की जोड़ी ने अट्टानायके और सिथुमी डिसिल्वा के खिलाफ भारत की बढ़त को 22-14 तक पहुंचाया और फिर जूनियर विश्व नंबर एक तन्वी शर्मा ने सिथुली रणसिंघे के खिलाफ शानदार शुरुआत करते हुए भारत का स्कोर 33-21 कर दिया। भारत का एक भी एकल खिलाड़ी या जोड़ी 11 अंक वाली रिले स्पर्धा में नहीं हारी।भारतीय टीम ने 55-31 की बढ़त को जारी रखते हुए अंत में मुकाबला जीत लिया। भारत अब शनिवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा जिसके बाद रविवार को उसका सामना हांगकांग चीन से होगा जिससे यह तय हो सकता है कि ग्रुप तालिका में शीर्ष पर कौन रहेगा। भारत ने मिश्रित टीम स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में कांस्य पदक जीतकर किया था। पिछले साल भारत क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से 2-3 से हारकर पदक से चूक गया था।

### लॉर्ड्स टेस्ट में अपनी जुझारू पारी के लिए भारत के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी बने जडेजा

**लंदन, (भाषा)** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की प्रशंसा करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में उनके प्रदर्शन को अविश्वसनीय जुझारूपन करार दिया जिसके लिए उन्हें टीम का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का तमगा भी दिया गया। जडेजा 181 गेंदों पर 61 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन उनकी इस शानदार पारी के बावजूद भारत तीसरे टेस्ट में 22 रन से हार गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर एक वीडियो जारी किया जिसमें गंभीर ने जडेजा की जमकर तारीफ की है। गंभीर ने 'द एमवीपी फीट रवींद्र जडेजा' शीर्षक वाले वीडियो में कहा, ''यह अविश्वसनीय जुझारूपन था।

इंटर काशी बना आई लीग चैंपियन

# खेल पंचाट ने एआईएफएफ अपील समिति के फैसले को खारिज किया



**नयी दिल्ली, (भाषा)** स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट (सीएएस) ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की अपील समिति के चर्चिल ब्रदर्स को आई लीग खिताब देने के फैसले को खारिज कर दिया जिसके बाद इंटर काशी को शुक्रवार को आई लीग चैंपियन घोषित किया गया।

एआईएफएफ ने गोवा के क्लब चर्चिल ब्रदर्स को आई लीग चैंपियन घोषित किया था और इसकी अपील समिति ने एक 'अयोग्य खिलाड़ी' को मैदान में उतारने से संबंधित मामले में इंटर काशी के खिलाफ फैसला सुनाया था। वाराणसी का यह क्लब अंक काटे जाने के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। लेकिन इंटर काशी की अपील पर खेल पंचाट ने एआईएफएफ से चर्चिल ब्रदर्स को 2024-25 सत्र का खिताब देने के अपने फैसले को पलटने को कहा है।

लुसाने स्थित खेल पंचाट ने अपने आदेश में कहा, ''एआईएफएफ को तुरंत इंटर काशी एफसी को आई लीग 2024-25 सत्र का विजेता घोषित करना चाहिए।''

इसमें कहा गया, ''अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की अपील समिति द्वारा 31 मई 2025 को जारी किए गए फैसले के खिलाफ इंटर काशी एफसी की चार जून 2025 को दायर अपील आंशिक रूप से बरकरार रखी जाती है।''खेल पंचाट ने कहा, ''अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की अपील समिति द्वारा 31 मई 2025 को जारी किए गए फैसले को रद्द किया जाता है।''

इंटर काशी ने इस तरह एआईएफएफ अपील समिति के फैसले के खिलाफ दूसरी अपील जीती है। पिछले महीने भी फैसला इंटर काशी के पक्ष में रहा था। इस तरह इंटर काशी ने देश की दूसरी श्रेणी की क्लब प्रतियोगिता में भाग लेने के अपने दूसरे ही सत्र में आई लीग का खिताब जीत लिया। टीम अपने पहले आई लीग सत्र 2023-24 में चौथे स्थान पर रही थी।

नियमों के अनुसार इंटर काशी को 2025-26 सत्र में शीर्ष स्तरीय इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में पदोन्नत किया जाएगा। हालांकि एआईएफएफ और आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) के बीच आठ दिसंबर को समाप्त होने वाले 'मास्टर राइट्स एग्रीमेंट' के नवीनीकरण के मुद्दे पर अनिश्चितता के कारण आईएसएल स्थगित कर दिया गया है। ऐसे ही 2022-23 और 2023-24 के आई लीग चैंपियन क्रमशः पंजाब एफसी और मोहम्मडन स्पोर्टिंग को आईएसएल में पदोन्नत किया गया था। खेल पंचाट ने अपने फैसले में एआईएफएफ से आई-लीग 2024-25 की अंक तालिका में संशोधन करके इंटर काशी को शीर्ष स्थान पर रखने को भी कहा।



कुछ लोग सोशल मीडिया पर फर्जी खाते बनाकर कांवड़ यात्रियों को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं और उन्हें आतंकी और उपद्रवी तक कहा जा रहा है।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.

नई दिल्ली, शनिवार 19 जुलाई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




दयाशंकर सिंह ने केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के मनकापुर कोट स्थित आवास पर पहुंचकर उनके स्वर्गीय पूज्य पिताश्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद स्व ल.आनंद सिंह के तेरहवीं संस्कार में सम्मिलित होकर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।




**परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, सड़क परिवहन, राजमार्ग व जहाजरानी मंत्री, नितिन गडकरी और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव की दिल्ली में हुई भेंटवार्ता**

## सड़कें हमारे राष्ट्र की धमनियाँ हैं और पर्यावरण उसकी प्राणवायु : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**नई दिल्ली, ऋषिकेश।** परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने भारत सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों, सड़क परिवहन, राजमार्ग और जहाजरानी मंत्री माननीय श्री नितिन गडकरी जी एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री माननीय श्री भूपेन्द्र यादव जी से दिल्ली में विशेष भेंटवार्ता हुई। यह भेंट सड़क विकास की योजनाओं, तीर्थाटन की सहजता, पर्यावरण की रक्षा और सतत, हरित व सुरक्षित भारत के निर्माण पर भी केंद्रित रही।

इस भेंटवार्ता में विशेष रूप से देहरादून से दिल्ली तक और नेपाली फार्म से तपोवन तक सड़क मार्गों को सुगम, सुरक्षित और आधुनिक बनाने पर चर्चा हुई। ये दोनों मार्ग, जो उत्तराखंड के पर्यटन और अध्यात्मिक यात्रा के प्रमुख रास्ते हैं, अब आगामी चार से लेकर एक वर्ष की समयावधि में नव रूप में तैयार किए जाने की योजना के विषयों पर भी चर्चा हुई।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि तीर्थ क्षेत्र एक स्थान नहीं, वह भाव है। जब तीर्थों तक की यात्रा सहज, सुगम और सुरक्षित होती है, तो श्रद्धालुओं का विश्वास और अनुभव दोनों और भी दिव्य हो जाते है।

हरिद्वार से ऋषिकेश के बीच मेट्रो सेवा प्रारम्भ करने की संभावना पर भी गहन चर्चा हुई। यह पहल तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सुविधा को बढ़ाएगी साथ ही पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। मेट्रो जैसे सार्वजनिक परिवहन से यातायात का दबाव घटेगा और वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि सड़कें हमारे राष्ट्र की धमनियाँ हैं और पर्यावरण उसकी प्राणवायु है। जब हम सड़कें बनाते हैं, तो हमें वृक्षारोपण और हरियाली को भी प्राथमिकता देनी होगी।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने माननीय श्री नितिन गडकरी जी के उस समर्पण और संकल्प का अभिनन्दन किया जिसके द्वारा उन्होंने देशभर में सड़कों का अभूतपूर्व जाल बिछाया है। स्वामी जी ने कहा, पहले लोग हनुमान चालीसा पढ़ते थे, आज पूरा विश्व हिन्दुस्तान चालीसा पढ़ रहा है। पहले लोग यात्रा के दौरान टूटी-फूटी सड़कों पर यात्रा व प्रवास करते हुये हनुमान चालीसा पढ़ते थे परन्तु अब पूरा विश्व हिन्दुस्तान चालीसा पढ़ रहा है क्योंकि सड़के, इतनी सुन्दर व विशाल है बन गयी है और ये सब भारत के ऊर्जावान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में श्री नितिन गड़करी जी को जाता है। भारत की गति, भारत की सड़कें, भारत की संस्कृति, सब वैश्विक मंचों पर सम्मान पा रही हैं।इसी दौरान, स्वामी जी और पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव जी ने 'एक पेड़ माँ के नाम और एक पेड़ धरती माँ के नाम' का संकल्प कराते हुये कहा कि यह पहल केवल वृक्ष लगाने का अभियान नहीं, बल्कि भावनात्मक और पर्यावरणीय पुनर्जागरण का संदेश भी है।

## विश्व हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक संपन्न, संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक चाणक्यपुरी स्थित अशोका होटल नई दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू महासंघ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनय प्रताप सिंह, महासचिव सत्य बाबू, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता, सतपाल सिंह (रेल मंत्रालय) डॉ. चक्षु बसंल, एम.पी. वर्मा, अनुराग अग्रवाल समाजसेवी (फर्रुखाबाद) आशीष भारद्वाज, हुकम सिंह और वरुण शर्मा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित सदस्यों ने देश के लोकप्रिय समाजसेवी सत्य बाबू को साउथ एशिया पैरालंपिक फेडरेशन का अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी। इसके पश्चात संगठन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए संगठन के विस्तार को मूर्तरूप देने एवं राज्यो और राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार और हिंदू एकता को और अधिक मजबूत करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की विचारधारा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे ले जाने के लिए संगठनात्मक ढांचा मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने सभी राज्यों में कार्यसमितियों के गठन,तथा सघन सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को संगठन में जोड़ने और संतों व धार्मिक गुरुओं को संरक्षक के रूप में संगठन से जोड़ कर इसे और अधिक प्रभावी बनाए जाने की महती आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि देश-विदेश में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन डॉ. चक्षु बंसल के नेतृत्व में किया जाने का महत्वपूर्ण फैसला किया गया।

## शिव आराधना का आयोजन श्रावण मास की महत्ता को रेखांकित करता है



**नई दिल्ली,** श्रावण मास के पवित्र अवसर पर दिल्ली स्थित हरिधाम आश्रम में भगवान शिव की दिव्य आराधना अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हो रही है। परम पूज्य, नित्य स्मरणीय, आनंद पीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी बालकानंद गिरि जी महाराज के पावन सान्निध्य में यह आयोजन एक अनुपम आध्यात्मिक अनुभव में परिवर्तित हो गया है।

हरिधाम आश्रम के श्री हरिधामेश्वर महादेव मंदिर का संपूर्ण परिसर वेदमंत्रों की ध्वनि, श्री रुद्राष्टाध्यायी के अनवरत पाठ तथा पार्थिव शिवलिंग पूजन की सुगंध से अनुप्राणित हो उठा है। इस वर्ष आयोजित महाअनुष्ठान में 1,25,000 पार्थिव शिवलिंगों का पूजन, रुद्राभिषेक और षोडशोपचार अर्चन निरंतर संपन्न हो रहे हैं।यह दिव्य कार्य गुरुदेव श्री स्वामी बालकानंद गिरि जी महाराज के मार्गदर्शन में विश्व कल्याण, शांति और शिव भक्ति की भावना से प्रेरित होकर संपन्न किया जा रहा है।

श्रद्धालुओं के लिए यह अवसर भगवान शिव के चरणों में समर्पण, आत्मशुद्धि व आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने का माध्यम बन गया है। आज के आयोजन में अनन्त श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी गुरु दीदी माँ मंजू श्री जी, रवीश शर्मा (ईश्वर मार्बल्स), श्रीमती मंजू शर्मा , हिमांशु शर्मा (दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल), श्रीमती सृष्टि शर्मा , श्रेयांशी शर्मा , वशिष्ठ , हर्ष शर्मा एवं प्रमोद जिंदल सहित कई संन्यासीगण व श्रद्धालु उपस्थित रहे। हरिधाम आश्रम में शिव आराधना का यह भव्य आयोजन न केवल श्रावण मास की महत्ता को रेखांकित करता है, बल्कि यह समाज में सात्विकता, सेवा, और अध्यात्म के प्रसार का माध्यम बन रहा है।

## भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद : अखिलेश यादव

लखनऊ, (भाषा) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद हो चुकी हैं।

सपा मुख्यालय की ओर से जारी एक बयान में यादव ने कहा कि गरीबों, मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है और मरीजों को दर-दर भटकना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा कर दी है कि इलाज के अभाव में लोगों की जान जा रही है तथा इस मोर्चे पर भाजपा "रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड" बनाती जा रही है। यादव ने दावा किया, "मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में मानक के अनुरूप सुविधाएं नहीं हैं। सरकार मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों को पर्याप्त बजट और संसाधन नहीं देती है, मरीजों को एम्बुलेंस तक नहीं मिल पाती है।"

यादव ने सपा सरकार में उपलब्ध कराई गयी सुविधाओं और संसाधनों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने मरीजों को इलाज और सुविधा के लिए लोहिया संस्थान, कैंसर संस्थान जैसे बड़े-बड़े अस्पताल बनवाएं तथा केजीएमयू और पीजीआई जैसे संस्थाओं में अनेक सुविधाएं बढ़ायी थी।

## सोशल मीडिया पर कांवड़ियों को बदनाम करने के प्रयास किए जा रहे: योगी आदित्यनाथ



**वाराणसी** (उप्र), (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ियों को लेकर पिछले दिनों हुई घटनाओं के संदर्भ में उनका पुरजोर बचाव करते हुए शुक्रवार को कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर फर्जी खाते बनाकर कांवड़ यात्रियों को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं और उन्हें आतंकी और उपद्रवी तक कहा जा रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, "लेकिन यहां 'मीडिया ट्रायल' होता है। कांवड़ियों को बदनाम किया जाता है और खूब उसके बारे में लिखा जाता है। उन्हें उपद्रवी और आतंकवादी तक बोलने का दुस्साहस किया जाता है। यह वह मानसिकता है जो भारत की हर प्रकार की विरासत को अपमानित करना चाहती है।"

उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं जिन्होंने जनजातीय समुदाय को भारत से अलग करने का प्रयास किया, उन्हें भड़काने का काम किया है तथा उन्हें भारत के खिलाफ संघर्ष करने के लिए उकसाने का हर स्तर पर षड़यंत्र किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वही समुदाय है जो भारत की आस्था का सदैव अपमान करता है और यही लोग सोशल मीडिया मंच पर फर्जी अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष की स्थिति पैदा करना चाहते हैं।

उन्होंने तीन वर्ष पहले की एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा, "एक जगह आगजनी की घटना हुई। मैंने कहा कि इस घटना की प्रकृति दिखाती है कि इस समुदाय ने यह घटना नहीं की होगी। मैंने पुलिस से पूरा वीडियो फुटेज निकालने को कहा। फुटेज में सामने आया कि आगजनी करने वाला एक व्यक्ति केसरिया गमछा बांधे हुए था और आगजनी करते समय अचानक उसका गमछा निकला और उसके मुंह से निकल पड़ा या अल्लाह।"

मैंने कहा, "हिंदुओं को बदनाम करने के लिए किस शरारत के तहत केसरिया गमछा बांधकर एक व्यवस्था को अपमानित किया जा रहा है। यह घटना दिखाती है कि ये कौन लोग हैं जो फर्जी अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष की स्थिति पैदा करना चाहते हैं।" उन्होंने कहा कि यह सावन का महीना है तथा इससे ठीक पहले मोहर्रम का आयोजन हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा, "हमने एक व्यवस्था बनाई और कहा कि ताजिया की ऊंचाई इससे अधिक नहीं रखना। अधिक ऊंचाई रहने पर आप पेड़ की टहनियां काटने, किसी के मकान का बारजा हटाने, हाईटेंशन तार हटाने की मांग करेंगे।"

मुख्यमंत्री ने कहा, "एक आयोजन के लिए हम हाईटेंशन तार, घर का बारजा नहीं हटा सकते और 40-50 वर्ष में तैयार होने वाले वृक्ष की टहनियां नहीं काट सकते। एक बड़े तबके लिए बिजली का तार हटाकर बिजली आपूर्ति बाधित करना उनके साथ अन्याय है जो बिजली के बिल का भुगतान कर रहे हैं।"

उन्होंने कहा, "जौनपुर में उन्होंने (मुसलमानों ने) एक बड़ा ताजिया उठाया और हाईटेंशन की चपेट में आने से तीन लोग मर गए। बाद में उन्होंने रास्ता जाम किया। पुलिस ने पूछा क्या करें, मैंने कहा कि मारकर बाहर करो इनको क्योंकि ये लातों के भूत हैं, बातों से नहीं मानेंगे। इन्होंने कहने के बावजूद ताजिये की ऊंचाई बढ़ाई जिससे ये तार की चपेट में आए।"

मुख्यमंत्री ने कहा, "उत्तर प्रदेश में हमने मोहर्रम के लिए यह व्यवस्था बनाई है कि आप अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं करेंगे। पहले मोहर्रम का हर जुलूस उत्पात, आगजनी, तोड़फोड़ का कारण बनता था और बहन-बेटियां सड़कों पर नहीं निकल पाती थीं।"

## विश्व युवक केंद्र एवं डालमिया भारत फाउंडेशन द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस 2025 का भव्य आयोजन!

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





**नई दिल्ली।** विश्व युवा कौशल दिवस 2025 के अवसर पर विश्व युवक केंद्र (Vishwa Yuvak Kendra) एवं डालमिया भारत फाउंडेशन (Dalmia Bharat Foundation) ने संयुक्त रूप से "एआई और डिजिटल स्किल्स के माध्यम से युवा सशक्तिकरण" विषय पर एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन चाणक्यपुरी, नई दिल्ली स्थित विश्व युवक केंद्र परिसर में किया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. विनीता अग्रवाल (आईईएस, सेवानिवृत्त), कार्यकारी सदस्य, एनसीवीईटी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कौशल विकास में उभरती तकनीकों और डिजिटल टूल्स को समाहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, National Skill Development Corporation (NSDC) के उपाध्यक्ष डॉ. ऋषिकेश पाटनकर ने अपने संबोधन में बताया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म आज के युवाओं को नए अवसर प्रदान कर रहे हैं और उन्हें सशक्त बना रहे हैं।

डालमिया भारत फाउंडेशन के सीईओ अशोक कुमार गुप्ता (आईएएस, सेवानिवृत्त) ने अपने विशेष संबोधन में 'DIKSHa' जैसे नवाचारों का उल्लेख करते हुए आशा जताई कि VYK और DBF की यह साझेदारी सामाजिक विकास के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कोलैबोरेशन एवं नेटवर्किंग के महत्व पर जोड़ दिया।

कार्यक्रम की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विश्व युवक केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय शंकर सिंह ने युवाओं को उभरती डिजिटल चुनौतियों के लिए तैयार करने के महत्त्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति के इस युग में केवल डिग्री नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल और डिजिटल दक्षता ही युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख बना सकती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह सेमिनार सिर्फ ज्ञान साझा करने का मंच नहीं, बल्कि एक साझा प्रयास है — युवाओं को नवाचार, तकनीक और नैतिक मूल्यों से युक्त भविष्य की ओर अग्रसर करने का।

इस अवसर पर VYK और DBF के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए, जो दोनों संस्थाओं के युवाओं को कौशल और नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की साझा दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है ।

सेमिनार में आयोजित पैनल चर्चा – "From Innovation to Impact: AI, CSR और Collaboration for Next-Gen Skills" में विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। सर्वेश कुमार, डीजीएम, डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन (MeitY) ने बताया कि कैसे तकनीक और डिजिटल मंच ग्रामीण और शहरी युवाओं को एक समान अवसर प्रदान कर रहे हैं।

वहीं, देबकुमार दासगुप्ता, विषय विशेषज्ञ, ASDC एवं रणनीति सलाहकार, रेड कार्पेट लर्निंग इंस्टिट्यूट ने सीएसआर के माध्यम से डिजिटल स्किल ट्रेनिंग में निवेश की महत्ता बताई सारंग गंगन, संस्थापक व सीईओ, कुरियस लर्निंग लैब्स ने बताया कि कैसे सरकारी, निजी और सामाजिक संस्थाओं के सामूहिक प्रयास से वंचित वर्गों तक भी कौशल पहुंच सकता है। डॉ. अनिल सैनी, सहायक प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय ने एआई के नैतिक उपयोग और डिजिटल अधिकारों की जानकारी को आवश्यक बताया। इस सत्र का संचालन सुश्री सुधा झीझरिया, प्रमुख, सीएसआर (BHB PAN India), अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज़ेस लिमिटेड ने प्रभावशाली रूप से किया।"Talk with Inspiring Entrepreneurs" नामक सत्र में युवा उद्यमियों ने अपने संघर्ष और सफलता की प्रेरणादायक कहानियाँ साझा की।

गुरप्रीत सिंह, एक ग्रामीण युवा, ने बताया कि कैसे DIKSHa केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर वे कुशल इलेक्ट्रिशियन बने और अब आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं।पूनम देवी ने DIKSHa के ज़रिए आईटी व जीवन कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बनने की अपनी यात्रा साझा की।

मेजर संकृति चौधरी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि स्किलिंग प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, और BVG इंडिया लिमिटेड द्वारा पूर्वोत्तर भारत में रोजगार सृजन के प्रयासों को रेखांकित किया।कार्यक्रम का समापन एक ज्ञानवर्धक Valedictory Session के साथ हुआ, जिसमें ASDC के सीईओ अरिंदम लाहिरी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने युवाओं के जीवन में कौशल के महत्व को रेखांकित करते हुए एआई के विवेकपूर्ण एवं नैतिक उपयोग पर बल दिया।

इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता, सीईओ, DBF ने कहा कि बदलते दौर के साथ निरंतर स्किल अपग्रेडेशन अत्यंत आवश्यक है और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षण केंद्रों को उन्नत करना समय की मांग है। विश्व युवा केंद्र के सीईओ, उदय शंकर सिंह ने सभी से अपील की कि युवा सशक्तिकरण के लिए नवाचार, तकनीक और सहभागिता को साथ लेकर चलना आवश्यक है।

कार्यक्रम संजय बी. कुमार एवं रणवीर सिंह के साथ साथ अवनीत सिंह, पुष्पहास अग्रवाल सहित दोनों संस्थानों के प्रतिनिधि, सीएसआर विशेषज्ञ, एनजीओ प्रतिनिधि और सरकारी अधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।